**धर्मोयमव नान्योस्ति यदाज्ञाकरणं प्रभोः । तुशब्देनान्यथा धर्मः पुष्टिस्थेषु विलोक्यते,**
**तदाज्ञालोपमानादि तद्धरेर्धर्मवेशनात् । तथैवात्रापि विज्ञेयं न, धर्मोयमितीरितम् ।**

सेवकस्य શબ્દથી તાત્પર્ય છે - હરિની સેવા કરવાવાળા પુષ્ટિમાર્ગના અનુયાયી. धर्मोयमेव શબ્દથી તાત્પર્ય છે-પ્રભુની આજ્ઞાનું પાલન કરવા સિવાય પુષ્ટિમાર્ગીયો માટે બીજો કોઈ પણ ધર્મ નથી. પરંતુ અહીં એક સંદેહ આ થાય છે કે વ્રજભક્તો (પુષ્ટિસ્થ) માં તો સેવક-ધર્મથી વિપરિત જઈને ભગવદ્-આજ્ઞાનું ઉલ્લંઘન કરવું, ભગવાનથી રીસાઈ જવું વગેરે બીજા-ધર્મ પણ જોવા મળે છે તો શું અહીં પણ એમ જ કરવું? આચાર્યચરણ આજ્ઞા કરે છે-નહીં. સેવકનો ધર્મ તો સ્વામીની આજ્ઞાનું પાલન કરવું જ છે. આપશ્રીનું આ તાત્પર્ય 'तु' શબ્દથી જાણવા મળે છે.

**सेवकस्य** शब्द से तात्पर्य है - हरि की सेवा करने वाले पुष्टिमार्ग के अनुयायी। **धर्मोयमेव** शब्द से तात्पर्य है - प्रभु की आज्ञा का पालन करने के अतिरिक्त पुष्टिमार्गीयों के लिए अन्य दूसरा कोई भी धर्म नहीं है। परंतु यहाँ एक संदेह यह होता है कि व्रजभक्तों (पुष्टिस्थ) में तो सेवक-धर्म के विपरीत जाकर भगवद्-आज्ञा का उल्लंघन करना, भगवान से रूठ जाना इत्यादि अन्यथा-धर्म भी देखे जाते हैं, तो क्या यहाँ भी ऐसा ही कर लें ? आचार्यचरण आज्ञा करते हैं, नहीं। सेवक का धर्म तो स्वामी की आज्ञा का पालन करना ही है। आपश्री का यह तात्पर्य 'तु' शब्द से ज्ञात होता है।

**अत एवार्जुनेनोक्तं 'करिष्ये वचनं तव' ।**

આ કારણથી અર્જુને પણ ભગવદ્-ગીતામાં ''મારા બધા સંશય દૂર થઈ ગયા છે અને હવે હું આપની આજ્ઞાનું પાલન કરીશ. (ભ.ગી.૧૮/૭૩)'' એમ કહ્યું છે.

इसी कारण अर्जुन ने भी भगवद्-गीता में ''मेरे सारे संशय दूर हो गये हैं और अब मैं आपकी आज्ञा का पालन करूँगा (भ०गी०१८/७३)'' यह कहा है।

**न चायमीदृशो धर्मः सन्दिग्धफलसाधकः ॥**
**यत आज्ञाभिधं धर्मं हरिः स्वीयं करिष्यति । 'अहं त्वा सर्वपापेभ्य' इत्युक्तं हरिणा यतः ।**

આ પ્રકારે ભગવદ્-આજ્ઞાનું પાલન કરવાથી ફલસિદ્ધિ થવામાં સંશય ન રાખો કેમકે આજ્ઞાપાલન કરવાવાળા સ્વીયજનોના સમસ્ત કાર્ય સ્વયં હરિ સંપન્ન કરે છે. આ જ ભગવાને ભગવદ્-ગીતામાં ''હું તને સમસ્ત પાપોથી મુક્ત કરી દઈશ, શોક નહીં કર (ભ.ગી.૧૮/૬૬)'' આ વાક્ય દ્વારા કહ્યું છે.

इस प्रकार भगवद्-आज्ञा का पालन करने से फलसिद्धि होने में संशय मत रखिए क्योंकि आज्ञापालन करने वाले स्वीयजनों के समस्त कार्य स्वयं हरि संपन्न करते हैं। यही भगवान ने भगवद्-गीता में ''मैं तुझे समस्त पापों से मुक्त कर दूँगा, शोक मत कर (भ०गी०१८/६६)'' इस वाक्य द्वारा कही है।

**अन्ये सर्वेपि ये धर्मास्ते विभूतिपराः कृताः । फलदानं विभूतिभ्यस्तेषु सर्वत्र निश्चितम् ।**

ભગવાન શ્રીકૃષ્ણની સેવાથી અતિરિક્ત બીજા જે પણ ધર્મો છે એ એમની વિભૂતિઓના ધર્મ છે અને આ નિશ્ચિત છે કે એ ધર્મોમાં ફલદાન પણ વિભૂતિઓ જ કરે છે.

भगवान-श्रीकृष्ण की सेवा के अतिरिक्त अन्य दूसरे जो भी धर्म हैं, वह उनकी विभूतियों के धर्म हैं और यह निश्चित् है कि उन धर्मों में फलदान भी विभूति ही करते हैं।

**ईदृग् धर्मपरित्यागं स्वस्मिन्नाहुर्मनः प्रति। पश्चात्तापोप्यतो योग्यः सर्वथेति निरूपितम् ।**

એથી જ્યારે આચાર્યચરણોએ ભગવદ્-આજ્ઞા નહોતી માની, તો એમના મનમાં પશ્ચાતાપ થવું પણ યોગ્ય જ છે.

अतः जब आचार्यचरणों ने भगवद्-आज्ञा नहीं मानी, तो उन्हें अपने मन में पश्चात्ताप होना भी योग्य ही है।

**तदेवाहुर्निजाचार्या महामाज्ञात्रयं हरिः ※ अदात्, तत्र स्थलं पूर्वाज्ञायां च तन्निरूपितम् ॥**

**यत्र देहपरित्यागः कर्त्तव्य इति सोऽब्रवीत् ।**

એ જ આચાર્યચરણ કહી રહ્યા છે કે મને હરિએ ત્રણ આજ્ઞાઓ આપી અને કયાં આપી; તે સ્થળ પણ પહેલાની આજ્ઞામાં તેમણે બતાવ્યું કે જ્યાં દેહપરિત્યાગની આજ્ઞા થઈ.

वही आचार्यचरण कह रहे हैं कि, मुझे हरि ने तीन आज्ञाएँ दीं और कहाँ दी; वह स्थल भी पहले की आज्ञा में उन्होंने बताया कि जहाँ देहपरित्याग की आज्ञा हुई।

**तत्र बीजं तु सान्निध्याद्वह्वेर्भावात्मकस्य हि ॥**

**साक्षात्तद्भावसम्बन्धो विना मार्गोपदेशनम् । ततः स्वरुपप्राकट्यं पुष्टिमार्गस्थितप्रभोः ।**

ભગવાન દ્વારા દેહપરિત્યાગની આજ્ઞા આપવાનું કારણ તો એ જ હતું કે હૃદયમાં પ્રભુને માટે વિપ્રયોગતાપ ઉત્પન્ન થયા વગર આચાર્યચરણોનું સમસ્ત જીવોને માર્ગનો ઉપદેશ કરવો પ્રભુને સ્વીકાર્ય નહોતું. આવુ કરવાથી પુષ્ટિમાર્ગસ્થિત પ્રભુનું સ્વરૂપ બધાની સમક્ષ પ્રકટ થઈ જાત.....

भगवान द्वारा देहपरित्याग की आज्ञा देने का कारण तो यही था कि हृदय में प्रभु के लिए विप्रयोग-ताप उत्पन्न हुए बिना आचार्यचरणों द्वारा समस्त जीवों को मार्ग का उपदेश करना प्रभु को स्वीकार्य नहीं था। ऐसा करने से पुष्टिमार्गस्थित प्रभु का स्वरूप सभी के समक्ष प्रकट हो जाता .....

**※ ज्ञानं च नाभिलषितं गूढभावस्य वै हरेः । सर्वत्र सर्वजीवानां ※ तेनैवं प्रभुरुक्तवान् ॥**

અને સર્વત્ર સમસ્ત જીવોને હરિના ગૂઢભાવનું જ્ઞાન થઈ જાય આ પ્રભુને અભિલષિત નહોતું. આ કારણે એમણે આચાર્યચરણોને દેહત્યાગની આજ્ઞા કરી.

और सर्वत्र समस्त जीवों को हरि के गूढ़ भाव का ज्ञान हो जाय, यह प्रभु को अभिलषित नहीं था। इस कारण उन्होंने आचार्यचरणों को देहत्याग की आज्ञा की।

**ततः प्राकृतवत्कृत्या गार्हस्थ्यादौ विमोहनम् । सम्पाद्य स्वीयसान्निध्यं भक्तानामेव कारितम् ॥**

**उपदेशनमारब्धमाचार्यैः पुष्टिमार्गगम् ।**

આના પછી આચાર્યચરણોએ ગૃહસ્થાશ્રમનો ત્યાગ કરીને પોતાના નિજભક્તોને જ એમનું સાન્નિધ્ય પ્રધાન કર્યું અને પુષ્ટિમાર્ગનો ઉપદેશ કરવો આરંભ કર્યો.

इसके पश्चात् आचार्यचरणों ने गृहस्थाश्रम का त्याग करके अपने निजभक्तों को ही अपना सान्निध्य प्रदान किया एवं पुष्टिमार्ग का उपदेश करना आरंभ किया।

**तता मधुवन सर्वा गूढलीला प्रकाशिता ॥**

**उपदेशेन भक्तेभ्योऽनभीष्टं तदपि प्रभोः । लीलाधारत्वतः स्वस्य तद्वारैव प्रकाशनात् ।**

એના પછી આચાર્યચરણોએ ઉપદેશ દ્વારા પોતાના ભક્તોને મધુવનમાં પ્રભુની સમસ્ત ગૂઢલીલાઓને પ્રકાશિત કરી પરંતુ પ્રભુને તે ગૂઢલીલાઓને પ્રકાશિત કરવાની ઈચ્છા નહોતી કેમકે એ લીલાઓના આધાર તો સ્વયં પ્રભુ જ છે અને પ્રભુ સ્વયં પોતાના દ્વારા જ

---

※ अदात्तत्र फलं पूर्वाज्ञायां तत्र निरूपितम् । इति पाठः ।

પોતાની લીલાઓને પ્રકાશિત કરવાનું ઈચ્છતા હતા.
इसके पश्चात् आचार्यचरणों ने उपदेश द्वारा अपने भक्तों के लिए मधुवन में प्रभु की समस्त गूढ़लीलाओं को प्रकाशित किया परंतु प्रभु को उन गूढ़लीलाओं को भी प्रकाशित करना अभीष्ट नहीं था। क्योंकि उन लीलाओं के आधार तो स्वयं प्रभु ही हैं और प्रभु स्वयं अपने द्वारा ही अपनी लीलाओं को प्रकाशित करना चाहते थे।

**तद्द्वयं न कृतं कृष्णाऽऽज्ञाया रसविशेषत: । श्रीभागवतगूढार्थप्रकटीकरणात्तथा ॥**
**लीलास्थलदृगासक्तेर्न भयं प्रौढितो रते: ।**

આચાર્યચરણોએ આ બન્ને આજ્ઞાઓનું પાલન નહીં કર્યું કેમકે શ્રીકૃષ્ણની આજ્ઞા રસવિશેષ હતી, આપશ્રીને શ્રીભાગવતનો ગૂઢાર્થ પ્રકટ કરવો હતો અને સાથે સાથે એમને ભગવાનના લીલાસ્થલની આસક્તિ પોતાની પાસે ખેંચી રહી હતી અને આ જ પ્રૌઢ-રતિને કારણ પ્રભુ-આજ્ઞાનું ઉલ્લંઘન કરવામાં એમને ભય ન લાગ્યો.
आचार्यचरणों ने इन दोनों आज्ञाओं का पालन नहीं किया क्योंकि श्रीकृष्ण की आज्ञा रसविशेष थी, आपश्री को श्रीभागवत का गूढ़ार्थ प्रकट करना था और साथ ही साथ उन्हें भगवान के लीलास्थल की आसक्ति अपनी ओर खींच रही थी और इसी प्रौढ़ि-रति के कारण प्रभु-आज्ञा फेर देने में उन्हें भय न लगा।

**तुशब्देनाधुना नैव तादृगाज्ञां ददाति हि ।**

'तु' શબ્દથી જણાય છે કે, હવે ત્રીજી આજ્ઞા અર્થાત્ સંન્યાસગ્રહણ કરવાની આજ્ઞામાં પહેલાની બે આજ્ઞાઓની જેમ કોઈ ગૂઢ તાત્પર્ય નથી તેથી હવે એવી આજ્ઞા નથી આપી રહ્યા.
'तु' शब्द से यह ज्ञात होता है कि, अब तीसरी आज्ञा अर्थात् संन्यासग्रहण करने की आज्ञा में पिछली दोनों आज्ञाओं की भाँति भगवान का कोई गूढ़ तात्पर्य नहीं है, अत: अब वैसी आज्ञा नहीं दे रहे हैं।

**स्वास्थ्यवाक्ये न संन्यासे कुरुते भावघातनम् । 'स्वास्थ्यवाक्यं न कर्तव्यं' इत्यतोस्मत्प्रभोर्वच:।**

જો હવે આચાર્યચરણ સંન્યાસગ્રહણ ન કરે અને અહીં જ રહેવાનો આગ્રહ રાખે તો પ્રભુ ભાવનો વિઘાત કરશે, સંન્યાસમાં નહીં. આ જ વાત આપણા આચાર્યચણોએ સંન્યાસનિર્ણયગ્રંથમાં "स्वास्थ्यवाक्यं न कर्तव्यं/१३" આ શ્લોક દ્વારા કહી છે.
यदि अब आचार्यचरण संन्यासग्रहण न करें एवं यहीं विराजने का आग्रह रखें तो प्रभु भाव का विघात करेंगे, संन्यास में नहीं। यही बात हमारे आचार्यचरणों ने संन्यासनिर्णयग्रंथ में "स्वास्थ्यवाक्यं न कर्तव्यं /१३" इस श्लोक द्वारा कही है।

**स्थलं च प्रथमाज्ञाया: स्वसंयोगप्रबोधकम् । गङ्गाया: सागरेणात्र यथा योगस्तथा मया ॥**

આચાર્યચરણ આજ્ઞા કરે છે કે, પ્રથમઆજ્ઞાનું સ્થળ પ્રભુથી મારા સંબંધને બોધ કરાવવાવાળું છે અર્થાત્ ગંગાસાગરમાં જેમ ગંગાનું સાગરથી મિલન થયું તેમ અહીં મારું પ્રભુથી મિલન થયું.
आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि प्रथम-आज्ञा का स्थल प्रभु से मेरे संबंध को बोध कराने वाला है, अर्थात् गंगासागर में जैसे गंगा का सागर से मिलन हुआ वैसे यहाँ मेरा प्रभु से मिलन हुआ।

**एकीभावेन सम्बन्ध इति स्वामिप्रलोभनम् । पद्ये द्वितीये य: प्रोक्तोऽपिशब्दस्तेन बोधितम् ॥**

આચાર્યચરણોને પ્રભુ પોતાની પાસે બોલાવવા માટે પ્રલોભન આપી રહ્યા છે, આ બીજા પદ્ય માં (यापि .....मया) પ્રયુક્ત થયેલ **अपि** શબ્દથી જણાય છે.
आचार्यचरणों को प्रभु अपने निकट बुलाने के लिए प्रलोभन दे रहे हैं, यह दूसरे पद्य में (यापि .... मया) प्रयुक्त हुए **अपि** शब्द से ज्ञात होता है।

**एतदाज्ञापनमपि स्वसम्बन्धप्रलोभकम् । पश्चात्पदेनैतदाज्ञा विलम्बेन समुद्गता ॥**

અહીં બીજા પદ્ય માં બતાવેલ આજ્ઞા પણ પ્રભુના પ્રલોભન ને બતાવે છે. **પશ્ચાત્** પદથી આ જણાય છે કે, પહેલી આજ્ઞાનું પાલન કરવામાં વિલંબ થયો, આ કારણે આ બીજી આજ્ઞા આપવામાં આવી.
यहाँ दूसरे पद्य में बताई गई आज्ञा भी प्रभु के प्रलोभन को बता रही है। **पश्चात्** पद से यह ज्ञात होता है कि पहली आज्ञा का पालन करने में विलंब हुआ, इस कारण से यह दूसरी आज्ञा दी गई।

---

※ एतादृशं प्रभुप्राकट्यात्मकं ज्ञानं सर्वत्र सर्वजीवानां स्यादिति गूढभावस्य हरेर्नाभिलषितम् । ※ एवं देहत्यागरूपम् ।

**स्थलं मधुवनं प्रोक्तं दुष्टसम्बन्धतस्तथा । तत्र नैवंविधं कार्यं कार्यमित्याशयो हरे: ॥**

બીજી આજ્ઞાનો સ્થળ મધુવન કહેવાયો છે અને દુષ્ટોથી સંબંધિત થઈ જવાને કારણે પ્રભુનો આશય આ હતો કે, શ્રીમદ્-ભાગવતનો ગૂઢાર્થ પ્રકટ કરવા જેવા કાર્યો ત્યાં ન કરવા.

दूसरी आज्ञा का स्थल मधुवन कहा गया है और दुष्टों से संबंधित हो जाने के कारण प्रभु का आशय यह था कि, श्रीमद्-भागवत का गूढ़ार्थ प्रकट करने जैसे कार्यों को वहाँ मत करो।

**तत्रत्यानाञ्च विप्राणामत: प्रौक्तैव दुष्टता । एतद्द्वयं तु न कृतं तृतीयोऽर्थात्कृतो मत: ॥**

આ જ કારણે ત્યાં રહેવાવાળા બ્રાહ્મણોની દુષ્ટતા જ કહેવામાં આવી છે. આ બન્ને આજ્ઞાઓનું પાલન આચાર્યચરણોએ ન કર્યું અને **તૃતીયો** શબ્દનો તાત્પર્ય આ છે કે-ત્રીજી આજ્ઞાનું પાલન કરી લીધું.

इसी कारण वहाँ रहने वाले बाह्मणों की दुष्टता ही कही है। इन दोनों आज्ञाओं का पालन आचार्यचरणों ने नहीं किया और **तृतीयो** शब्द का तात्पर्य यह है कि - तीसरी आज्ञा का पालन कर लिया।

**त्यागो लोकैकविषयो नामदानादिवर्जनात् । सेवाप्रदर्शनाभावात् सहनादु:खदस्य च ॥**

અહીંયા આચાર્યચરણો દ્વારા ત્યાગ કરવાનો અર્થ આ છે કે, આપશ્રીએ પ્રભુ-આજ્ઞાનુસાર ભાગવતગૂઢાર્થની બહુલતા અને એનો દાન બધા માટે વર્જિત કર્યો; આપશ્રી જે પ્રભુસેવા-પદ્ધતિનો શિક્ષણ આપી રહ્યા હતા, તેનો ત્યાગ કર્યો; આપશ્રીએ પ્રભુના વિપ્રયોગનું દુ:ખ સહન કર્યું.

यहाँ श्रीआचार्यचरणों के त्याग करने का अर्थ यह है कि आपश्रीने प्रभु-आज्ञानुसार भागवतगूढ़ार्थ की बहुलता एवं उसका दान सभी के लिए वर्जित किया; आपश्री जो प्रभुसेवा-पद्धति का शिक्षण दे रहे थे, उसका त्याग किया; आपश्री ने प्रभु के विप्रयोग का दु:ख सहन किया।

**नन्वेवं धर्मगमने पश्चात्तापस्तु संभवेत् । इति चेन्न; यत: सेवाकरणात्सेवकास्म्यहम् ॥**

પરંતુ જો આ પ્રકારે આચાર્યચરણ પ્રભુની આજ્ઞાઓનું પાલન ન કરે અને આનાથી જે ધર્મહાનિ થતી હોય, તો એમને પશ્ચાતાપ થવું તો સંભવ છે જ-જો આવી શંકા થતી હોય તો, ના. આવી શંકા ન કરવી કારણકે ભાગવતગૂઢાર્થ પ્રકટ કરવું પણ પ્રભુ સેવા જ હોવાને કારણે. તેથી આચાર્યચરણ પોતાને "હું પ્રભુનો સેવક જ છું" આમ કહી રહ્યા છે.

किंतु यदि प्रकार आचार्यचरण प्रभु की आज्ञाओं का पालन न करें और इससे जो धर्महानि होती हो तो उन्हें पश्चात्ताप होना तो संभव है ही? यदि ऐसी शंका होती हो तो, नहीं। ऐसी शंका मत रखें, क्योंकि भागवतगूढ़ार्थ प्रकट करना भी प्रभुसेवा ही होने के कारण। अत: आचार्यचरण अपने आप को "मैं प्रभु का सेवक ही हूँ" यों कह रहे हैं।

**पश्चात्ताप: कथं तत्र सेवकोहं न चान्यथा ।**
**लौकिकप्रभुवत्कृष्णो न द्रष्टव्य: कदाचन ॥ ७ ॥**

**सेवा तु स्वाम्यभिहितकरणेन भवेत् पुन: । स्वामिनैव यदुक्तं मे श्रीभागवतवर्णनम् ॥ पुष्टिमार्गप्रकटनं तदेव क्रियते मया । तदुत्तरं चेत्स्थास्यामि तदा दोषो भविष्यति ॥**

આચાર્યચરણ આજ્ઞા કરે છે કે, સ્વામીની ઈચ્છાનુસાર કાર્ય કરવું જ એમની સેવા કરવી છે. અને સ્વામીએ જ જે મને શ્રીમદ્-ભાગવતનું વર્ણન અને પુષ્ટિમાર્ગને પ્રકટ કરવાનું હતું, એ જ હું કરી રહ્યો છું. જો આટલું કર્યા પછી હજી વધારે હું અહીં રહીશ તો દોષ થઈ જશે, ત્યાં સુધી નહીં.

आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि, स्वामी की इच्छानुसार कार्य करना ही उनकी सेवा करनी है। और स्वामी ने ही जो मुझे श्रीमद्भागवत का वर्णन एवं पुष्टिमार्ग को प्रकट करने को कहा था, वही मैं कर रहा हूँ। यदि इतना करने के पश्चात् और अधिक मैं यहाँ रहूँगा तो दोष हो जायेगा, तब तक नहीं।

**न चाज्ञाप्राप्तसेवाया: करणे धर्मतश्च्युति: । सेवाकृतेराज्ञयापि स्थितेरन्यविवर्जनात् ॥ तदा केन प्रकारेण पश्चात्तापो भवेन्मम ।**

આપશ્રી આગળ કહે છે કે જે ભગવદ્-આજ્ઞા પ્રાપ્ત થઈ છે એ આજ્ઞાનું પાલન કરવાથી જે સેવા હું કરી રહ્યો છું એમાં ધર્મચ્યુતિ થવાનો પ્રશ્ન નથી કેમકે આજ્ઞાપાલન કરવાથી હું પ્રભુસેવા તો કરી જ રહ્યો છું અને એને અલાવા બીજું કાંઈ જ નથી કરી રહ્યો. તો મને કોઈ પણ પ્રકારથી પશ્ચાતાપ કેમ થવો જોઈએ?

**ननु प्रभूणां लोके तु दृष्टा सेवाकृतावपि परित्यागकृति: स्वीयोत्तराज्ञापरिपालने । अत्रापि चेत्तथाभावे पश्चात्तापस्तु सर्वथा इति चेन्न हरि: कृष्णो द्रष्टव्या लौकिकेशवत् ।**

પરંતુ અહીંયાં આપશ્રીને મનમાં એક સંદેહ આ થાય છે કે, જેમ લોકમાં સેવક દ્વારા સેવા કરવા પર પણ સ્વામી એનો પરિત્યાગ કરી દે છે, તેવી રીતે અહીંયાં પણ મેં તો ભગવદ્-આજ્ઞાનું પાલન વિલંબથી કર્યું છે એથી જો પ્રભુ મારો પરિત્યાગ કરી દેશે તો શું થશે? એથી મનમાં આ પ્રકારનો પશ્ચાતાપ તો થાય જ છે. જો એવો સંદેહ થાય છે તો આપશ્રી આજ્ઞા કરે છે કે, હરિ-કૃષ્ણને એક લૌકિક-સ્વામીની દૃષ્ટિથી ન જોવા જોઈએ.

परंतु यहाँ आपश्री को मन में एक संदेह यह होता है कि, जैसे लोक में सेवक द्वारा सेवा करने पर भी स्वामी उसका परित्याग कर देता है, वैसे यहाँ भी मैंने तो भगवद्-आज्ञा का पालन विलंब से किया है अत: यदि प्रभु मेरा परित्याग कर देंगे तो क्या होगा ? अत: मन में इस प्रकार का पश्चात्ताप तो होता ही है । यदि ऐसा संदेह होता हो तो आपश्री आज्ञा करते हैं कि, हरि-कृष्ण को एक लौकिक-स्वामी की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए ।

**स भावाऽज्ञो हरिर्भाववेत्ता स क्षणिको हरि: न तथा, स तु दोषाढ्यो हरिर्दोषविवर्जित:। सोऽनित्यस्वीकृति: कृष्णो नित्याङ्गीकरणो मत:॥ स दु:खरुप: कृष्णस्तु पूर्णानन्दो निरूपित: । सोल्पद: पूर्णपरमानन्दसन्दोहदो हरि: ॥**
**कदाचनतिशब्देन सोऽस्थिर: स्थिरता हरे: । अतस्त्यागभयाऽभावादनुतापो निवारित: ।**

કેમકે લૌકિક-સ્વામી તો ભાવશૂન્ય છે અને હરિ ભક્તોના ભાવોને જાણે છે. લૌકિક-સ્વામીથી સંબંધ તો ક્ષણમાત્ર છે. પ્રભુની સાથે એવું નથી. લૌકિક-સ્વામી તો દોષયુક્ત છે અને હરિ સમસ્ત દોષોથી રહિત. તેઓ તો થોડા સમય માટે જ સેવકને સ્વીકાર કરે છે પરંતુ હરિ દ્વારા અંગીકાર કરવું તો નિત્ય છે. લૌકિક-સ્વામી દુ:ખ રૂપ છે અને કૃષ્ણ પૂર્ણાનંદ છે. લૌકિક-સ્વામી તો અલ્પમાત્રામાં જ સુખ આપી શકે છે પરંતુ હરિ તો પૂર્ણ-પરમાનંદનું દાન કરવાવાળા છે. અને **કદાચન** શબ્દથી જણાય છે કે લૌકિક-સ્વામી તો અસ્થિર છે પરંતુ પોતાના ભક્તોની રક્ષા કરવામાં હરિ પૂર્ણરૂપથી સ્થિર છે એથી જીવને ત્યાગ થઈ જવાનો ભય ન હોવાથી અહીં પશ્ચાતાપનું નિવારણ થઈ ગયું છે.

क्योंकि लौकिक-स्वामी तो भावशून्य हैं और हरि भक्तों के भावों को जानते हैं । लौकिक-स्वामी से संबंध तो क्षणिक मात्र है, प्रभु के साथ ऐसा नहीं है । लौकिक-स्वामी तो दोषयुक्त हैं और हरि समस्त दोषों से रहित । वे तो कुछ समय के लिए सेवक को स्वीकार करते हैं परंतु हरि द्वारा अंगीकार किया जाना तो नित्य है । लौकिक-स्वामी दु:खरुप हैं एवं कृष्ण पूर्णानंद हैं । लौकिक-स्वामी तो अल्पमात्रा में ही सुख दे सकते हैं परंतु हरि तो पूर्ण-परमानंद का दान करने वाले हैं । और **कदाचन** शब्द से ज्ञात होता है कि लौकिक-स्वामी तो अस्थिर हैं, परंतु अपने भक्तों की रक्षा करने में हरि पूर्णरूप से स्थिर हैं अत: जीव को त्याग दिए जाने का भय न होने से यहाँ पश्चात्ताप का निवारण हो गया है ।

**सर्वं समर्पितं भक्त्या कृतार्थोसि सुखी भव ।**
**किञ्च, सर्वं लौकिकं हि वैदिकं च समर्पितम् । अहन्तामते चापि त्वया तत्र समर्पिते ॥**
**अत: कर्तव्यताऽभावात् कृताथत्वमभूत्तव । किमर्थं कुरुषे दु:खं किं तवास्ति सुखी भव ।**

અને, આચાર્યચરણ આગળ કહે છે કે તમે **સર્વં** અર્થાત્ લૌકિક-વૈદિક બધું કાંઈ ભગવાનને સમર્પણ કરી દીધું છે. સાથે સાથે પોતાની અહંતામમતા પણ ભગવાનને સમર્પિત કરી દીધી છે એથી તમારું કોઈ કર્તવ્ય બાકી નથી રહેતું અને તમે કૃતાર્થ છો હવે તમારું શું રહી ગયું જે તમે દુ:ખ કરી રહ્યા છો? સુખી રહો.

और, आचार्यचरण आगे कहते हैं कि तुमने **सर्वं** अर्थात् लौकिक-वैदिक सभी कुछ भगवान को समर्पित कर दिया है । साथ ही साथ अपनी अहंताममता भी भगवान को समर्पित कर दी है अत: तुम्हारा कोई कर्तव्य शेष नहीं रह जाता है और तुम कृतार्थ हो । अब तुम्हारा क्या रह गया है, जो तुम दु:ख कर रहे हो ? सुखी रहो ।

**भ्रमादेवाभवदु:खं त्यजाश्चिति ※ ममाशय: । सेवावशादगमने नातोषोऽलौकिकप्रभो: ।**

આપશ્રી આજ્ઞા કરે છે કે આવું દુ:ખ ભ્રમવશ ઉત્પન્ન થાય છે તેથી એવા દુ:ખને શીઘ્ર ત્યાગી દો, આ મારો આશય છે. ભગવદ્-સેવાના જ કારણે જો પ્રભુની પાસે નથી જઈ રહ્યા તો અલૌકિક -પ્રભુ અપ્રસન્ન નહીં થાય.

आपश्री आज्ञा करते हैं कि ऐसा दु:ख भ्रमवश उत्पन्न होता है अत: ऐसे दु:ख को शीघ्र त्याग दो, यह मेरा आशय है । भगवद्-सेवा के ही कारण यदि प्रभु के पास नहीं जा रहे हैं, तो अलौकिक-प्रभु अप्रसन्न नहीं होंगे ।

**प्रौढापि दुहिता यद्वत्स्नेहान्न प्रेष्यते वरे ।। ८ ।।**
**तथा देहे न कर्तव्यं वरस्तुष्यति नान्यथा ।**
**सेवाप्रियस्य करुणाकरस्य मृदुचेतस: । देहाध्यासादगमने त्वसन्तोषो भवेत्प्रभो: ।।**
**अतो विदधते चित्तसमाधानं निदर्शनात् । देहे न सत्ता स्थाप्या हि यथा दुहितरि स्वत: ।।**
**जामात्रर्थे पोषणं तु हर्यर्थे तद्वदत्र हि ।**

સેવાપ્રિય-કરૂણા કરવાવાળા-મૃદુચિત્તવાળા પ્રભુને અસંતોષ અવશ્ય થાય છે, જો જીવ દેહમાં આસક્તિ રાખવાના કારણે એમની પાસે ન જાય એથી આચાર્યચરણ ચિત્તનું સમાધાન કરતાં કહી રહ્યા છે કે દેહમાં આસક્તિ નહીં રાખો; જેમ પુત્રીનું લાલન-પાલન તો જમાઈને માટે કરવામાં આવે છે, તેમ જ આ દેહનું પોષણ હરિ-સેવા માટે કરવું જોઈએ.

सेवाप्रिय-करुणा करनेवाले-मृदु चित्त वाले प्रभु को असंतोष अवश्य होता है यदि जीव देह में आसक्ति रखने के कारण उनके पास न जाय अत: आचार्यचरण चित्त का समाधान करते हुए कह रहे हैं कि-देह में आसक्ति मत रखो; जैसे पुत्री का लालन-पालन तो दामाद के लिए किया जाता है, वैसे ही इस देह का पोषण हरि-सेवा के लिए करना चाहिए।

**अयोग्यतायां तच्चिन्ता कर्तव्या रक्षणादिषु ।। प्रौढा चेत्सकला चिन्ता तस्यैवेति विबुध्यताम् ।**
**अतो न देहाध्यासेन देहाद्यप्रेरणं हरौ उचितं तद्गतस्नेहात्स न तुष्येद्यतो वर: प्रत्यग्रभोक्ता, नाऽजातरसस्यायोग्यवस्तुन: ।।**
**अत: स तु कथं तुष्येदपेक्षायामनर्पणात् ।।**

જ્યાં સુધી પુત્રી જમાઈ માટે અયોગ્ય છે, ત્યાં સુધી એના રક્ષણ આદિની ચિંતા કરવી જોઈએ પરંતુ જો તે પ્રૌઢ થઈ જાય,ત્યારે તો સમસ્ત ચિંતાઓ જમાઈની થઈ જાય છે, આ જાણી લ્યો. એથી દેહમાં આસક્તિ રાખીને આ દેહનો વિનિયોગ હરિ સેવામાં ન કરાવીએ-એ ઉચિત નથી. જો પુત્રીમાં સ્નેહ રાખશો તો એનો **વર:** અર્થાત્ એનો તરુણભોક્તા સંતુષ્ટ નહીં થશે. ઠીક આવી જ રીતે ભગવાન રસહીન અથવા તો અયોગ્ય વસ્તુના ભોક્તા નથી તેથી જો એમની અપેક્ષા હોય અને આપણે એમને અર્પણ ન કરીએ, તો તેવો કેવી રીતે સંતુષ્ટ થાય?

जब तक पुत्री दामाद के लिए अयोग्य है तब तक उसके रक्षण आदि की चिंता करनी चाहिए परंतु यदि वह प्रौढ़ हो जाय, तब तो समस्त चिंताएँ दामाद की हो जाती हैं, यह जान लीजिए। अत: देह में आसक्ति रखते हुए इस देह का विनियोग हरिसेवा में न कराएँ -यह उचित नहीं है। यदि पुत्री में स्नेह रखेंगे तो उसका **वर:** अर्थात् उसका तरुणभोक्ता संतुष्ट नहीं होगा। ठीक इसी प्रकार भगवान रसहीन या अयोग्य वस्तु के भोक्ता नहीं हैं अत: यदि उनकी अपेक्षा हो और हम उन्हें अर्पण न करें तो वह कैसे संतुष्ट होंगे ?

**तदाशयपरिज्ञानमात्राच्चेदर्प्यते स्वत: ।।**
**तदा विशेषसन्तोषस्त्वाज्ञायां मध्यम: स्मृत: । आज्ञायामपि चेल्लोभो देहादेस्तोषणं कथम् ।।**
**यदर्थं सकलापेक्षा तदभावेऽखिलं वृथा ।**

જો આશય જાણી લઈને પોતે જ અર્પણ કરી દેવામાં આવે તો પરમ-સંતોષ થાય છે, આજ્ઞા થઈ જવા પર અર્પણ કરીએ તો તે મધ્યમ-પ્રકાર છે અને આજ્ઞા થવા પર પણ જો દેહ-આદિમાં લોભ રાખીને એને પ્રભુ-સેવામાં ન લગાડવામાં આવે તો પ્રભુ કેમ પ્રસન્ન થશે? જે પ્રભુની પ્રસન્નતા માટે બધું કાંઈ કરવામાં આવે છે, જો તેઓજ અપ્રસન્ન રહી જાય તો બધું કાંઈ વ્યર્થ છે.

यदि आशय जान लेने से ही स्वत: अर्पण कर दिया जाय तो परम-संतोष होता है, आज्ञा हो जाने पर अर्पण करें तो वह मध्यम-प्रकार है और आज्ञा होने पर भी यदि देह-आदि में लोभ रखते हुए उसे प्रभु-सेवा में न लगाया जाय तो प्रभु कैसे प्रसन्न होंगे ? जिन प्रभु की प्रसन्नता के लिए सभी कुछ किया जा रहा है, यदि वही अप्रसन्न रह गये तो सभी कुछ व्यर्थ है।

**लोकवच्चेत्स्थितिर्मे स्यात्किं स्यादिति विचारय ।। ९ ।।**
**अशक्ये हरिरेवास्ति मोहं मा गा: कथञ्चन ।।१०।।**
**ननु देहादिलोभस्तु लोकोत्पन्नस्य जायते ।।**
**स्वानभिप्रेतकथने मानोपि भवति प्रिये । मदोपि प्रियसौभाग्यात्स्वासाधारण्यबोधक: ।।**
**जायते दोषभावश्च प्रभौ प्रौढिवशात्पुन: । अत: किञ्चित्रमिति चेन्नैवं चित्तोचितं मयि ।।**

---

* महाशय पाठ: ।

પરંતુ એક પ્રશ્ન એ થાય છે કે લૌકિક જીવોને દેહના પ્રતિ આસક્તિ તો હોય છે અને પોતાને અભિપ્રેત ન હોય એવું કોઈ કહી દે તો પ્રિયથી રૂઠવું પણ સંભવ છે. આ મદ પણ પોતાની અસાધારણતાનું બોધ કરાવવાવાળું છે.

એવા મદ અને ભાવાવેશની અધિકતાના કારણે પ્રભુમાં દોષભાવ પણ ઉત્પન્ન થઈ જાય છે, એમાં શું આશ્ચર્ય છે? જો એવી શંકા થાય તો આચાર્યચરણ આજ્ઞા કરે છે કે -આવો વિચાર કરવો મારા માટે ઉચિત નથી.

किंतु एक प्रश्न यह होता है कि, लौकिकजीवों को देह के प्रति आसक्ति तो होती ही है और अपने को अभिप्रेत न हो ऐसा कोई कह दे तो प्रिय से रूठना भी संभव है। यह मद भी अपनी असाधारणता का बोध कराने वाला है।

ऐसे मद और भावावेश की अधिकता के कारण प्रभु में दोषभाव भी उत्पन्न हो जाता है, इसमें क्या आश्चर्य है ? यदि ऐसी शंका हो तो आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि-ऐसा विचार करना मेरे लिए उचित नहीं है।

**अहं तदास्यरूपोस्मि भक्त्यात्मा वह्निरूपधृक् । निर्दुष्टः केवलानन्दकरपादादिसङ्गतः ॥**
**कृष्णाधरसुधासारः परमानन्दरूपवान् । भक्तिदाता समस्तानां स्वीयसान्निध्यमात्रतः ॥**
**श्रीकृष्णरसभावात्मा व्रजस्त्रीहृदयस्थितः । लीलाशतसमाक्रान्तसर्वाङ्गो विस्मृताखिलः ॥**
**हृदयस्वामिसहितो ह्याविर्भूतस्तदाज्ञया । एतादृशो ममापि स्याल्लोकवच्चेत्स्थितिर्मनः ॥**
**ब्रूहि किं स्यादिति पुनः स्वयं हृद्येव चिन्तय ।**

આચાર્યચરણ આજ્ઞા કરે છે કે, હું તો ભગવદ્-મુખારવિંદસ્વરૂપ છું, ભક્ત્યાત્મા છું અને અગ્નિસ્વરૂપને ધારણ કરવાવાળો છું અને કેવળ આનંદમાત્ર કર-પાદ-આદિ સ્વરૂપવાળા પ્રભુ-શ્રીકૃષ્ણના સંગથી નિર્દુષ્ટ છું. શ્રીકૃષ્ણની અધરસુધાના સારરૂપ પરમાનંદરૂપવાન છું અને સમસ્ત સ્વીયજનોને પોતાના સાન્નિધ્ય માત્રથી ભક્તિનું દાન કરવાવાળો છું. શ્રીકૃષ્ણ રસભાવાત્મા અને વ્રજસ્ત્રી (ગોપિકાઓ) મારા હૃદયમાં સ્થિત છે. ભગવાનની સેંકડો લીલાઓથી મારું સર્વાંગ ઓતપ્રોત છે, જેનાથી મને સમસ્ત સંસાર વિસ્મૃત થઈ ચૂક્યું છે. મારા હૃદયમાં મારા સ્વામી-ભગવાન સ્થિત છે અને એમની આજ્ઞાથી જ હું આવિર્ભૂત થયો છું. હું તો એવો છું અને મારી પણ જો લૌકિકગતિ થઈ જાત તો હે મારું મન ! તું કહે કે શું થાત ?

आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि, मैं तो भगवद्-मुखारविंदस्वरूप हूँ, भक्त्यात्मा हूँ और अग्निस्वरूप को धारण करने वाला हूँ और आनंदमात्र कर-पाद-आदि स्वरूप वाले प्रभु-श्रीकृष्ण के संग से निर्दुष्ट हूँ। कृष्ण की अधरसुधा का साररूप परमानंदरूपवान हूँ और समस्त स्वीयजनों को अपने सान्निध्यमात्र से भक्ति का दान करने वाला हूँ। श्रीकृष्णरसभावात्मा और व्रजस्त्री (गोपिकाएँ) मेरे हृदय में स्थित हैं। भगवान की सैकड़ों लीलाओं से मेरा सर्वांग ओतप्रोत है, जिससे मुझे समस्त संसार विस्मृत हो चुका है। मेरे हृदय में मेरे स्वामी-भगवान स्थित हैं और उनकी आज्ञा से ही मैं आविर्भूत हुआ हूँ। मैं तो ऐसा हूँ और मेरी भी यदि लौकिकगति हो जाती तो हे मेरे मन! तुम कहो कि क्या होता ?

**तदास्यस्य स्थितौ चैवं प्रभोरपि तथा स्थितिः**
**इत्यज्ञानं न तद्युक्तं हरेरानन्दरूपिणः । अवाच्यत्वादेवमुक्तं स्वयमेव विचारय ॥**

આચાર્યચરણોએ મદમાં આવીને પ્રભુઆજ્ઞાનું ઉલ્લંઘન નથી કર્યું કેમકે જો આચાર્યચરણોમાં મદ ઉત્પન્ન થયું માની લઈએ તો આપશ્રી તો પ્રભુ-મુખારવિંદસ્વરૂપ છે. અને આ પ્રકારે આપશ્રીમાં મદ ઉત્પન્ન થયું માની લઈશું તો આનંદસ્વરૂપ હરિમાં મદ ઉત્પન્ન થયું માની લેવું પડશે, જે કહેવું જ સંભવ નથી.

आचार्यचरणों ने मद में आकर प्रभु आज्ञा का उल्लघंन नहीं किया है क्योंकि यदि आचार्यचरणों में मद उत्पन्न हुआ मान लेंगे तो आपश्री तो प्रभु-मुखारविंदस्वरूप हैं और इस प्रकार आपश्री में मद उत्पन्न हुआ मान लेंगे तो आनंदस्वरूप हरि में मद उत्पन्न हुआ मानना पड़ेगा, जो कहना ही संभव ही नहीं है।

**ननु जातेऽपराधे तु किं विधेयमशक्तितः । अज्ञात्वा वाथवा ज्ञात्वा यत्कृतं नाकृतं हि तत् ॥**
**अतः कथं सोनुतापो हृदयात्तु निवर्तते ।**

પરંતુ પ્રશ્ન આ છે કે પોતાની અશક્તિને કારણે અજાણતાં જે અપરાધ થયો છે અથવા જાણી જોઈને પણ જે ભગવદ્-આજ્ઞા પાલન ન કરવાનો અપરાધ થયો છે, એના માટે શું કરવું ? હવે એ અનુતાપ હૃદયમાંથી કેમ નિવૃત્ત થાય ?

परंतु प्रश्न यह है कि अपनी अशक्ति के कारण अनजाने में जो अपराध हुआ है अथवा जानबूझकर भी जो भगवद्-आज्ञा पालन न करने का अपराध हुआ है, उसके लिए क्या करना ? अब वह अनुताप हृदय में से कैसे निवृत्त हो ?

**इतिचेन्न हरि: सर्वदु:खहर्ता ह्युपेक्षते ॥**
**अशक्य निजभक्तानां स्वयं सर्वत्र साधक: । यतो गजेन्द्रस्याशक्ये स्वयमाविर्बभूव ह ॥**
**कार्यं च कृतवान् सर्वमतो हरिपदं यत: ।**

જો એવી શંકા થાય તો, આચાર્યચરણ આજ્ઞા કરે છે કે હરિ સમસ્ત દુ:ખોનું હરણ કરવાવાળા છે. અને પોતાના ભક્તોના અપરાધને નજરઅંદાજ કરી દે છે. એમના નિજભક્ત જો અશક્ત થઈ જાય તો તેઓ પોતે સર્વત્ર એમના સાધન બની જાય છે કેમકે ગજેન્દ્ર જ્યારે અશક્ત થઈ ગયો હતો, ત્યારે તેઓ એની રક્ષા કરવા માટે સ્વયં આવિર્ભૂત થયા હતા અને એના સમસ્ત કાર્ય એમણે પૂર્ણ કર્યા, જેના કારણે એમને હરિ કહેવામાં આવે છે.

यदि ऐसी शंका हो तो, आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि हरि समस्त दु:खों का हरण करने वाले हैं और अपने भक्तों के अपराध को अनदेखा कर देते हैं। उनके निजभक्त यदि अशक्य हो जाएँ तो वे स्वयं सर्वत्र उसके साधक बन जाते हैं क्योंकि गजेन्द्र जब अशक्त हो गया था, तब वे उसकी रक्षा करने के लिए स्वयं आविर्भूत हुए थे और उसके समस्त कार्य उन्होंने पूर्ण किए , जिसके कारण उनको हरि कहा जाता है।

**एतेन साधनाभावे दैन्यभावोद्भवे पुन: ॥**
**नि:साधनफलात्मासौ प्रादुर्भवति निश्चितम् । एवकारेण नान्येषां नि:साधनफलात्मता ॥**
**न वा कृपालुता पूर्णानन्दाभावाद्रसास्थिते: ।**

એનાથી સિદ્ધ થાય છે કે, જીવ સાધનરહિત હોય અને એનામાં દૈન્ય પ્રકટ થાય તો આ નિ:સાધન-ફલાત્મા પ્રભુ પ્રકટ થાય છે, આ નિશ્ચિત છે. **એવ** શબ્દથી જણાય છે કે, પુષ્ટિપ્રભુ સિવાય બીજા કોઈ દેવતાઓમાં નિ:સાધન-ફલાત્મતા નથી અને પૂર્ણાનંદનો અભાવ હોવાને-કારણે અને આનંદ અસ્થિર હોવાને કારણ એમનામાં કૃપાલુતા પણ નથી.

इससे सिद्ध होता है कि, जीव साधनरहित हो और उसमें दैन्य प्रकट हो तो यह नि:साधनफलात्मा-प्रभु प्रकट होते हैं, यह निश्चित् है। 'एव' शब्द से यह ज्ञात होता है कि, पुष्टिप्रभु के अतिरिक्त अन्य दूसरे देवताओं में नि:साधन-फलात्मता नहीं है और पूर्णानंद का अभाव होने के कारण एवं आनंद अस्थिर होने के कारण उनमें कृपालुता भी नहीं है।

**अस्तीति पदत: स्वाग्रे प्रादुर्भूतो निरूपित: ॥**
**अतो मोह स्ववैकल्य मा प्राप्नुहि मनो मम ।**

આચાર્યચરણોએ "અશક્ય પરિસ્થિતિઓમાં હરિ છે (અસ્તિ)" એમ કહ્યું છે, જેનાથી જણાય છે કે તેઓ પોતાની સમક્ષ હરિનો પ્રાદુર્ભાવ થવો બતાવી રહ્યા છે. એથી આપશ્રી આજ્ઞા કરે છે કે -હે મારું મન ! તું વિકલ નહીં બન.

आचार्यचरणों ने "अशक्य परिस्थितियों में हरि ह (अस्ति)" यह कहा है, जिससे ज्ञात होता है कि वे अपने समक्ष हरि का प्रादुर्भाव होना बता रहे हैं। अत: आपश्री आज्ञा करते हैं कि - हे मेरे मन ! तुम विकल मत बनो !

**एवं स्वान्त:समाधानं विधाय स्वसदुक्तिभि: ॥**
**इति श्रीकृष्णदासस्य वल्लभस्य हितं वच: ।**
**चित्तं प्रति यदाकर्ण्य भक्तो निश्चिन्ततां व्रजेत् ॥११॥**
**इति श्रीमद्वल्लभाचार्यचरणविरचितान्त:करणप्रबोध: समाप्त: ।**

**सम्पाद्य स्वस्य नैश्चिन्त्यं स्वीयान् प्रति वदन्ति हि । एवं प्रकारकं वाक्यं हित फलदशासु हि ॥**

આ પ્રકારે અહીંયાં સુધી આચાર્યચરણ પોતાના અંત:કરણનું સમાધાન પોતાના સુવચનો દ્વારા કરીને પોતાની નિશ્ચિંતતા પોતાના સ્વીયજનોને કહી રહ્યા છે, જે વાક્યો ફલદશામાં એમના માટે હિતકારી છે.

इस प्रकार यहाँ तक आचार्यचरण अपने अन्त:करण का समाधान अपने सुवचनों द्वारा करके अपनी निश्चिंतता अपने स्वीयजनों को कह रहे हैं, जो वाक्य फलदशा में उसके लिए हितकारी हैं।

**स्वचित्तं प्रति यत्प्रोक्तं तदाकण्य भजन् हरिम् । स्वदोषेष्यपरित्यागी प्रभुरित्यवबोधत: ॥**
**परित्यागभयाभावाज्जना निश्चिन्ततां व्रजेत् ।**

આપશ્રી આજ્ઞા કરે છે કે પ્રભુ આપણા દોષોને જોવા છતાં પણ આપણો પરિત્યાગ નથી કરતા, આ જાણીને મેં મારા ચિત્ત પ્રતિ જે કહ્યું એને સાંભળીને હરિનું ભજન કરો. પરિત્યાગનો ભય ન હોવાથી જીવ નિશ્ચિંત થઈ જશે, એ અર્થ છે.

आपश्री आज्ञा करते हैं कि प्रभु अपने दोषों को देखते हुए भी अपना परित्याग नहीं करते हैं, यह जानकर मैंने अपने चित्त के प्रति जो कहा उसे सुनकर हरि का भजन करो। परित्याग का भय न होने से जीव निश्चिंत हो जायेगा, यह अर्थ है।

**नन्वैवं कथनादेव नैश्चिन्त्यं तु कथं भवेत् ॥**

**स्वानुभूतेरभावे तु वाङ्मात्रान्न हि सिध्यति । इति चेदुच्यते स्वीयान्समाधातुं स्वदासता ॥**

પરંતુ અહીંયાં શંકા એ થાય છે કે, આચાર્યચરણોનું કેવળ એટલું કહી દેવામાત્રથી જીવ નિશ્ચિંત કેમ થઈ શકે છે, જ્યાં સુધી એને પોતાને એવી અનુભૂતિ ન થાય ? એવી અનુભૂતિ થવા સુધી કેવળ મૌખિકરૂપથી કહી દેવાથી તો આ વાત સિદ્ધ નથી થતી? જો એવી શંકા થાય તો આચાર્યચરણ સ્વીયજનોનું સમાધાન કરવા માટે શ્રીકૃષ્ણ પ્રતિ પોતાની દાસતા બતાવે છે.

परंतु यहाँ शंका यह होती है कि, आचार्यचरणों के केवल इतना कह देने मात्र से जीव निश्चिंत कैसे हो सकता है, जब तक उसे खुद ऐसी अनुभूति न हो ? ऐसी अनुभूति होने तक केवल मौखिकरूप से कह देने से तो यह बात सिद्ध नहीं होती ?? यदि ऐसी शंका हो तो आचार्यचरण स्वीयजनों का समाधान करने के लिए श्रीकृष्ण के प्रति अपनी दासता बता रहे हैं।

**आविर्भूतस्वरूपस्य प्रोक्तानुभवबोधने । अनुभूयैतदखिलं मयात्र विनिरूपितम् ॥**

આપશ્રી ભગવાનના આવિર્ભૂત થયેલા સ્વરૂપના અનુભવ દ્વારા એવું કહી રહ્યા છે એથી આપશ્રી આજ્ઞા કરે છે કે હું ભગવાનના અખિલ સ્વરૂપનો અનુભવ કરીને અહીં બધું કાંઈ વિનિરૂપિત કરી રહ્યો છું.

आपश्री भगवान के आविर्भूत हुए स्वरूप के अनुभव के द्वारा ऐसा कह रहे हैं अतः आपश्री आज्ञा करते हैं कि-मैं भगवान के अखिल स्वरूप का अनुभव कर के यहाँ यह सभी कुछ विनिरूपित कर रहा हूँ।

**नात्र कार्यो ह्याविश्वासो भवद्भिः सफलाशिभिः ।**

આપશ્રી આજ્ઞા કરે છે કે - સફળતાની આશા રાખવાવાળા તમારે લોકોએ મારા કહ્યા પર અવિશ્વાસ નહીં કરવો જોઈએ.

आपश्री आज्ञा करते हैं कि - सफलता की आशा रखने वाले आप लोगों को मेरे कहे पर अविश्वास नहीं करना चाहिए।

**ननु दासत्वकृष्णत्वे विरुद्धे भवतः कथम् ॥**

**किं वा विधाय कापट्यं तथात्वं स्वस्य कथ्यते । महापुरुषवत्तत्र कृष्णत्वं चौपचारिकम् ॥**

પરંતુ અહીંયાં એક પ્રશ્ન આ થાય છે કે, પૂર્વમાં તો આચાર્યચરણોને શ્રીકૃષ્ણના મુખારવિંદ સ્વરૂપ કહેવામાં આવ્યું અને અહીંયાં તેઓ પોતાને કૃષ્ણના દાસ કહી રહ્યા છે, તો એમના આ બંને સ્વરૂપ તો પરસ્પર વિરુદ્ધ જઈ રહ્યા છે ? તો પછી શું એમ સમજવું કે આચાર્યચરણ કપટપૂર્વક પોતાને કૃષ્ણદાસ કહી રહ્યા છે અથવા પછી એક મહાપુરુષ હોવાને નાતે આપશ્રીને કેવળ ઔપચારિકરૂપથી કૃષ્ણ કહેવામાં આવ્યા છે??

परंतु यहाँ एक प्रश्न यह होता है कि, पूर्व में तो आचार्यचरणों को श्रीकृष्ण का मुखारविंद स्वरूप कहा गया और यहाँ वे अपनेआप को कृष्ण का दास कह रहे हैं, तो आपके ये दोनों स्वरूप तो परस्पर विरुद्ध जा रहे हैं तो फिर क्या यह समझना कि आचार्यचरण कपट-पूर्वक अपने आप को कृष्णदास कह रहे हैं या फिर एक महापुरुष होने के नाते आपश्री को केवल औपचारिकरूप से कृष्ण कहा गया है ??

**अथवा भाववशतः स्वस्वरूपस्य विस्मृतिः । विरूद्धधर्मता वापि ब्रह्मवत्तत्र रुप्यते ॥**

**यद्वा व्यामोहसिध्यर्थमेवं रूपनिरूपणम् ।**

અથવા તો ભાવાવેશના કારણે આચાર્યચરણોને પોતાના સ્વરૂપની જ વિસ્મૃતિ થઈ ગઈ, જો તેઓ પોતાને શ્રીકૃષ્ણના મુખારવિંદ સ્વરૂપ કહેવાને બદલે કૃષ્ણના દાસ કહી રહ્યા છે અથવા તો બ્રહ્મની જેમ આચાર્યચરણ પોતાનામાં પણ વિરુદ્ધ-ધર્માશ્રય નિરુપિત કરી રહ્યા છે અથવા તો અન્યમાર્ગીયોને વ્યામોહિત કરવા માટે શું આપ આવું કહી રહ્યા છે?

अथवा तो भावावेश के कारण आचार्यचरणों को अपने स्वरूप की ही विस्मृति हो गई, जो वे अपने आप को श्रीकृष्ण का मुखारविंद-स्वरूप कहने के स्थान पर कृष्ण का दास कह रहे हैं अथवा तो ब्रह्म की तरह आचार्यचरण अपने आप में भी विरुद्ध-धर्माश्रय निरूपित कर रहे हैं अथवा तो अन्यमार्गीयों को व्यामोहित करने के लिए क्या आप ऐसा कह रहे हैं ??

**एवं हि संशये कार्या सद्भिरेवं समाहितिः ।**

જો આ પ્રકારનો સંશય મનમાં ઉત્પન્ન થાય તો સજ્જનોએ આ પ્રકારે સમાધાન કરવું જોઈએ કે-

यदि इस प्रकार का संशय मन में उत्पन्न होता हो तो सज्जनों को इस प्रकार से समाधान करना चाहिए कि .....

**यथा रसात्मनो रूपं हरेर्यत्र यथाविधम् । वच: क्रियापि सर्वैवानरूपा यत्र यादृशी ॥**
**तत्र तादृग्विधं रूपमुच्यते न प्रदर्शनम् । अन्यथा न रसात्मत्वं स्याद्बोद्धृत्वं रसज्ञवत् ॥**

જેમ, રસસ્વરૂપ-હરિનું જેવું રૂપ જ્યાં પ્રકટ થાય છે, એમના વચન, એમની સમસ્ત ક્રિયાઓ પણ એ જ સ્વરૂપને અનુરૂપ પ્રકટ થાય છે. હરિનું એવું જ સ્વરૂપ તે વિશેષ પરિસ્થિતિમાં પ્રકટ થાય છે, તે પ્રદર્શન માત્ર નથી. આવું હોત તો પ્રભુને રસાત્મક કે રસના બોધક કેમ કહેવામાં આવે.

जैसे, रसस्वरूप-हरि का जैसा रूप जहाँ प्रकट होता है, उनके वचन उनकी समस्त क्रियाएँ भी उसी स्वरूप के अनुरूप प्रकट होती हैं। हरि का वैसा ही स्वरूप उस विशेष परिस्थिति में प्रकट होता है, वह कोरा प्रदर्शन मात्र नहीं है अन्यथा तो प्रभु को रसात्मक या रस के बोधक कैसे कहा जा सकता है।

**लोकेपि यत्र नाट्यादौ प्रादुर्भवतिचेद्रस: । स्त्रीवेशादिह तत्रैवमुच्यते सैव वर्तते ॥**

લોકમાં પણ નાટય આદિમાં જ્યારે કોઈ પુરૂષ સ્ત્રીનો વેશ ધારણ કરે અને ત્યાં રસ ઉત્પન્ન થાય, તો તે સ્ત્રીવેશધારી પુરૂષને સ્ત્રી જ કહેવામાં આવે છે

लोक में भी नाट्य-आदि में जब कोई पुरुष स्त्री का वेश धारण करे और वहाँ रस उत्पन्न हो, तो उस स्त्रीवेशधारी पुरुष को स्त्री ही कहा जाता है।

**एवं हि भगवान् कृष्णो रसात्मा यत्र यादृश: । तद्रसानुभवार्थं हि विशिष्टस्तत्र तादृश: ॥**
**रसात्मत्वात्तदास्यं च मन्तव्यं तादृशं पुन: । अतो दास्यरसार्थाय प्रादुर्भूतं तदात्मना ॥**
**भक्त्यात्मकं मुखं तत्र रूपमेव हि तादृशम् । वचोपि तादृशं तत्र सत्यमेव न चान्यथा ॥**

ઠીક એ જ પ્રકારે રસાત્મા ભગવાન શ્રીકૃષ્ણ જ્યાં જે રસને પ્રકટ કરવા ઈચ્છે છે, ત્યાં તે રસવિશિષ્ટ સ્વરૂપને પ્રકટ કરે છે. અને રસાત્મક હોવાને કારણ પ્રભુનું મુખારવિંદ પણ તે જ રસવિશિષ્ટ સ્વરૂપ થઈ જાય છે. એથી આપશ્રી દાસ્યરસના અનુભવ માટે અહીં આચાર્યસ્વરૂપથી પ્રકટ થયા છે. એના માટે એમના ભક્તિરૂપ-મુખારવિંદસ્વરૂપ-આચાર્યચરણોનું સ્વરૂપ, એમના વચન પણ દાસ્યરસ-સ્વરૂપાત્મક છે, સત્ય જ છે એમાં કોઈ બીજો વિચાર નહીં કરવો જોઈએ.

ठीक इसी प्रकार रसात्मा भगवान-श्रीकृष्ण जहाँ जिस रस को प्रकट करना चाहते हैं, वहाँ उसी रसविशिष्ट स्वरूप को प्रकट करते हैं। और रसात्मक होने के कारण प्रभु का मुखारविंद भी वही रसविशिष्ट स्वरूप हो जाता है। अत: दास्यरस के अनुभव के लिए भगवान यहाँ आचार्यस्वरूप से प्रकट हुए हैं। इसीलिए उनके भक्तिरूप-मुखारविंदस्वरूप आचार्यचरणों का स्वरूप, उनके वचन भी दास्यरस-स्वरूपात्मक हैं, सत्य ही हैं इसमें कोई अन्यथा विचार नहीं करना चाहिए।

**यथा वचो हरे: स्वीयदैन्यभावनिरूपकम् । मानापनोदसमयेऽस्मत्प्रभोस्तद्रसात्मन: ॥**
**तथाचार्येषु वाक्यानि नात्र कश्चन संशय: ।**

જેમ આપણા રસાત્મક-પ્રભુએ શ્રીસ્વામિની/શ્રીગોપિકાઓને મનાવવા માટે દૈન્યભાવ ના વચનો કહ્યા, તેમ જ અહીંયાં પણ આચાર્યચરણ પોતાને 'શ્રીકૃષ્ણદાસ' કહીને દૈન્યભાવ પ્રકટ કરી રહ્યા છે એથી અહીંયાં કોઈ પણ પ્રકારનો સંશય ન કરવો જોઈએ.

जैसे हमारे रसात्मक-प्रभु ने श्रीस्वामिनी /श्रीगोपिकाओं को मनाने के लिए दैन्यभाव के वचन कहे, वैसे ही यहाँ भी आचार्यचरण अपने आप को 'श्रीकृष्णदास' कह कर दैन्यभाव प्रकट कर रहे हैं अत: यहाँ किसी भी प्रकार का संशय नहीं करना चाहिए।

**वल्लभस्येति नामोक्त्या विश्वासस्थानमुच्यते ॥**

આચાર્યચરણોએ અહીંયાં પોતાના 'વલ્લભ' નામનો ઉલ્લેખ કર્યો છે જેનાથી એમના કથન પર જીવને વિશ્વાસ થઈ જાય.

आचार्यचरणों ने यहाँ अपने नाम 'वल्लभ' का उल्लेख किया है, जिससे उनके कथन पर जीव को विश्वास बैठ जाए।

**हरे: स्वस्मिंस्तथा नाम्नि नित्या प्रीतिर्निरूपिता । ईदृक्स्वरूपविश्वासे नैश्चिन्त्यं निश्चितं मया ॥**

આચાર્યચરણોએ અહીં એમનું નામ 'વલ્લભ'નો ઉલ્લેખ કરીને હરિમાં એની નિત્ય પ્રીતિ નિરૂપિત કરી છે તેથી આપશ્રી આજ્ઞા કરે છે કે, ભગવાનના એવા સ્વરૂપમાં વિશ્વાસ કરવાથી હું નિશ્ચિતરૂપથી કહું છું કે જીવ નિશ્ચિંત થઈ જશે.

આચાર્યચરણો ને યહાઁ અપને નામ 'વલ્લભ' કા ઉલ્લેખ કરકે હરિ મેં ઉનકી નિત્યપ્રીતિ નિરૂપિત કી હૈ અત: આપશ્રી આજ્ઞા કરતે હૈં કિ, ભગવાન કે ઐસે સ્વરૂપ મેં વિશ્વાસ કરને પર મૈં નિશ્ચિતરૂપ સે કહતા હૂઁ કિ, જીવ નિશ્ચિંત હો જાયેગા।

**भाग्यभाजां हि विश्वासो भवेच्छ्रीवल्लभप्रभौ । यथा निवेदने चिन्ता नवरत्ने निवारिता ॥**
**एवमत्र फले चिन्ता स्वकीयानां समुद्भूता ।**

શ્રીવલ્લભપ્રભુમાં ભાગ્યવાનોને જ વિશ્વાસ થાય છે. જેમ આચાર્યચરણોએ નવરત્નગ્રંથમાં નિવેદન માટે થવાવાળી ચિંતાનું નિવારણ કર્યું છે, તેવી રીતે અહીંયાં આ શ્લોક દ્વારા તેઓ ફલદાનમાં થવાવાળી ચિંતાનું નિવારણ કરી રહ્યા છે.

श्रीवल्लभप्रभु में भाग्यवानों को ही विश्वास होता है। जिस प्रकार आचार्यचरणों ने नवरत्नग्रंथ में निवेदन के लिए होनेवाली चिंता का निवारण किया है; वैसे यहाँ इस श्लोक द्वारा वे फलदान में होने वाली चिंता का निवारण कर रहे हैं।

**संयोगमानविरहाभिधभावत्रयं स्वत: ॥**
**अनुभूतं तु संयोग: सेवया त्यागतोऽपर: । आज्ञाकरणतो मानभावोत्र सफलीकृत: ॥**
**स्वरूपस्फूर्तित: पश्चात्पश्चात्तापो निवारित: ।**

આચાર્યચરણોએ આ ગ્રંથમાં 'સંયોગ', 'માન', 'વિરહ' આમ ત્રણ પ્રકારના ભાવ નિરૂપિત કર્યા છે. સંયોગ પ્રભુ સેવા થકી, ત્યાગ કરવા થકી વિરહ અને આજ્ઞા ન માનવાથી પ્રભુ દ્વારા માન કરવું (રિસાઈ જવું) આમ ત્રણ ભાવ પ્રદર્શિત કર્યા છે. આના પછી આચાર્યચરણોએ પોતાના સ્વરૂપની સ્ફૂર્તિ દ્વારા મનના પશ્ચાતાપનું નિવારણ કર્યું. (પોતાના સ્વરૂપની સ્ફૂર્તિ હોવાનું તાત્પર્ય આ કે જેમ આચાર્યચરણોએ પોતાના સંદર્ભમાં કહ્યું છે કે શું હું સમર્પણ પહેલાં ઉત્તમ હતો? હું તો પ્રભુનો સેવક જ છું, હું તો પ્રભુ-આજ્ઞાથી જ ભૂતલ પર આવ્યો છું, મને શા માટે પશ્ચાતાપ કરવો જોઈએ ? વગેરે વગેરે.)

आचार्यचरणों ने इस ग्रंथ में 'संयोग', 'मान', 'विरह' यों तीन प्रकार के भाव निरूपित किए हैं। संयोग प्रभुसेवा के द्वारा, त्याग करने के द्वारा विरह और आज्ञा न मानने से प्रभु द्वारा मान करना (रूठ जाना) यों तीन भाव प्रदर्शित किए हैं। इसके पश्चात् आचार्यचरणों ने अपने स्वरूप की स्फूर्ति द्वारा मन के पश्चात्ताप का निवारण किया। (अपने स्वरूप की स्फूर्ति होने का तात्पर्य यह है कि, जैसे आचार्यचरणों ने अपने विषय में कहा है कि - क्या मैं समर्पण से पहले उत्तम था ? मैं तो प्रभु का सेवक ही हूँ, मैं तो प्रभु-आज्ञा से ही भूतल पर आया हूँ, मुझे क्यों पश्चात्ताप करना चाहिए ? इत्यादि ....)

**इति श्रीवल्लभाचार्यपदाम्बुरुहरेणुषु-**
**आसक्तचित्तस्य विवृतिर्हरिदासस्य पूर्णताम् । अगमत्तेन ते स्वीयं दृढं कुर्वन्तु मां सदा ॥**

આ પ્રકારે શ્રીવલ્લભાચાર્યચરણોની રેણુમાં આસક્ત ચિત્તવાળા હરિદાસની વિવૃત્તિ પૂર્ણતા પર આવી પહોંચી છે, જેનાથી આપશ્રી મુજ સ્વીયને આ માર્ગમાં સદા દૃઢ રાખે.

इस प्रकार श्रीवल्लभाचार्यचरणकमलों की रेणु में आसक्त चित्तवाले हरिदास की विवृत्ति पूर्णता पर आ पहुँची है, जिससे आपश्री मुझ स्वीय को इस मार्ग में सदा दृढ रखें।

**अवद्यमनवद्यं वा विचारयतु मे प्रभु: । यत्प्रसादिदं सर्वं पूर्णतां याति सर्वथा ॥**
**सन्तोपि कृपया युक्तं मदीयं मूर्खजल्पितम् । श्रीमदाचार्यसम्बन्धात्पश्यन्तु परमादृता: ॥**
**इति श्रीहरिदासोक्तान्त:करणप्रबोधविवृति: समाप्ता ।**

મારી વિવૃત્તિ પ્રસંશનીય છે કે નિંદનીય ? આ મારા પ્રભુ આપ વિચાર કરો જે પ્રભુની કૃપાથી આ વિવૃતિ પૂર્ણતાને પ્રાપ્ત થઈ છે.

પરમ આદરણીય સંત પણ કૃપાપૂર્વક મારા આ મૂર્ખતાપૂર્ણ ભાષણને યોગ્ય દૃષ્ટિથી જ જુએ કારણકે હું શ્રીમદાચાર્યચરણથી સંબંધિત છું.

આ શ્રીહરિદાસ દ્વારા કહેલ અંત:કરણ પ્રબોધની વિવૃત્તિ સમાપ્ત થઈ.

मेरी विवृति प्रशंसनीय है या निंदनीय, यह मेरे प्रभु आप विचार करें, जिन प्रभु की कृपा से यह विवृत्ति पूर्णता को प्राप्त हुई है॥
परमादरणीय संत भी कृपापूर्वक मेरे इस मूर्खतापूर्ण भाषण को युक्ततर ही देखें क्योंकि मैं श्रीमदाचार्यचरण से संबंधित हूँ॥

यह श्रीहरिदास द्वारा कही अन्त:करणप्रबोध की विवृति समाप्त हुई॥

श्रीकृष्णाय नमः ।
श्रीगोपीजनवल्लभाय नमः ।
श्रीमदाचार्यचरणकमलेभ्यो नमः ।

श्रीवल्लभाचार्यचरणविरचित

# अन्तःकरणप्रबोधः ।

## श्रीश्यामलात्मजश्रीव्रजराजकृतविवरणम् ।

❋❋❋❋

नत्वा स्वाचार्यपादाब्जं सर्वाभीष्टप्रदायकम् ।
तदुक्तबोधवाक्यानि व्याख्यास्ये बोधसिद्धये ॥१॥

❋(अथ) श्रीमदाचार्यचरणाः (स्वीयान् प्रति नवरत्ने 'चिन्ता कापि न कार्या' इत्याज्ञाप्य तस्या अन्तःकरण-धर्मत्वादन्तःकरणस्य च स्वभावचञ्चलत्वाद्वृथाध्यानादिसंभवे पूर्वोक्ताज्ञाभङ्गसम्भवान्निवेदनं कृतमप्यकृतं स्यादिति तदभावाय प्रमेयबलेन यथा भगवान् भक्तान्तःकरणसम्बन्धी सन् फलप्रकरणे मदमाननिवारणं कृतवाँस्तथात्र) स्वीयान्तःकरणबोधार्थं (तदभिमुखीकृत्य) सप्रौढिस्वस्वरूपज्ञापनपूर्वकमन्तःकरणप्रबोधं निरूपयन्त्येकादशश्लोकैरेकादशेन्द्रियबोधकत्वेन । अन्तः-करणति ।

સમસ્ત ઈચ્છિત વસ્તુઓને આપનાર આપણા આચાર્યચરણકમલોને નમન કરીને
તેમના દ્વારા કહેલ બોધવાક્યોની વ્યાખ્યા હું બોધ સિદ્ધિ માટે કરી રહ્યો છું ॥૧॥

શ્રીમદ્-આચાર્યચરણોએ પોતાના સ્વીયજનોને નવરત્નગ્રંથમાં "કોઈ પણ ચિંતા નહીં કરવી જોઈએ.(૧)"આ આજ્ઞા કરી હતી. ચિંતા તો અંતઃકરણમાં જ થાય છે અને અંતઃકરણનો સ્વભાવ તો ચંચલ હોય છે તેથી જીવના અંતઃકરણનું ધ્યાન સંસારની વૃથા વાતોમાં ભટકી શકે છે અને આચાર્યચરણોની નવરત્નમાં કહેલી આજ્ઞા ભંગ થઈ શકે છે. જેથી જીવ દ્વારા ભગવાનને કરેલું નિવેદન પણ ન કર્યા બરોબર જ થઈ જાય છે. આવું ન થાય તેના માટે જેવી રીતે ભગવાને ફલપ્રકરણની અંતર્ગત વ્રજભક્તોના અંતઃકરણમાં બિરાજીને પ્રમેયબલથી તેમના મદ-માનનું નિવારણ કર્યું, તેવી જ રીતે અહીં આચાર્યચરણ પોતાના સ્વીયજનોના અંતઃકરણને બોધ કરાવવા માટે (તેમને સામે કરીને) પોતાના પ્રૌઢિ સ્વરૂપને બતાવતા ૧૧ શ્લોકો દ્વારા અંતઃકરણ પ્રબોધ ગ્રંથનું નિરૂપણ કરી રહ્યા છે. તે ૧૧ શ્લોકો ૧૧ ઈન્દ્રિયોને સૂચવે છે. હવે અંતઃકરણ વગેરે શબ્દોની વ્યાખ્યા કરવામાં આવે છે.

समस्त अभीष्ट वस्तुओं को देने वाले अपने आचार्यचरणकमलों को नमनकर उनके द्वारा कहे गये
बोधवाक्यों की व्याख्या मैं बोधसिद्धि के लिए कर रहा हूँ ॥१॥

श्रीमदाचार्यचरणों ने अपने स्वीयजनों को नवरत्नग्रंथ में "कोई भी चिन्ता नहीं करनी चाहिए (१)" यह आज्ञा की थी और चिन्ता तो अन्तःकरण में ही होती है और अन्तकरण का स्वभाव तो चंचल है अतः जीव के अन्तःकरण का ध्यान संसार की वृथा बातों में भटक सकता है और आचार्यचरणों की नवरत्न में की गई आज्ञा भंग हो सकती है, जिससे जीव का भगवान को किया गया निवेदन भी न किए के बराबर ही हो जाता है। ऐसा न हो, इसके लिए जैसे भगवान ने फलप्रकरण के अंतर्गत व्रजभक्तों के अन्तःकरण में विराजकर प्रमेयबल से उनके मद-मान का निवारण किया, वैसे ही यहाँ अपने स्वीयजनों के अन्तःकरण को बोध कराने के लिए (उन्हें सामने करके) अपने प्रौढ़िस्वरूप को बताते हुए आचार्यचरण ग्यारह श्लोकों द्वारा, जो ग्यारह-इद्रियों के बोधक हैं, अन्तःकरणप्रबोधग्रंथ का निरूपण कर रहे हैं। अब **अन्तःकरण** इत्यादि शब्दों की व्याख्या की जाती है।

**अन्तःकरण मद्वाक्यं सावधानतया श्रृणु ।**
**कृष्णात्परं नास्ति दैवं वस्तुतो दोषवर्जितम् ॥ १ ॥**

हे **अन्तःकरण**? मदीयानामिति शेषः (समाप्तौ भक्तो निश्चिन्ततां व्रजेदित्युपसंहाराद्बोध्यः) **मद्वाक्यं सावधानतया**

---

❋ ( ) चिन्हान्तर्गतं श्रीमत्पुरुषोत्तमचरणैः संशोध्य सम्पूरितं ज्ञेयम् ।

**सावधानीभूय श्रृण श्रुणुष्वेत्यर्थः । स्ववाक्यत्वेनाप्ततोक्ता । श्रवणे सावधानत्वोक्तिः श्रवणानन्तरं तथाकरणार्थम् । अन्तःकरणस्यैकवचनं स्वमार्गे सर्वेषामेकरूपत्वज्ञापनाय जात्यभिप्रायेण । (अत्र सर्वे प्राञ्चः स्वान्तःकरणमेव बोधनीयत्वेनाङ्गीचक्रुः । तदपि श्रीवल्लभाष्टके रूपद्वयेनावतारबोधनात्सर्वोत्तमे 'स्वास्यं प्रादुर्भूतं चकारे'त्युक्तेश्च, मुखाग्न्यवताराभिप्रायेण सङ्गतमेव, )**

આ શ્લોક દ્વારા આચાર્યચરણ પોતાના નિજજનોને સંબોધિત કરીને કહી રહ્યા છે કે ''હે મારા નિજજનોના અંતઃકરણ! મારા વાક્યને સાવધાન થઈને સાંભળો''-આ અર્થ છે. (આચાર્યચરણો આ પ્રકારે પોતાના ભક્તોના અંતઃકરણને સંબોધિત કરીને કહી રહ્યા છે, આ એટલા માટે માનવામાં આવે છે કારણકે આ ગ્રંથની સમાપ્તિમાં તેમને ''મારા વચનોને સાંભળીને ભક્ત ચિંતારહિત થશે'' આમ કહ્યું છે. આથી સમજાય છે કે તેઓ પોતાના ભક્તોના અંતઃકરણને સમજાવી રહ્યા છે.) આચાર્યચરણોએ અહીંયાં ''મારા વાક્યને સાંભળો'' આમ કહ્યું છે, જેથી આ વાક્યોમાં આપશ્રીના કથનની પ્રામાણિકતા સમજાય છે. આપશ્રીએ આ આજ્ઞા કરી છે કે ''સાવધાન થઈને સાંભળો-'' આનું તાત્પર્ય આ છે કે, આપશ્રીના આ વાક્યોને સાંભળીને આપણે પણ જીવનમાં તેવું જ અનુકરણ કરવું જોઈએ. (ટીકાકારે પ્રથમ શ્લોકનો અર્થ આ કર્યો છે કે આચાર્યચરણ પોતાના સ્વીયજનોના અંતઃકરણને બોધ કરાવે છે, તો પછી પ્રશ્ન આ ઊભો થાય છે કે અહીંયાં અંતઃકરણ શબ્દ એકવચનમાં કેમ છે ? આવી રીતે તો પછી વાક્ય-''હે અંતઃકરણો! મારા વાક્ય સાવધાન થઈને સાંભળો'' એમ હોવું જોઈતું હતું-આનું સ્પષ્ટીકરણ ટીકાકાર આગળની પંક્તિમાં આપી રહ્યા છે.) અહીંયાં અંતઃકરણ શબ્દ એકવચનમાં આપેલું છે. જે આ પુષ્ટિમાર્ગમાં શ્રીમહાપ્રભુજી દ્વારા અંગીકૃત થયેલા સમસ્ત જીવોની એકરૂપતા બતાવવા માટે જાતિના અભિપ્રાયથી છે, આ જાણી લેવું જોઈએ. (આ શ્લોક માટે સમસ્ત પ્રાચીન ટીકાકારોએ આ જ પક્ષ સ્વીકાર કર્યો છે કે આચાર્યચરણો પોતાના જ અંતઃકરણને સમજાવી રહ્યા છે. તેમનો આ પક્ષ પણ સંગત (ઉચિત) જ છે કેમકે શ્રીવલ્લભાષ્ટકમાં આચાર્યચરણો માટે આ બતાવવામાં આવ્યું છે કે, આપશ્રી 'પુરુષોત્તમ' અર્થાત્ શ્રીકૃષ્ણના સ્વરુપે અને 'અગ્નિસ્વરુપ' અર્થાત્ આચાર્યસ્વરુપે; આમ બે સ્વરુપસહિત અવતરિત થયા છે. આવી જ રીતે શ્રીસર્વોત્તમસ્તોત્ર માં આપશ્રી માટે ''સ્વાસ્યં પ્રાદુર્ભૂતં ચકાર હિ (૩)'' આ શ્લોક થકી આ કહેવાયું છે કે ભગવાને પોતાના મુખારવિંદસ્વરુપ આચાર્યચરણોને ભૂતલ પર પ્રકટ કર્યા. તેથી આચાર્યચરણો મુખાગ્નિ-અવતાર હોવાને કારણે જો પોતાના જ અન્તઃકરણ ને સંબોધિત કરતા હોય તો તે યુક્ત જ છે. (તાત્પર્ય આ કે આચાર્યચરણો ના બે સ્વરુપો છે. એક તો વાસ્તવિકરુપથી આપશ્રી શ્રીકૃષ્ણ જ છે અને બીજું આપ આચાર્યસ્વરુપ-અગ્નિસ્વરુપ પણ છે. તેથી એક બાજુ આપશ્રી ને કેવલ શ્રીકૃષ્ણસ્વરુપ-પુરુષોત્તમસ્વરુપ જ માનીએ, ત્યારે તો પ્રશ્ન એ ઉભો થશે કે પોતે પુરુષોત્તમ-ભગવાન કોઈ દુવિધા માં હોય અને એમને પોતે પોતાના અંતઃકરણને સમજાવવું પડે, આ કેવી રીતે બની શકે અથવા તો કેવી રીતે સંભવ છે ? પરંતુ આપશ્રી ને એક આચાર્યસ્વરુપ-અગ્નિસ્વરુપ ની દૃષ્ટિથી જોઈએ, તો આવો વિચાર કરવો ઉચિત પણ ઠરાવી શકાય કે તેઓ પોતાના અંતઃકરણને બોધ આપે છે. ટીકાકાર અહીં શ્રીવલ્લભાષ્ટક અને શ્રીસર્વોત્તમસ્તોત્રનો દાખલો આપીને આ જ વાત સમજાવવા માંગે છે.)

इस श्लोक द्वारा आचार्यचरण अपने निजजनों को संबोधित कर के कह रहे हैं कि - मेरे निजजनों के अन्तःकरण ! मेरे वाक्य को सावधान होकर सुनो, यह अर्थ है। आचार्यचरण इस प्रकार से अपने भक्तों के अन्तःकरण को संबोधित करके समझा रहे हैं, यह इसलिए माना जा रहा है क्योंकि इस ग्रंथ की समाप्ति में उन्होंने ''मेरे वचनों को सुनकर भक्त चिंतारहित हो जायेंगे'', यह कहा है। इससे ज्ञात होता है कि वे अपने भक्तों के अन्तःकरण को समझा रहे हैं। आचार्यचरण ने यहाँ 'मेरे वाक्य को सुनो' यह कहा है; जिससे इन वाक्यों में आपश्री के कथन की प्रामाणिकता ज्ञात होती है। आपश्री ने यह आज्ञा की है कि सावधान होकर सुनो, इसका यह तात्पर्य है कि, आचार्यचरणों के इन वाक्यों को सुनकर हमें अपने जीवन में वैसा ही अनुकरण करना चाहिए। (टीकाकार ने प्रथम श्लोक का अर्थ यह किया है कि आचार्यचरण अपने स्वीयजनों के अन्तःकरणों को बोध करा रहे हैं , तो प्रश्न यह उठता है कि फिर यहाँ अन्तःकरण शब्द एकवचन में क्यों है ? ऐसे में तो फिर वाक्य - हे अन्तःकरणों ! मेरा वाक्य सावधान होकर सुनो-यों होना चाहिए। तो इसका स्पष्टीकरण टीकाकार आगे की पंक्ति में दे रहे हैं।) यहाँ अन्तःकरण शब्द एकवचन में दिया गया है जो इस पुष्टिमार्ग में श्रीमहाप्रभुजी द्वारा अंगीकृत हुए समस्त जीवों की एकरूपता बताने के लिए जाति के अभिप्राय से है, यह जान लेना चाहिए । (इस श्लोक के लिए समस्त प्राचीन टीकाकारों ने यही पक्ष स्वीकार किया है कि, आचार्यचरण अपने अन्तःकरण को ही समझा रहे हैं । उनका ऐसा पक्ष भी संगत ही है क्योंकि श्रीवल्लभाष्टक में आचार्यचरणों के लिए यह बताया गया है कि, आपश्री 'पुरुषोत्तम' अर्थात् श्रीकृष्ण के स्वरूप एवं 'अग्निस्वरूप' अर्थात् आचार्यस्वरूप यों दो स्वरूपों के सहित अवतरित हुए हैं। इसी प्रकार सर्वोत्तमस्तोत्र में आपश्री के लिए ''स्वास्यं प्रादुर्भूतं चकार हि (३)'' इस श्लोक द्वारा यह कहा गया है कि भगवान ने अपने मुखारविंद स्वरूप आचार्यचरणों को भूतल पर प्रकट

किया। अत: आचार्यचरण मुखाग्नि-अवतार होने के कारण यदि अपने ही अंत:करण को संबोधित करते हों तो यह युक्त ही है (तात्पर्य यह है कि आचार्यचरणों के दो स्वरूप हैं। एक तो वास्तविक रूप से आपश्री श्रीकृष्ण ही हैं एवं दूसरे आप आचार्यस्वरूप-अग्निस्वरूप भी हैं। अत: एक ओर यदि आपश्री को केवल श्रीकृष्ण-स्वरूप-पुरुषोत्तमस्वरूप ही मानें, तब तो प्रश्न यह खड़ा होगा कि स्वयं पुरुषोत्तम-भगवान कोई दुविधा में हों और उन्हें अपने अन्त:करण को समझाना पड़े यह कैसे संभव है या युक्त है परंतु आपश्री को एक आचार्यस्वरूप-अग्निस्वरूप से देखें, तो ऐसा सोचना उचित ठहराया जा सकता है कि वे अपने अन्त:करण को बोध कर रहे हैं। टीकाकार यहाँ श्रीवल्लभाष्टक एवं सर्वोत्तमस्तोत्र का उदाहरण देकर यही बात समझाना चाह रहे हैं )

**एवं स्वीयानामन्त:करणं सम्मुखीकृत्य बोधवाक्यमेवाहु: । कृष्णात्परमिति । कृष्णात् 'कृषिर्भूवाचक' इत्यस्य भावानन्दात्मकतया विवरणेन व्रजवरवल्लभानां भावात्मकात् (परमुत्कृष्टं दैवं देवानां क्रीडाकृतां समूहो वा, ''दैवं दिष्टं भागधेयं भाग्यमि''तिकोशात्तासां भाग्यरूपं वा । नास्ति इतरं) नास्तीत्यर्थ:। ननु किं स्तुतिरेवेयमित्याशङ्कायामाहु:, वस्तुत इति । तत्रोत्कृष्ट (ताया वास्तव)त्वार्थं विशेषणमाहु:- दोषवर्जितमिति। दोषैर्वर्जितं रहितमित्यर्थ:।**

**(तथा चेदं तद्वास्तवत्वे बीजम् । किञ्च; )**

આ પ્રકારે આચાર્યચરણ પોતાના સ્વીયજનોના અંત:કરણને સામે કરીને **કૃષ્ણાત્પરમ્** વગેરે શબ્દોથી બોધ વાક્યો કહી રહ્યા છે. અહીંયાં આપશ્રીનું તાત્પર્ય આ છે કે -''કૃષ્ શબ્દ સત્તાનું વાચક છે અને 'ણ' શબ્દ આનંદનું વાચક છે. આ બંનેથી મિશ્રિત સ્વરૂપ હોવાના કારણે ભગવાનને 'કૃષ્ણ'કહેવામાં આવે છે''- આ કથનાનુસાર ભગવાન શ્રીકૃષ્ણને ભાવાનંદાત્મક બતાવ્યું છે. તેથી વ્રજગોપિકાઓના પ્રિય ભાવાત્મક-શ્રીકૃષ્ણથી અધિક દોષરહિત કોઈ અન્ય દેવ નથી. (દૈવમ્ શબ્દનો અર્થ છે 'અન્ય દેવતાઓ' અથવા તો રાસક્રીડા કરવાવાળી ગોપીકાઓનો સમૂહ) અથવા તો શબ્દકોષના અનુસારે દૈવ શબ્દનો અર્થ 'દિષ્ટ,''ભાગધેય' અને 'ભાગ્ય' આમ ત્રણ પ્રકારે કરેલો છે. તેથી આના અનુસારે આચાર્યચરણ અહીંયાં દૈવ શબ્દનો પ્રયોગ કરીને શ્રીકૃષ્ણને આ ગોપિકાઓના ભાગ્યરૂપ બતાવી રહ્યા છે, આવો અર્થ કરી લો. તેથી તાત્પર્ય આ થયું કે, શ્રીકૃષ્ણ સિવાય અન્ય કોઈ બીજો પરમ ઉત્કૃષ્ટ દેવતા અથવા તો ગોપિકાઓના ભાગ્યરૂપ બીજું કોઈ નથી આ અર્થ છે. પરંતુ અહીં આ પ્રશ્ન થઈ શકે છે કે આચાર્યચરણ જો આવી રીતે શ્રીકૃષ્ણને સર્વશ્રેષ્ઠ અને દોષરહિત કહી રહ્યા છે તો શું આ કેવળ સ્તુતિ જ છે અથવા તો આની પાછળ કોઈ ગૂઢ તાત્પર્ય પણ છે? તો આના પ્રત્યુત્તરમાં આપશ્રીના **વસ્તુત:** શબ્દ ઉપર ધ્યાન આપવું જોઈએ. ભગવાનની આવી ઉત્કૃષ્ટતાની વાસ્તવિકતા બતાવવા માટે આપશ્રીએ તેમને **દોષવર્જિતમ્** કહ્યું છે જેનું તાત્પર્ય આ છે કે શ્રીકૃષ્ણ સમસ્ત દોષોથી રહિત છે અને આચાર્યચરણો દ્વારા વસ્તુત: કહેવાની પાછળનું કારણ પણ આ જ છે.

इस प्रकार आचार्यचरण अपने स्वीयजनों के अन्त:करण को सामने करके **कृष्णात्परम्** इत्यादि शब्दों से बोधवाक्य कह रहे हैं। यहाँ आपश्री का तात्पर्य यह है कि-'कृष्' शब्द सत्ता का वाचक है एवं 'ण' शब्द आनंद का वाचक है। इस दोनों से मिश्रित स्वरूप होने के कारण भगवान को 'कृष्ण' कहा जाता है, इस कथनानुसार भगवान-श्रीकृष्ण को भावानन्दात्मक बताया गया है अत: व्रजगोपिकाओं के प्रिय भावात्मक-श्रीकृष्ण से अधिक दोषरहित कोई अन्य देव नहीं है। (दैवं शब्द का अर्थ है 'अन्य देवता' अथवा तो रासक्रीड़ा करने वाली गोपिकाओं का समूह। अथवा तो शब्दकोश के अनुसार 'दैव' शब्द का अर्थ 'दिष्ट', 'भागदेय' एवं 'भाग्य' यों तीन प्रकार से किया गया है अत: इसके अनुसार आचार्यचरण 'दैव' कह कर श्रीकृष्ण को इन गोपिकाओं के भाग्यरूप बता रहे हैं; ऐसा अर्थ कर लें । सो तात्पर्य यह हुआ कि श्रीकृष्ण के अतिरिक्त अन्य कोई दूसरा परम उत्कृष्ट देवता या फिर गोपिकाओं का भाग्यरूप और कोई नहीं है, यह अर्थ है । किंतु यहाँ किसी को एक प्रश्न यह हो सकता है कि आचार्यचरण जो इस प्रकार से श्रीकृष्ण को सर्वश्रेष्ठ एवं दोषरहित कह रहे हैं तो क्या यह केवल स्तुति ही है या फिर इसके पीछे कोई गूढ़ तात्पर्य भी है ? तो इसके प्रत्युत्तर में आपश्री के **वस्तुत:** शब्द पर ध्यान देना चाहिए। भगवान की ऐसी उत्कृष्टता की वास्तविकता बताने के लिए आपश्री ने उन्हें **दोषवर्जितम्** कहा है, जिसका अर्थ यह है कि श्रीकृष्ण समस्त दोषों से रहित हैं और आचार्यचरणों का वस्तुत: कहने के पीछे कारण भी यही है।

**कृष्णपदात् सदानन्द उक्तस्तेन यथा गोपिकार्थं कोटिकन्दर्पलावण्यं प्रकटीकृत्य प्रकटस्तथा सर्वत्रापि तदर्थं प्रकटो भविष्यतीति ज्ञापितम् । तेनान्यत्र क्रीडारूपत्वं नास्त्येवेति जीवानामन्यत्र नायकभावेन भजनं दोषरूपमेवेति भावो दोषवर्जितमित्यनेन ज्ञापित:। अत एव 'वीरयोषिता'मित्यत्र 'व्रजनितम्बिनी'वाक्यव्याख्याने श्रीमदाचार्यै 'नं हि कृष्णादन्य एवं सम्बोधनमर्हती' ति निरूपितम्। आद्य श्रीमहिषीभिरपि 'त्वक्स्मश्रुरोमे' तिपद्येनान्यत्र कान्तभावस्य दोषरूपता निरूपिता। (तथा च स्वक्रीडानुरोधेन स्वीयभाग्यरूपतया च स्वयमेवास्माकं करिष्यतीति निश्चित्य चिन्ता न कार्येत्यर्थ:।)**

અને આપશ્રીએ 'કૃષ્ણ' પદ કહીને ભગવાન શ્રીકૃષ્ણને સદાનંદ કહ્યું છે, જેથી આ જ્ઞાત થાય છે કે જેવી રીતે ગોપિકાઓ માટે પ્રભુ પોતાના કોટિકંદર્પલાવણ્ય સ્વરૂપથી પ્રકટ થયા હતા. તેવી રીતે અહીંયાં પણ તેઓ સમસ્ત જીવોને આનંદ આપવા માટે પ્રકટ થશે. તેથી આ સિદ્ધ થાય છે કે પુષ્ટિભક્તિમાર્ગ સિવાય પ્રભુનું બીજે ક્યાંય પણ ક્રીડારૂપ સ્વરૂપ છે જ નહીં. તેથી જીવો માટે ભગવાન શ્રીકૃષ્ણ સિવાય બીજા કોઈ પણ દેવતાને નાયકરૂપથી ભજવું દોષરૂપ જ છે. આ ભાવ આચાર્યચરણોએ **દોષવર્જિતમ** શબ્દ દ્વારા કહ્યું છે. આ જ કારણે શ્રીમદ્-ભાગવતનાં ''વીરયોષિતાં (શ્રી.ભા.૧૦/૩૧/૬) આ શ્લોકની અંતર્ગત આવેલ વ્રજનિતમ્બિનિયો (ગોપિકાઓ) દ્વારા કહેલ આ વાક્યનું વ્યાખ્યાન કરતાં શ્રીમદ્-આચાર્યચરણોએ ભગવાન શ્રીકૃષ્ણ માટે
આ કહ્યું છે કે ગોપિકાઓએ શ્રીકૃષ્ણને 'વીરશિરોમણિ' કહીને સંબોધિત કર્યા છે, જે સંબોધન માટે શ્રીકૃષ્ણ સિવાય બીજું કોઈ પણ યોગ્ય નથી. આની પહેલાં મહિષીગીતમાં પણ રૂક્મિણીજીએ ભગવાન માટે ''આ મનુષ્યનું શરીર ઉપરથી ચામડી, દાઢી-મૂછ,નખ કેશ વગેરેથી ઢંકાયેલું છે અને ભીતર મલમૂત્રથી. આવા શરીરને તે જ સ્ત્રી પોતાનો પતિ માનીને સેવન કરે છે, જેને ક્યારેય આપના ચરણારવિંદોનું મકરંદ પ્રાપ્ત ન થયું હોય.(શ્રી.ભા.૧૦/૬૦/૪૫)'' આ પદ્ય દ્વારા ભગવાન-શ્રીકૃષ્ણ સિવાય અન્ય બીજા કોઈમાં પણ કાન્તભાવ રાખવો દોષયુક્ત બતાવ્યું છે. આથી ભગવાન પોતાની ક્રીડા દ્વારા અને સ્વીયજનોના ભાગ્યરૂપ હોવાના કારણે આપણને જે કાંઈ પણ ઈચ્છિત છે તે બધું પોતે જ કરશે, આવું મનમાં નિશ્ચિત કરીને ચિંતા ન કરવી જોઈએ, આ અર્થ છે.

और, आपश्री ने 'कृष्ण' पद कह कर भगवान-श्रीकृष्ण को सदानंद कहा है, जिससे यह ज्ञात होता है कि जैसे गोपिकाओं के लिए प्रभु अपने कोटिकन्दर्पलावण्य स्वरूप से प्रकट हुए थे, वैसे यहाँ भी वे समस्त जीवों को आनंद देने के लिए प्रकट होंगे इसलिए यह सिद्ध होता है कि पुष्टिभक्तिमार्ग के अतिरिक्त प्रभु का और कहीं क्रीड़ारूप है ही नहीं अत: जीवों के लिए भगवान-श्रीकृष्ण से अतिरिक्त किसी और देवता को नायकरूप से भजना दोषरूप ही है, यह भाव आचार्यचरणों ने **दोषवर्जितम्** शब्द द्वारा बताया है। इसी कारण श्रीमद्-भागवत के ''वीर योषितां (श्री०भा०१०/३१/६) इस श्लोक के अंतर्गत आए व्रजनितम्बिनियों (गोपिकाओं) द्वारा कहे इस वाक्य का व्याख्यान करते समय आचार्यचरणों ने भगवान-श्रीकृष्ण के लिए यह कहा है कि गोपिकाओं ने श्रीकृष्ण को 'वीरशिरोमणि' कह कर संबोधित किया है, जिस संबोधन के लिए श्रीकृष्ण से अतिरिक्त अन्य कोई भी योग्य नहीं है। इसके पूर्व महिषीगीत में भी रुक्मणिजी ने भगवान के लिए ''यह मनुष्य का शरीर उपर से चमड़ी, दाढ़ी-मूँछ, नख, केशों आदि से ढँका है और अंदर मल-मूत्र से। ऐसे शरीर को वही स्त्री अपना पति मानकर सेवन करती है, जिसे कभी आपके चरणारविंदों का मकरंद प्राप्त न हुआ हो (श्री०भा०१०/६०/४५)'' इस पद्य द्वारा भगवान-श्रीकृष्ण के अतिरिक्त अन्य किसी में कांतभाव रखना दोषरूप बताया है। अत: भगवान अपनी क्रीड़ा के द्वारा एवं स्वीयजनों के भाग्यरूप होने के कारण हमें जो कुछ वांछित है वह सबकुछ स्वयं ही करेंगे, ऐसा मन में निश्चित करके चिन्ता नहीं करनी चाहिए, यह अर्थ है।

**(ननु सत्यमेवं तथापि भगवतो ब्रह्मश्रुत्यादिदुरापचरणरेणुत्वे स्वतुच्छत्वे च स्फुरिते सोत्पद्येतैवेति कथं तन्निवृत्तिरित्याकाङ्क्षायां तन्निवृत्यर्थमेवं) दोषरहितस्वरूपं विचार्य तत्र मानापेक्षादिदोषराहित्येनाज्ञैव कार्येति साद्धैस्त्रिभिर्वदन्त: प्रथमं (तुच्छत्वस्फूर्त्तेरकिञ्चित्करत्वाय निदर्शनमाहु:,) चाण्डाली चेदिति।**

**चाण्डाली चेद्राजपत्नी जाता राज्ञा च मानिता।**
**कदाचिदपमाने वा मूलत: का क्षतिर्भवेत् ॥ २ ॥**

**चाण्डाली चत्कदाचिद्राज्ञा मानिता सती राजपत्नी च जाता। चकारेण स्वस्यापि तथाभिमानोत्पत्तिर्जातेति ज्ञाप्यते। (तदा) तादृश्या: कदाचिदपमाने वा मूलतो राजपत्नीत्वत: का क्षतिर्भवेत् ? न कापीत्यर्थ:।**

ચાલો માની લઈએ કે આ વાત સાચી છે તો પણ મનમાં એક સંશય આ રહે છે કે ભગવાનની ચરણરેણુ તો બ્રહ્મ, શ્રુતિ વગેરેને પણ દુર્લભ છે. અને જીવ તો એમની સામે અતિ તુચ્છ છે તેથી મનમાં ચિંતા બની રહેવી તો સ્વાભાવિક છે કે તેઓ આપણો ઉદ્ધાર કરશે કે નહીં ? આ ચિંતા કેવી રીતે દૂર થાય ? તો આવી ચિંતાની નિવૃત્તિ માટે સર્વપ્રથમ મનમાં ભગવાનના દોષરહિત સ્વરૂપનો વિચાર કરીને આપણું પોતાનું માન સન્માન રાખવું અથવા તો તેમનાથી કોઈ પણ પ્રકારનો સ્વાર્થ રાખવા જેવા દોષોથી રહિત થઈને તેમની આજ્ઞાનુસાર જ કાર્ય કરવું જોઈએ. આ આગળના સાડા ત્રણ શ્લોકો દ્વારા આચાર્યચરણ સૌથી પહેલાં **ચાંડાલી ચેત્** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે (ભગવાન સામે પોતાની તુચ્છતા જાણી લેવાના કારણે આપણી અસમર્થતા બતાવવા માટે આચાર્યચરણ ચાંડાલીનું ઉદાહરણ આપીને સમજાવી રહ્યા છે.)

કોઈ ચાંડાલી સ્ત્રી કોઈ રાજા દ્વારા સમ્માનિત થઈ અને એની પત્ની બની ગઈ. જેવી રીતે ચાંડાલીને પોતાનામાં રાજપત્ની થવાનું અભિમાન થયું તેવી રીતે આપણને પણ એવું અભિમાન થઈ જાય છે, આ જ શબ્દથી જણાય છે. આચાર્યચરણ કહે છે કે હવે

માનો કે તે ચાંડાલીનું ક્યારેય અપમાન પણ થઈ જાય તો **મૂલતઃ** અર્થાત્ રાજપત્નીના સંદર્ભમાં તેની શું ક્ષતિ થઈ ? કાંઈ પણ નહીં, આ અર્થ છે.

चलो मान लें कि, यह बात सच है तथापि मन में एक संशय यह रहता है कि, भगवान की चरणरेणु तो ब्रह्म-श्रुति आदि को भी दुर्लभ है और जीव तो उनके सामने अति तुच्छ है अत: मन में चिन्ता तो बनी रहनी स्वाभाविक है कि वे हमारा उद्धार करेंगे या नहीं ? यह चिंता कैसे दूर हो ? तो ऐसी चिन्ता की निवृत्ति के लिए सर्वप्रथम मन में भगवान का दोषरहित स्वरूप विचार करके अपना मान-सम्मान या फिर उनसे किसी भी प्रकार का स्वार्थ रखने जैसे दोषों से रहित होकर उनकी आज्ञानुसार ही कार्य करना चाहिए, यह आगे के साढ़े तीन श्लोकों द्वारा आचार्यचरण सबसे पहले **चाण्डाली चेत्** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं। (भगवान के समक्ष अपनी तुच्छता जान लेने के कारण अपनी असमर्थता बताने के लिए आचार्यचरण चाण्डाली का उदाहरण देकर समझा रहे हैं।)

કોઈ ચાણ્ડાલી સ્ત્રી કિસી રાજા કે દ્વારા સમ્માનિત હુઈ ઔર ઉસકી પત્ની બન ગઈ। જૈસે ઉસ ચાણ્ડાલી કો અપને રાજપત્ની હોને કા અભિમાન હુઆ, વૈસે હમેં ભી ઐસા અભિમાન હો જાતા હૈ, યહ **ચ** શબ્દ સે જ્ઞાત હોતા હૈ। આચાર્યચરણ કહતે હૈં કિ, અબ માનો ઉસ ચાણ્ડાલી કા કદાચિત અપમાન ભી હો ગયા તો **મૂલત:** અર્થાત્ રાજપત્ની કે સંદર્ભ મેં ઉસકી ક્યા ક્ષતિ હુઈ ? કુછ ભી નહીં, યહ અર્થ હૈ।

**माने कारणं राजपत्नीत्वं न तु चाण्डालीत्वम् । राजपत्नीत्वेपि कारणं राजसम्माननं न तु स्वधर्मः कोपि । तस्मात्तत्कृतापमानस्यापि न राजपत्नीत्वान्यथाकारित्वशङ्के । यथा[1] राजपत्नीत्वसम्पत्त्यनन्तरमपमानेपि न तद्धानिस्तथात्र समर्पणानन्तरं (परीक्षाद्यर्थं) द्वितीयरसपूर्त्त्यर्थं वा भगवतापमानेपि कृते स्वस्य पुनरन्यभावो न भविष्यति । समर्पणेन यो भावो जातः स तु जात एव, (पुनर्यदा परीक्षादिपूर्त्तिः) संयोगरसदानेच्छा (वा) भविष्यति तदा पुनस्तथैव मानप्राप्तिरपि भविष्यतीति विचार्यम् ।**

તેનું સમ્માનિત થવાનું કારણ તો રાજપત્ની બની જવું છે. કોઈ ચાંડાલી હોવાથી એનું માન થોડું છે ? અને રાજપત્ની બનવામાં પણ કારણ તો રાજા દ્વારા સમ્માન મળવું જ છે, એની પોતાની યોગ્યતા નહીં, તેથી જો રાજા ક્યારે એનું અપમાન પણ કરી દે તો તેનું રાજપત્નીનું પદ કાંઈ છીનવાય નહીં જાય. તેથી જે પ્રકારે ચાંડાલીના રાજપત્ની બની જવા પછી તેનું અપમાન થઈ જાય તો પણ એની કાંઈ હાનિ થવાની નથી, ઠીક તે જ પ્રકારે અહીં ભગવાનને સર્વસમર્પણ કરી દીધા પછી જો ભગવાન પરીક્ષા કરવા માટે અથવા તો વિપ્રયોગરસનું દાન કરવા માટે જીવનું અપમાન પણ કરે તો પણ જીવનો અન્યથા ભાવ નહીં થાય. (અર્થાત્ જીવોએ તો પ્રભુને સર્વ સમર્પણ કરીને એમની શરણાગતિ લીધી છે. તેથી તેમના ઉદ્ધાર થવામાં કોઈ પણ અંતર આવવાનું નથી, આ અર્થ છે.) સમર્પણ દ્વારા તેને પ્રભુમાં જે સ્થાયી ભાવ સિદ્ધ થઈ ચૂક્યો છે, તે તો રહેશે જ અને પાછી જ્યારે પ્રભુની પરીક્ષા કરવાની ઈચ્છા પૂર્ણ થઈ જશે અને તેમને જીવને સંયોગરસનું દાન કરવાની ઈચ્છા થશે, ત્યારે જીવને ફરી પાછું તે જ પ્રકારે સમ્માન પણ પ્રાપ્ત થઈ જશે, આનો વિચાર કરી લેવો જોઈએ.

उसके सम्मानित होने का कारण तो राजपत्नी बन जाना ही है, कोई चाण्डाली होने से उसका मान थोड़े ही है । और राजपत्नी बनने में भी कारण तो राजा द्वारा उसे सम्मान दिया जाना है, उसकी खुद की योग्यता नहीं। अत: यदि राजा उसका मानो कभी अपमान भी कर दे, तो उससे उसका राजपत्नी का पद थोड़े ही छिन जाने वाला है ? इसलिए जिस प्रकार चाण्डाली के राजपत्नी बन जाने के पश्चात् उसका अपमान हो जाने पर भी उसकी कोई हानि होने वाली नहीं है, ठीक उसी प्रकार यहाँ भगवान को सर्वसमर्पण कर देने के पश्चात् यदि भगवान परीक्षा करने के लिए अथवा तो विप्रयोग-रस का दान करने के लिए जीव का अपमान भी करें, तो भी जीव का अन्यथाभाव नहीं होगा (अर्थात् जीव ने तो प्रभु को सर्वसमर्पण करके उनकी शरणागति ली है अत: उसके उद्धार होने में कोई भी अंतर आने वाला नहीं है, यह अर्थ है।) समर्पण के द्वारा उसे प्रभु के प्रति जो स्थायीभाव सिद्ध हो चुका है, वह तो रहेगा ही; और पुन: जब प्रभु की परीक्षा करने की इच्छा पूर्ण हो जायेगी और उन्हें जीव को संयोगरस का दान करने की इच्छा होगी, तब जीव को पुन: उसी प्रकार.प्रभु से सम्मान भी प्राप्त हो जायेगा: इसका विचार कर लेना चाहिए।

**(तथा द्वितीयव्याख्यानरीत्या राजपत्नीत्वमिव समर्पणानन्तरं स्वस्य सेवायोग्यत्वमेव विचार्यं, न तु चाण्डालीत्वमिव स्वतुच्छत्वमपि विचार्यम् । भगवता पुष्टिमार्गस्य स्वार्थं प्रकटितत्वेन स्वोरीचिकीर्षितजीवदोषानादरणपुरःसरं तदङ्गीकरणे अन्तरा च जीवदोषादासक्तौ भगवानेवेति न्यायेन विलम्बेपि पूर्वात्परबलीयस्त्वन्यायेन नाङ्गीकारतिरस्कारो, नापि दोषप्राबल्यमिति न तुच्छत्वाऽवसर इत्याश)येनाहुः । समर्पणादहमिति ।**

(આ જ વસ્તુને બીજી વ્યાખ્યાથી સમજવું હોય તો આમ સમજવું જોઈએ કે સમર્પણ કરી લીધા પછી તે રાજપત્નીની

---

१ ( किञ्च यथा राजसम्पत्त्यनन्तरं पूर्वस्वरूपं न विचार्यं, तद्विचारे सति स्वहीनत्वे स्फुरिते तस्य रसहानिः स्यात्तथा समर्पणे कृतेपि स्वस्वरूपविचारेण प्रभुः कृपां करिष्यति न वेति हीनत्वं न विचार्यम् ।) इति श्रीपुरुषोत्तमचरणैरनादृताः पङ्क्तयः स्वहस्ताक्षरशोधितग्रन्थे सन्ति ।

જેમ એ જ વિચાર કરવો જોઈએ કે આપણે પ્રભુની સેવાને યોગ્ય જ છીએ, આ નહીં કે ચાંડાલીની જેમ તુચ્છતાનો વિચાર કરી લેવામાં આવે. ભગવાને પુષ્ટિમાર્ગ એમના પોતાના માટે પ્રકટ કર્યો છે તેથી ભગવાને જે જીવોને સ્વીકાર કરી લીધા છે, એમના દોષોની ઉપેક્ષા કરીને પછી ભલે તે જીવનો અંગીકાર કરવામાં કોઈ બાધા પણ આવી જાય અથવા તો જીવની સંસારાસક્તિ જોઈને ભગવાન એને અંગીકાર કરવામાં વિલંબ પણ કરે (જુઓ ''આસક્તૌ ભગવાનેવ/પુ.પ્ર.મ.ભે./૧૮''), તો પણ સ્મરણ રહે કે, જીવની પહેલાની સ્થિતિ કરતાં સમર્પણ કર્યા પછી ની સ્થિતિ વધારે સારી છે. તેથી ન અંગીકૃતજીવનો તિરસ્કાર થશે અને ન ભગવત્કૃપા સામે જીવના દોષ જ પ્રબલ થઈ શકે છે તેથી જીવને પોતાની તુચ્છતા માનવાનો કોઈ અવસર નથી. આ જ આશયથી આચાર્યચરણો આગળ **સમર્પણાદહ** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે.

(इसी को दूसरी व्याख्यानरीति से समझना चाहें. तो यों समझें कि समर्पण के पश्चात् उस राजपत्नी की भाँति यही विचार करना चाहिए कि, हम प्रभु की सेवा के योग्य ही हैं, यह नहीं कि चाण्डाली की भाँति तुच्छता का विचार किया जाय। भगवान ने पुष्टिमार्ग खुद अपने लिए प्रकट किया है अत: भगवान ने जिन जीवों को स्वीकार करके चुना है, उनके दोषों को उपेक्षा करके उस जीव का अंगीकार करने में कोई बाधा भी आ जाय या फिर जीव की संसार में अत्याधिक आसक्ति देखकर भगवान उसका अंगीकार करने में विलंब भी करें (देखें ''आसक्तौ भगवानेव-पु०प्र०म०भे०/१८''), तो भी स्मरण रहे कि, जीव की पूर्वस्थिति से तो समर्पण होने के पश्चात् की स्थिति अधिक अच्छी है अत: न अंगीकृत जीव का तिरस्कार होगा और न ही भगवत्कृपा के आगे जीव के दोष प्रबल हो सकते हैं अत: जीव को अपनी तुच्छता मानने का कोई अवसर नहीं है, इसी आशय से आचार्यचरण आगे **समर्पणादहं** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं।)

**समर्पणादहं पूर्वमुत्तमः किं सदा स्थितः।**
**का ममाधमता भाव्या पश्चात्तापो यतो भवेत् ॥ ३ ॥**

**समर्पणात् पूर्वं किमहं सदा उत्तमः स्थितः ? अपि तु न । तथा च समर्णात् पूर्वं येन भगवद्दत्तमानापेक्षा स्यात्तादृग्भावयुक्तस्तु न स्थितः। तदनन्तरमेव तथाजातस्तेनापमानेपि (मम) काधमता भाव्या (भाविनी, विभावनीया वा) । यतः समर्पणानन्तरं पश्चात्तापो भवेत् ? । ..... कदाचित्कर इत्यनेनाश्वासनार्थं स्वसहजधर्म आगन्तुकधर्मश्च स्मारितः ।**

આચાર્યચરણ કહે છે કે-શું સમર્પણ કર્યા પહેલાં હું સદા ઉત્તમ જ હતો ? બલ્કે નહોતો. તેમ જ ભગવાન દ્વારા આપેલ જે સમ્માનની અપેક્ષા મને થઈ, મારો આવો ઉત્તમ ભાવ સમર્પણ પહેલાં તો નહોતો અપિતુ સમર્પણ કર્યા પછી જ મારું સમ્માન વધ્યું છે. તેથી જો મારું અપમાન પણ થઈ ગયું તો મારે મારી અધમતાની ભાવના પણ શા માટે કરવી જોઈએ, જેથી મને સમર્પણ કર્યા પછી પશ્ચાતાપ થાય ?..... (અહીં 'કદાચિતકર'.....થી લઈને 'સ્મારિતઃ' સુધીના વાક્ય અધૂરા પ્રાપ્ત થાય છે, તેથી આનો અનુવાદ કર્યો નથી.)

आचार्यचरण कहते हैं कि - क्या समर्पण करने से पूर्व मैं सदा उत्तम ही था? बल्कि नहीं था। इसी प्रकार भगवान के द्वारा दिए गये जिस सम्मान की अपेक्षा मुझे हुई, मेरा ऐसा उत्तमभाव समर्पण के पहले तो नहीं था अपितु समर्पण करने के पश्चात् ही मेरा मान बढ़ा है अत: यदि मेरा अपमान हो भी गया, तो मुझे अपनी अधमता की भावना क्यों करनी चाहिए जिससे मुझे समर्पण के बाद पश्चात्ताप हा (यहाँ पर कदाचित्कर..... से लेकर स्मारित: तक के वाक्य अधूरे प्राप्त होते हैं अत: इनका अनुवाद नहीं किया गया है।)

**अतः परमर्द्धेन नित्याङ्गीकाररूपं भगवद्धर्मं तदर्थं स्मारयन्तस्तेन, प्रत्युतमानकरणात्मकस्वरूपसम्पत्तिर्भविष्यति, पुनरन्यथा सा न भविष्यत्येव, भगवदङ्गीकारस्य नित्यत्वादित्याहुः। सत्यसङ्कल्पत इति ।**

**सत्यसङ्कल्पतो विष्णुर्नान्यथा तु करिष्यति ।**
**आज्ञैव कार्या सततं स्वामिद्रोहोन्यथा भवेत् ॥ ४ ॥**

**सत्यसङ्कल्प्यता विष्णव्यापकः, अन्यथा तु न करिष्यति । यथा 'ये यथा मां प्रपद्यन्ते,' 'द्विःस्थापयति नाश्रिता (नि'त्यादिः सङ्कल्पः सत्यो विषयाव्यभिचारी, तथा) 'मां प्रपन्नो जनः कश्चिन्न (भूयोर्हति शोचितु)' मित्यादि(रपि) भगवतः सत्य एव सङ्कल्पस्तेन पुनस्तं (प्रपन्नमन्य)था न करिष्यति । (शोकयुक्तं न करिष्यतीत्यर्थः । किञ्च; ) विष्णुर्व्यापकस्तेन विप्रयोगसमयेपि रसदानं करिष्यति, 'मया परोक्षं भजते'तिन्यायेनेति ज्ञाप्यते ।**

હવે આના પછી જીવને પશ્ચાતાપ ન થાય એના માટે આચાર્યચરણ ભગવાનના નિત્ય અંગીકારરૂપ ભાગવતધર્મનું સ્મરણ આગળના અડધા શ્લોક દ્વારા કરાવી રહ્યા છે જેને સમજયા પછી ઉલ્ટું જીવમાં જ પ્રભુ સામે રિસાઈ જવાની પ્રવૃત્તિ ઉત્પન્ન થઈ શકે છે કારણ કે એનો સમર્પણ સ્વીકાર્યા પછી તો ભગવાન કોઈ પણ પરિસ્થિતિમાં એનો અંગીકાર તો કરશે જ. પરંતુ હવે ભવિષ્ય માં

આવું નહિં થાય કારણ કે ભગવાન દ્વારા અંગીકાર કરવું તો નિત્ય છે તેથી જીવના આવા દોષો ને પણ જોયા વગર ભગવાન પોતાના સંકલ્પ ને સત્ય કરશે. આને આચાર્યચરણ **सत्य संकल्पतः** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે.

આચાર્યચરણ આજ્ઞા કરે છે કે ભગવાન સત્યસંકલ્પી છે તેથી જ તેમને વિષ્ણુ કહેવામાં આવે છે જે વ્યાપક છે, તેઓ અન્યથા નહીં કરે. જેવી રીતે "જે વ્યક્તિ મને જે ભાવથી શરણાગત થાય છે,હું એને તે જ ભાવથી પ્રાપ્ત થાઉં છું (ભ.ગી.૪/૧૧)". "રામ બે વાર બાણ નથી ચલાવતા, કોઈને બે વાર આશ્રય નથી આપતા, યાચકને બે વાર દાન નથી આપતા અને એક જ વાતને બે વાર નથી કહેતા. (રામાયણ)" વગેરે વાક્યમાં કહેલ ભગવાનના સંકલ્પ સત્ય છે અર્થાત્ તેમના સંકલ્પોનું સ્વરૂપ બગડતું નથી તેથી શ્રીમદ્ ભાગવતમાં કહેલ "જે પુરૂષ મારી શરણમાં આવી જાય છે તેના માટે એવી કોઈ વસ્તુ નથી રહી જતી જેના માટે તે શોક કરે (શ્રી.ભા.૧૦/૫૧/૪૪) વગેરે ભગવદ્-વાક્યોથી પણ આ જ સિદ્ધ થાય છે કે ભગવાનનો સંકલ્પ સત્ય જ છે. તેથી તેઓ શરણાગતજીવ પ્રતિ અન્યથા નહીં કરે અર્થાત્ તેને શોકાતુર નહીં કરે, આ અર્થ છે. અને આ પણ સમજો કે ભગવાન વિષ્ણુ તો વ્યાપક છે તેથી વિપ્રયોગના સમયે પણ જીવને ભગવદ્-રસનું દાન કરશે, આ શ્રીમદ્-ભાગવતમાં કહેલ "હે ગોપીઓ! તમારા મનની રતિ બીજે ક્યાંય ન લાગી જાય એટલા માટે પરોક્ષરૂપથી તમોથી પ્રેમ કરતાં હું છુપાઈ ગયો હતો (શ્રી.ભા.૧૦/૩૨/૨૧)" આ ભગવદ્-વાક્ય દ્વારા સમજાય છે.

अब इसके पश्चात् जीव को पश्चात्ताप न हो, इसके लिए आचार्यचरण भगवान के नित्य अंगीकारूप भगवद्धर्म का स्मरण आगे के आधे श्लोक द्वारा करा रहे हैं, जिसे समझने के बाद उल्टे जीव में प्रभु से ही रूठ जाने की वृत्ति पनप सकती है क्योंकि भगवान किसी भी परिस्थिति में अंगीकार तो करेंगे ही। किंतु अब आगे भविष्य में ऐसा नहीं ही होगा क्योंकि भगवान द्वारा अंगीकार किया जाना तो नित्य ही है अत: जीव के ऐसे दोषों को भी अनदेखा करके भगवान अपने संकल्प को सत्य करेंगे। इसे आचार्यचरण **सत्यसङ्कल्पत:** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं।

आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि भगवान सत्यसंकल्पी हैं इसी कारण उन्हें विष्णु कहा जाता है जो व्यापक हैं, वे अन्यथा नहीं करेंगे। जैसे "जो मुझे जिस भाव से शरणागत होता है, मैं उसे वैसे ही भाव से प्राप्त होता हूँ (भ०गी०४/११)," "राम दो बार बाण नहीं चलाते; किसी को दो बार आश्रय नहीं देते, याचक को दो बार दान नहीं देते और एक ही बात को दो बार नहीं कहते (रामायण)" इत्यादि वाक्यों में कहे भगवान के संकल्प सत्य हैं अर्थात् उनके संकल्पों का स्वरूप बिगड़ता नहीं है अत: श्रीमद्-भागवत में कहे, "जो पुरुष मेरी शरण में आ जाता है, उसके लिए फिर कोई ऐसी वस्तु नहीं रह जाती जिसके लिए वह शोक करे (श्री०भा०१०/५१/४४)" इत्यादि भगवद्-वाक्यों से भी यही सिद्ध होता है कि भगवान का संकल्प सत्य ही है इसलिए वे पुन: उस शरणागत जीव के प्रति अन्यथा नहीं करेंगे अर्थात् उसे शोकातुर नहीं करेंगे, यह अर्थ है। और भी, यह भी समझें कि भगवान-विष्णु तो व्यापक हैं अत: विप्रयोग के समय में भी जीव को भगवद्-रस का दान करेंगे, यह श्रीमद्-भागवत् में कहे, " हे गोपियों ! तुम्हारे मन की वृत्ति कहीं और न लग जाए इसलिए परोक्षरूप से तुम लोगों से प्रेम करता हुआ ही मैं छिप गया था (श्री०भा०१०/३२/२१)" इस भगवद् वाक्य द्वारा ज्ञात होती है।

**एवं (स्वस्वरूपधर्मं भगवद्धर्मञ्च स्मारयित्वा स्वीयसेवकस्य रक्षणाय यत:) प्रभुरन्यथा न करिष्यत्यतो भावात्मकं समर्पणमनुसन्धायापमानजं क्लेशं परित्यज्य, भगवान् यथैवेच्छापूर्वकमाज्ञापयति तथैव कार्यमित्याहु: ।आज्ञैवति । सतत निरन्तरमाज्ञैव काया । अन्यथा तदकरणे स्वामिन: प्रभोर्द्रोहो भवेत् । भगवता स्वकार्यकरणार्थं (स्वदासीय) देहकरणात्तदाज्ञाया अकरणे बाधकमेव स्यादिति भाव: । ('भगवद्दत्तं देहं भगवत्कार्यार्थं जीवो धृत्वा तिष्ठती' ति पुरञ्जनोपाख्यानाज्ज्ञेयम् ।')**

આ પ્રકારે પોતાના સ્વરૂપનો ધર્મ અને ભગવદ્-ધર્મનું સ્મરણ કરાવીને અને જો કે પોતાના નિજસેવકોનું રક્ષણ કરવા માટે પ્રભુ અન્યથા નહીં કરે એથી પોતાના ભાવાત્મક સમર્પણનું અનુસંધાન કરવા માટે પોતાના અપમાનથી ઉત્પન્ન થયેલ કલેશને મૂકીને ભગવાન એમની ઈચ્છાથી જેવી આજ્ઞા કરે તેવું જ કરવું જોઈએ-આ કહેવા માટે આચાર્યચરણ **आज्ञैव** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે. **सतत** અર્થાત્ નિરંતર પ્રભુની આજ્ઞાનુસાર જ કાર્ય કરવું જોઈએ, **अन्यथा** અર્થાત્ જો આવું નહીં કરીએ તો આપણા સ્વામી-પ્રભુથી દ્રોહ કરવું થઈ જશે. ભગવાને એમની સેવા અને એમના કાર્યો કરવા માટે જ આપણને આ દેહ આપ્યો છે. તેથી એમની આજ્ઞાનું પાલન ન કરવું આપણા માટે બાધક જ થશે આ ભાવ છે. આ વાત શ્રીમદ્-ભાગવતના પુરંજનોપાખ્યાનની અંતર્ગત આવેલ "સમસ્ત જીવોએ ભગવાન દ્વારા આપેલ દેહને ભગવત્કાર્ય કરવા માટે ધારણ કરીને રાખ્યું છે." આ વાક્ય દ્વારા જાણી લેવી જોઈએ.

इस प्रकार अपने स्वरूप का धर्म एवं भगवद्-धर्म का स्मरण करा कर और चूँकि अपने निज सेवक का रक्षण करने के लिए प्रभु अन्यथा नहीं करेंगे अत: अपने भावात्मक समर्पण का अनुसंधान करने के लिए अपने अपमान से उत्पन्न हुए क्लेश को छोड़कर भगवान उनकी इच्छा से

जैसी आज्ञा करें, वैसा ही करना चाहिए-यह कहने के लिए आचार्यचरण **आज्ञैव** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं। **सतत** अर्थात् निरंतर प्रभु की आज्ञानुसार ही कार्य करना चाहिए **अन्यथा** यदि ऐसा नहीं करेंगे तो अपने स्वामी-प्रभु से द्रोह करना हो जाएगा। भगवान ने अपनी सेवा और अपने कार्य करने के लिए ही हमें यह देह प्रदान की है अत: उनकी आज्ञा का पालन न करना हमारे लिए बाधक ही होगा, यह भाव है। यह बात श्रीमद्-भागवत के पुरंजनोपाख्यान के अंतर्गत आए "समस्त जीवों ने भगवान के द्वारा दी गई देह को भगवत्कार्य करने के लिए धारण कर रखा है।" इस वाक्य द्वारा जान लेनी चाहिए।

**सिद्धमाहुः। सेवकस्येति ।**

**सेवकस्य तु धर्मोयं स्वामी स्वस्य करिष्यति ।**

**सेवकस्यायमेव धर्मो यदाज्ञाकरणम् । तु शब्देनान्यधर्मनिवृत्तिः सूच्यते (एवं पादत्रयेण स्वाज्ञापरिपालनरूपो दासधर्मो भगवत्तोषहेतुरिति, तुना पक्षान्तरनिरासपूर्वकं स मुख्यतयोपसञ्जन्हे ।) एवं सेवकधर्ममुक्त्वा प्रभुधर्मस्वरूपमाहुः। स्वामी प्रभुः स्वस्य इच्छातः करिष्यतीति स्वमनोभिलषितकरणं प्रभुधर्म एव । सेवकधर्मस्तु तदाज्ञाकरणमेवेति तशब्देन ज्ञाप्यते । (संयोगपृथक्त्वेनात्रापि तु शब्दस्यानुषङ्गः । यद्वा, स्वामी भगवान् स्वस्यात्मीयस्य दासस्य करिष्यति, स्वाज्ञापालनाग्रहं विलोक्य दयया तं धर्मं निर्वाहयिष्यतीत्यर्थः। अतस्तदर्थमपि न चिन्तावसर इति भावः।**

તેથી ઉપર કહેલ વાતોથી જે સિદ્ધ થયું તેને આચાર્યચરણ **सेवकस्य** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે. આચાર્યચરણ કહે છે – સેવકનો ધર્મ આ જ છે કે તે સ્વામીની આજ્ઞાનું પાલન કરે. સેવકનો ધર્મ ફક્ત સ્વામીની આજ્ઞાનું પાલન કરવું જ છે બીજું કાંઈ નહીં –આ **तु** શબ્દથી સૂચિત થાય છે. આ પ્રકારે અહીં આચાર્યચરણોએ ત્રણ વાક્યો દ્વારા (અર્થાત્ "सत्यसंकल्पो विष्णुर्नान्यथा तु करिष्यति,"आज्ञैव कार्या सततं स्वामीद्रोहोन्यथा भवेत्, "**सेवकस्य तु धर्मोयं स्वामी स्वस्य** करिष्यति,"આ ત્રણ વાક્યો દ્વારા) આ કહ્યું. ભગવાનની આજ્ઞાપાલન કરવાનો આપણો **દાસધર્મ ભગવાનને પ્રસન્ન કરવામાં** કારણરૂપ છે. અહીં જ આપશ્રીએ 'तु' શબ્દનો પ્રયોગ કર્યો છે. જેથી ભગવાનને **પ્રસન્ન** કરવામાં બીજા પક્ષોને છોડીને કેવળ **આ દાસધર્મ**ની મુખ્યતા જ સિદ્ધ થાય છે. આ પ્રકારે અહીં સુધી સેવકના ધર્મોને કહીને હવે આચાર્યચરણ પ્રભુના ધર્મનું સ્વરૂપ કહી રહ્યા છે. આપશ્રી આજ્ઞા કરે છે કે આપણા સ્વામી પ્રભુ જે કરશે તે પોતાની ઈચ્છાથી જ કરશે તેથી સ્વમનોભિલષિત (મનમાં જેવી ઈચ્છા હોય તેવું) ઢંગથી કાર્ય કરવું જ પ્રભુનો ધર્મ છે અને સેવકનો ધર્મ તો તેમની આજ્ઞાનું પાલન કરવું જ છે. આ 'तु' શબ્દથી જણાય છે. જેવી રીતે 'तु' શબ્દ 'सेवकस्य' સાથે પ્રયુક્ત થયો છે, તેવી જ રીતે 'स्वामी' પદ સાથે પણ જોડાઈ રહ્યો છે. અર્થાત્ "सेवकस्य तु धर्मोऽयं" નો અર્થ આ છે કે – સેવકનો ધર્મ તો પ્રભુ-આજ્ઞાપાલન જ છે. આ જ પ્રમાણે 'स्वामी' तु स्वस्य करिष्यति" નો અર્થ આ છે કે – સ્વામી તો જે કરશે તે પોતાની ઈચ્છાથી કરશે. અથવા તો એવો અર્થ કરી લ્યો કે, ભગવાન પોતાના આત્મીય દાસના સમસ્ત કાર્યો અવશ્ય કરશે અને તેમાં તેમની આજ્ઞા પાલનનો આગ્રહ જોઈને દયાપૂર્વક તેના સમસ્ત ધર્મોનો નિર્વાહ કરશે, આ અર્થ છે. તેથી જીવને પોતાના ધર્મનિર્વાહની ચિંતાનો પણ કોઈ અવસર નથી રહી જતો આ ભાવ છે.

अत: उपर्युक्त बातों से जो सिद्ध हुआ उसे आचार्यचरण **सेवकस्य** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं।

आचार्यचरण कहते हैं कि सेवक का धर्म यही है कि, वह स्वामी की आज्ञा का पालन करे। सेवक का धर्म केवल स्वामी की आज्ञा का पालन ही है और कुछ भी नहीं, यह तु शब्द से सूचित होता है। **इस प्रकार यहाँ आचार्यचरणों** ने तीन वाक्यों द्वारा (अर्थात् सत्यसंकल्पतो विष्णुर्नान्यथा तु करिष्यति, आज्ञैव कार्या सततं स्वामिद्रोहोन्यथा भवेत्, **सेवकस्य तु धर्मोयं** स्वामी स्वस्य करिष्यति इन तीन वाक्यों द्वारा) भगवान की आज्ञा का पालन करने का हमारा दासधर्म भगवान को प्रसन्न करने में कारण है, यह कहा। यहीं पर आपश्री ने 'तु' शब्द का भी प्रयोग किया है, जिससे भगवान को प्रसन्न करने में दूसरे पक्षों को छोड़कर केवल इस दासधर्म की ही मुख्यता सिद्ध होती है। इस प्रकार से यहाँ तक सेवक के धर्मों को कहकर अब आचार्यचरण प्रभु के धर्म का स्वरूप कह रहे हैं। आपश्री आज्ञा करते हैं कि अपने स्वामी-प्रभु जो करेंगे; वह उनकी इच्छा से ही करेंगे अत: स्वमनोभिलषित (मन में जैसी इच्छ हो वैसा) ढंग से कार्य करना ही प्रभु का धर्म है और सेवक का धर्म तो उनकी आज्ञा का पालन करना ही है, यह 'तु' शब्द से ज्ञात होता है। जैसे 'तु' शब्द 'सेवकस्य' पद के साथ प्रयुक्त हुआ है वैसे ही 'स्वामी' पद के साथ भी जुड़ रहा है। अर्थात् "सेवकस्य तु धर्मोऽयं" का अर्थ यह है कि - सेवक का धर्म तो प्रभु-आज्ञा का पालन करना ही है। इसी प्रकार "स्वामी तु स्वस्य करिष्यति" का अर्थ यह है कि स्वामी तो जो करेंगे वह अपनी खुद की इच्छा से करेंगे। अथवा ऐसा अर्थ कर लें कि, भगवान अपने आत्मीय दास के समस्त कार्य अवश्य करेंगे और उसमें उनकी आज्ञापालन का आग्रह देख कर दयापूर्वक उसके समस्त धर्मों का निर्वाह करेंगे, यह अर्थ है। अत: जीव को अपने धर्मनिर्वाह की चिन्ता का भी कोई अवसर नहीं रह जाता है, यह भाव है।

**एवं सार्धैस्त्रिभिराज्ञैव कार्येति सम्यगुपदिश्य,) एवं भगवदाज्ञाप्तकरणसंतुष्टप्रभुसम्पादितेन स्वस्योत्तमत्वेन कदाचिदाज्ञप्तान्यथाकरणेपि स्वस्य तादृक्सेवकत्वमेव भाव्यं, न त्वन्यथा विचारणीयं, पश्चात्तापो वा कर्तव्यो, यतः प्रभुरेव स्वेच्छातस्तथाकारयतीत्याशयेन स्वदृष्टान्तमाहुः । आज्ञति ।**

**आज्ञा पूर्वं तु जाता गङ्गासागरसङ्गमे ॥ ५ ॥**
**यापि पश्चान्मधुवने न कृतं तद्द्वयं मया ।**
**देहदेशपरित्यागस्तृतीयो लोकगोचरः ॥ ६ ॥**

**या आज्ञा पूर्वं गङ्गासागरसङ्गम गङ्गासागरसमीपे जाता, पश्चाद्या मधुवनपि जाता, तदाज्ञाद्वयं मया न कृतम् । तु शब्दस्त्वाज्ञाद्वयाकरणस्य भगवदिच्छाविषयरूपत्वज्ञापनार्थः ।**

આ પ્રકારે સાડા ત્રણ શ્લોકો દ્વારા આચાર્યચરણોએ ભલીભાંતિરૂપથી આ ઉપદેશ કર્યો કે આપણે પ્રભુ આજ્ઞાનુસાર જ કાર્ય કરવું જોઈએ. હવે આચાર્યચરણ આ વિચાર કરી રહ્યા છે કે ભગવદ્-આજ્ઞાપાલનથી સંતુષ્ટ થયેલા પ્રભુએ ઉત્તમતા આપી છે અને તે ઉત્તમતાના મદમાં જો ક્યારેક ભગવદ્-આજ્ઞા થી વિપરિત પણ થઈ જાય, તો પણ આપણે પોતાને સેવક જ માનવું જોઈએ; બીજું કોઈ પણ વિચાર ન કરવો જોઈએ. કારણકે આ બધું પ્રભુ પોતાની ઈચ્છાથી જ કરાવે છે, આ બતાવવા માટે આચાર્યચરણ એમનું પોતાનું દૃષ્ટાંત **આજ્ઞા** વગેરે શબ્દોથી આપી રહ્યા છે.

આ શ્લોકમાં આપશ્રી કહે છે કે-સર્વ પ્રથમ જે ભગવદ્-આજ્ઞા મને ગંગાસાગર સમીપે થઈ અને એના પછી બીજી મધુવનમાં થઈ તે બંને આજ્ઞાઓ મેં ન માની. આ બંને આજ્ઞાઓનું પાલન આચાર્યચરણોએ ન કર્યું એમાં ભગવાનની જ ઈચ્છા હતી આ બતાવવા માટે આપશ્રીએ અહીં **તુ** શબ્દનો પ્રયોગ કર્યો છે.

इस प्रकार साढ़े तीन श्लोकों द्वारा आचार्यचरणों ने भलीभाँतिरूप से यह उपदेश दिया कि, हमें प्रभु-आज्ञा के अनुसार ही कार्य करना चाहिए। अब यदि भगवान की आज्ञा का पालन करने से संतुष्ट हुए प्रभु ने मुझे उत्तमता प्रदान की है और उस उत्तमता के मद से कभी भगवद्-आज्ञा से अन्यथा भी हो जाय, तो भी अपने-आप को सेवक ही मानना चाहिए; अन्यथा कुछ भी विचार या पश्चात्ताप नहीं करना चाहिए क्योंकि यह सभी कुछ प्रभु अपनी इच्छा से ही करवाते हैं-यह बताने के लिए आचार्यचरण अपना खुद का दृष्टांत **आज्ञा** इत्यादि शब्दों से दे रहे हैं।

इस श्लोक में आपश्री कहते हैं कि सर्वप्रथम जो भगवद्-आज्ञा मुझे गंगासागर के समीप में हुई और इसके पश्चात् दूसरी मधुवन में भी हुई, वह दोनों आज्ञाएँ मैंने नहीं मानी। इन दोनों आज्ञाओं का पालन आचार्यचरणों ने नहीं किया इसमें भगवान की ही इच्छा थी - यह बताने के लिए आपश्री ने यहाँ 'तु' शब्द का प्रयोग किया है।

**ननु, आज्ञाद्वयं किं विषयकमित्यपेक्षायामाहुः । देहदेशपरित्याग इति । गङ्गासागरसङ्गमेऽन्यत्र गमनकृतस्वनिकटस्थित्यभावजकोपेन देहपरित्यागविषयिणी । सापि पूर्वोक्तप्रकारेच्छाजनितक्षणवियोगासहिष्णुतया जाता । (एवं मधुवने मथुरायां देशत्यागविषयिणी। ) स्वाचार्यैस्तु स्वीयशिक्षार्थकविप्रयोगतापानुभवार्थं दूर एव स्थितिः क्रियते । भगवता स्वार्थं तथाज्ञाप्तम् । श्रीमदाचार्यैः स्वसौभाग्यज्ञापनाय तदाज्ञाद्वयमपि न कृतम् । तृतीया लोकगोचरा लोकपरित्यागविषयिणी जाता, सा कृतेति भावः ।**

હવે આ બંને આજ્ઞાઓ કયા વિષયમાં હતી આ આપશ્રી **દેહદેશપરિત્યાગઃ** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે તાત્પર્ય આ કે ગંગાસાગરસંગમ પર જે ભગવદ્-આજ્ઞા થઈ હતી તે એટલા માટે થઈ હતી કારણકે આચાર્યચરણ અન્યત્ર રહી રહ્યા હતા અને પ્રભુની નિકટ નહોતા આવી શકતા તેથી કુપિત થઈને ભગવાને તેમને દેહપરિત્યાગ કરવાની આજ્ઞા આપી હતી. આ આજ્ઞા પણ ભગવાને એટલા માટે આપી હતી કારણકે આચાર્યચરણ તેમની નિકટ નહોતા અને તેથી ક્ષણમાત્રનો વિયોગ પણ ભગવાન માટે અસહનીય થઈ ગયો હતો. આ જ વાત મધુવન /મથુરામાં થયેલ દેશત્યાગની આજ્ઞાના સંદર્ભમાં પણ હતી.આચાર્યચરણોએ તો અહીં પોતાના સ્વીયજનોને શિક્ષારૂપ વિપ્રયોગતાપનો અનુભવ કરાવવા માટે ભગવાનથી દૂર જ નિવાસ કર્યો છે. ભગવાને એમના પોતાના માટે આચાર્યચરણોને દેહદેશપરિત્યાગની આજ્ઞા આપી હતી પરંતુ આચાર્યચરણોએ પોતાને બડભાગી બતાવવા માટે (બડભાગી આ અર્થમાં કે ખુદ ભગવાન તેમને નિકટ પધારવાની આજ્ઞા આપી રહ્યા છે અને આચાર્યચરણનો ભગવાન પર એટલો અધિકાર છે કે તેઓ તેમને પણ ના પાડી શકે છે.) એમની બે આજ્ઞાઓનું પાલન ન કર્યું કિન્તુ, લોકગોચર જે તૃતીય આજ્ઞા થઈ અથવા લોકનો પરિત્યાગ કરવાની આજ્ઞા થઈ તે આજ્ઞાનું પાલન તેમણે કર્યું આ ભાવ છે.

अब वे दोनों आज्ञाएँ किस विषय में हुई थी, यह आपश्री **देहदेशपरित्याग: इत्यादि** शब्दों से कह रहे हैं। तात्पर्य यह कि गंगासागरसंगम में जो भगवद्-आज्ञा हुई थी, वह इसलिए हुई थी क्योंकि आचार्यचरण अन्यत्र रह रहे थे और प्रभु के निकट नहीं आ पा रहे थे अत: कुपित होकर भगवान ने उन्हें देह-परित्याग करने की आज्ञा की थी। यह आज्ञा भी भगवान ने इसलिए की क्योंकि आचार्यचरण उनके निकट नहीं थे और जिससे क्षणमात्र का वियोग भी उनके लिए असहनीय हो गया था। यही बात मधुवन/मथुरा में हुई देशत्याग की आज्ञा के संदर्भ में भी थी। अपने आचार्यचरणों ने तो यहाँ अपने स्वीयजनों को शिक्षारूप विप्रयोगताप का अनुभव कराने के लिए भगवान से दूर ही निवास किया है। भगवान ने अपने खुद के लिए आचार्यचरणों को देहदेशपरित्याग की आज्ञा दी थी परंतु आचार्यचरणों ने अपने आप को बड़भागी बताने के लिए (बड़भागी इस अर्थ में कि, खुद भगवान उन्हें आज्ञा दे रहे हैं और आचार्यचरणों का भगवान पर इतना अधिकार है कि वे उन्हें भी मना कर सकते हैं) उनकी दोनों आज्ञाओं का पालन नहीं किया। किंतु लोकगोचरा जो तृतीय-आज्ञा हुई अर्थात् लोक का परित्याग करने की हुई, उस आज्ञा का पालन उन्होंने किया यह भाव है।

**(.....पाठे, तृतीय आज्ञाविषय:, स चोभयसमुदायरूप: संन्यास इति व्याख्येयम् । तथा च द्वयं न कृतमप्येवं कृतं, तदपि मया तदवतारेण । अतो मन्निदर्शनं पुरस्कृत्य अन्येन तथा न कार्यम्, किन्तु यथा प्रभ्वाज्ञा तथैव कार्यमितिभाव:। यद्वा, न कृतमित्यत्र काकु:। 'दिह' उपचये, 'दिश' अतिसर्जने, देह उपचय:, देशो दानम् । अयमर्थ:, भगवता श्रीभागवतार्थप्रकटनाय पूर्वमाज्ञप्तं, तत्सूक्ष्मटीकाकरणेन कृतम् । तत: सुबोधिन्यामुपचयो ग्रन्थबाहुल्यात्मा आरब्धस्तदा देहपरित्याग आज्ञप्त:। ततस्तद्विहाय निरोध एव विवृत: ततो मुक्तौ विव्रीयमाणायां देशपरित्याग आज्ञाप्त:। तदा विमोचने स्वाश्रयप्रापणे च विवृते फलं दत्तमेव स्यादितितदभावाय तादृशमाज्ञाद्वयं मयापि स्वाग्रहत्यागेन कृतञ्चेदन्येन तु सर्वथा कर्तव्यमेवेति भाव:।)**

(अहीं ..... ''पाठे'' थी लईने ''व्याख्येयम्'' सुधीनुं वाक्य अधूरुं प्राप्त थाय छे तेथी आ पंक्तिनो अनुवाद नथी कर्यो.)

આથી આ પ્રકારે આચાર્યચરણ આજ્ઞા કરે છે કે મેં સંન્યાસ ગ્રહણ કરીને તે બે આજ્ઞાઓનું પાલન ન કરતાં પણ કરી લીધું, તે પણ મેં કર્યું અર્થાત્ ભગવાનના સાક્ષાત્ અવતારે. તેથી મારી દેખાદેખી બીજા કોઈ અન્ય વ્યક્તિએ આવું નહીં કરવું જોઈએ પરંતુ જેવી પ્રભુ આજ્ઞા હોય તેવું જ કરવું જોઈએ, આ ભાવ છે. અથવા તો ''આજ્ઞાપૂર્વં.....મયા'' સુધીની પંક્તિનો અર્થ કાકુ-પદ્ધતિથી કરી લ્યો (અહીં કાકુ-પદ્ધતિથી આ શ્લોકનો અર્થ કેવી રીતે થશે આ જોઈ લઈએ. સૌથી પહેલાં સામાન્યરૂપથી અર્થ કરવો હોય તો આ પ્રકારે કરાશે કે-''સર્વપ્રથમ જે આજ્ઞા મને ગંગાસાગરસંગમ પર થઈ અને પછી મધુવનમાં થઈ, તે બંને આજ્ઞાઓનું પાલન મેં ન કર્યું'' હવે આ જ પંક્તિનો અર્થ કાકુ પદ્ધતિથી કરવો હોય તો આ પ્રકારે કરાશે કે-''સર્વપ્રથમ જે આજ્ઞા મને ગંગાસાગરસંગમ પર થઈ અને પછી મધુવનમાં થઈ, શ તે બંને આજ્ઞાઓનું પાલન મેં ન કર્યું ? અપિતુ, ત્રીજી આજ્ઞા-અનુસાર સંન્યાસગ્રહણ કરવા થકી પાલન કરી જ લીધું આ અર્થ છે.) અહીં આ સમજવું જોઈએ કે ''દિહ ધાતુ ઉપચયના અર્થમાં છે જેનાથી દેહ શબ્દ બન્યો છે અને દિશ ધાતુ અધિકતાના અર્થમાં છે, જેનાથી દેશ શબ્દ બન્યો છે. તેથી દેહનો અર્થ થયો 'ઉપચય' અને દેશનો અર્થ થયો 'દાન દેવું'. આ પ્રકારે હવે દેહદેશપરિત્યાગ કરવાનો અર્થ આવી રીતે સમજો કે ભગવાને શ્રીભાગવતનો અર્થ પ્રકટ કરવા માટે પૂર્વમાં આજ્ઞા આપી જે આજ્ઞા આપશ્રીએ ભાગવતની સૂક્ષ્મ ટીકાની રચના કરીને પૂર્ણ કરી. આના પછી તેમને શ્રીસુબોધિનીમાં શ્રીમદ્-ભાગવતનો ઉપચય અર્થાત શ્રીમદ્-ભાગવતનો બહુલતાથી વિસ્તાર કરવાનું આરંભ કર્યું, ત્યારે ભગવાને તેમને દેહપરિત્યાગ કરવાની આજ્ઞા આપી અર્થાત્ ''સુબોધિની દ્વારા શ્રીભાગવતનો હજી વધારે વિસ્તાર ન કરો'' આ આજ્ઞા આપી. તેથી આપશ્રીએ વિસ્તારને મૂકીને નિરોધલીલા અથવા દશમસ્કંધની જ વ્યાખ્યા કરવી આરંભ કરી. આના પછી જયારે આપશ્રી મુક્તિલીલા અર્થાત્ એકાદશસ્કંધની વ્યાખ્યા કરી રહ્યા હતા ત્યારે ભગવાને દેશપરિત્યાગ કરવાની આજ્ઞા આપી તેથી આચાર્યચરણ કહે છે કે- જો હું એકાદશસ્કંધ (મુક્તિલીલા) અને દ્વાદશ સ્કંધ (આશ્રયલીલા) ની વિવૃત્તિ કરત, તો જીવોને તેનું ફલ આપી જ દેવાનો હતો પરંતુ તે ફલ હું સમસ્ત જીવોને ન આપું એના માટે ભગવાને મને દેહદેશપરિત્યાગની આજ્ઞા આપી અને જયારે મેં પણ તે વિવૃત્તિનો આગ્રહ છોડીને ભગવાનની બંને આજ્ઞાઓનું પાલન કરી લીધું, તો બીજાઓને તો ભગવદ્-આજ્ઞાઓનું પાલન કરવું જ જોઈએ આ ભાવ છે.

(यहाँ ''पाठे'' ..... से लेकर ''व्याख्येयम्''.....तक का वाक्य अधूरा प्राप्त होता है अत: इस पंक्ति का अनुवाद नहीं किया गया है) अत: इस प्रकार से आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि, मैंने संन्यास ग्रहण करके उन दोनों आज्ञाओं का पालन न करते हुए भी पालन कर लिया; वह भी मैंने किया अर्थात् भगवान के साक्षात् अवतार ने। अत: मेरी देखादेखी किसी अन्य व्यक्ति को ऐसा नहीं करना चाहिए परंतु जैसी प्रभु-आज्ञा हो वैसा ही करना चाहिए, यह भाव है। अथवा तो ''आज्ञा पूर्वं ..... मया'' तक की पंक्ति का अर्थ काकु-पद्धति से कर लें। यहाँ काकु-

पद्धति से इस श्लोक का अर्थ कैसे बैठेगा यह देख लें। सबसे पहले सामान्यरूप से अर्थ करना हो तो इस प्रकार से अर्थ किया जायेगा कि - सर्वप्रथम जो आज्ञा मुझे गंगासागरसंगम में हुई और फिर मधुवन में हुई, उन दोनों आज्ञाओं का पालन मैंने नहीं किया। अब इसी पंक्ति का अर्थ काकु-पद्धति से करना हो तो इस प्रकार से किया जायेगा कि - सर्वप्रथम जो आज्ञा मुझे गंगासागर संगम में हुई और फिर मधुवन में हुई, क्या उन दोनों आज्ञाओं का पालन मैंने नहीं किया ?? अपितु तीसरी आज्ञा के अनुसार संन्यासग्रहण करने के द्वारा पालन कर ही लिया, यह अर्थ है।) यहाँ यह समझना चाहिए कि दिह धातु 'उपचय' के अर्थ में है; जिससे 'देह' शब्द बना है और दिश धातु 'अधिकता' के अर्थ में है, जिससे 'देश' शब्द बना है अत: देह का अर्थ हुआ 'उपचय' एवं देश का अर्थ हुआ 'दान देना'। इस प्रकार अब देहदेशपरित्याग करने का अर्थ ऐसे समझें कि भगवान ने श्रीभागवत का अर्थ प्रकट करने के लिए आचार्यचरणों को पूर्व में आज्ञा दी, जो आपश्री ने भागवत की सूक्ष्मटीका की रचना करके पूर्ण की। इसके पश्चात् उन्होंने सुबोधिनी में श्रीभागवत का उपचय अर्थात् ग्रंथ का बहुलता से विस्तार करना आरंभ किया; तब भगवान ने उन्हें देहपरित्याग करने की आज्ञा दी अर्थात् "सुबोधिनी द्वारा श्रीभागवत का अब और अधिक विस्तार मत करो" यह आज्ञा दी। अत: आपश्री ने उस विस्तार को छोड़कर निरोध अर्थात् दशमस्कंध की ही व्याख्या करनी आरंभ की। इसके पश्चात् जब वह मुक्ति अर्थात् एकादशस्कंध की व्याख्या कर रहे थे तब भगवान ने देशपरित्याग की आज्ञा की। अत: आचार्यचरण आज्ञा करते हैं कि-यदि मैं एकादशस्कंध (मुक्तिलीला) एवं दशमस्कंध (आश्रयलीला) की विवृति करता तो जीवों को उसका फल दे ही देनेवाला था परंतु वह फल मैं समस्त जीवों को न दूँ, इसके लिए भगवान ने मुझे देहदेशपरित्याग की आज्ञा दी और यदि मैंने भी उस विवृति का आग्रह छोड़कर भगवान की उन दोनों आज्ञाओं का पालन कर लिया, तो दूसरों को तो भगवद्-आज्ञा का पालन सर्वथा करना ही चाहिए, यह भाव है।

**(एवमाज्ञाया अकरणकरणे उक्त्वा) स्वस्याज्ञाद्वयाकरणजपश्चात्तापाभावायमाहु:। पश्चात्ताप इति।**

**पश्चात्ताप: कथं तत्र सेवकोहं न चान्यथा।**
**लौकिकप्रभुवत्कृष्णो न द्रष्टव्य: कदाचन ॥ ७ ॥**

**तत्राज्ञाद्वयाकरणे पश्चात्तापा मया कथं कर्तव्य: ?। यतोहं सेवकोस्मि। तदपि स्वस्य सेवकत्वप्रौढ्यैव कृतम्। न चान्यथा, न केवलं स्वप्रौढ्येति। तथा च ममेदं ( शोभते नत्वन्यस्येतिभाव:। यद्वा, आज्ञाद्वयाकरणान्ममापि पश्चात्तापश्चेदन्यस्य त्वत्यन्त एव स्यादतस्तथान्येन न कार्यमितिभाव: )।**

આ પ્રકારે આચાર્યચરણોએ ભગવદ્ -આજ્ઞાનું પાલન કેમ ન કર્યું આનું કારણ કહીને હવે તેમને ભગવાનની બે આજ્ઞાઓનું પાલન ન કરવાથી જે પશ્ચાતાપ થયો તેને દૂર કરવા માટે **पश्चातापः** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે.

આ શ્લોકમાં આપશ્રી આજ્ઞા કરે છે કે- જો મેં ભગવાનની બે આજ્ઞાઓ ન માની તો એમાં મને પશ્ચાતાપ કેમ કરવો જોઈએ? કારણકે હું તો ભગવાનનો સેવક છું અને આવું મેં મારા સેવક હોવાના ભાવાવેશમાં આવીને જ કર્યું છે. અન્યથા નહીં અર્થાત્ કેવળ મારા અભિમાનના કારણે નહીં. અને આ પણ જાણી લો કે આવું કરવું મને જ શોભે છે બીજા કોઈને નહીં, આ ભાવ છે. અથવા આવો અર્થ કરી લ્યો કે આચાર્યચરણ આજ્ઞા કરે છે કે-ભગવાનની બે આજ્ઞાઓનું ઉલ્લંઘન કરવાથી મને જ પશ્ચાતાપ થઈ રહ્યો છે તો બીજાઓને તો અત્યંત પશ્ચાતાપ થશે તેથી મારા સિવાય બીજાઓને આ પ્રકારે ભગવદ્-આજ્ઞાનું ઉલ્લઘન ન કરવું જોઈએ, આ ભાવ છે.

इस प्रकार आचार्यचरणों ने भगवद्-आज्ञा का पालन क्यों नहीं किया इसका कारण कह कर अब उन्हें भगवान की दो आज्ञाओं का पालन न करने से जो पश्चात्ताप हुआ, उसे दूर करने के लिए **पश्चात्ताप:** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं।

इस श्लोक में आपश्री आज्ञा कर रहे हैं कि, यदि मैंने भगवान की दो आज्ञाएँ नहीं मानी; तो मुझे पश्चात्ताप क्यों करना चाहिए ? क्योंकि मैं तो भगवान का सेवक हूँ और ऐसा मैंने अपने सेवक होने के भावावेश में आकर ही किया है अन्यथा नहीं अर्थात् केवल अपने अभिमान के कारण नहीं। और यह भी जान लो कि, ऐसा करना केवल मुझे ही शोभा देता है किसी अन्य को नहीं - यह भाव है। अथवा ऐसा अर्थ कर लें कि आचार्यचरण आज्ञा कर रहे हैं कि - भगवान की दो आज्ञाओं का उल्लंघन करने से जब मुझे ही पश्चात्ताप हो रहा है तो अन्यों को तो अत्यंत पश्चात्ताप होगा अत: मेरे अतिरिक्त दूसरों को इस प्रकार भगवद्-आज्ञा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए - यह भाव है।

**ननु सेवकत्वे सति स्वप्रौढ्या आज्ञाया अकरणे भगवानप्रसन्नो भवेदि(ति कथं भवतां शोभाकरं, यदि शोभाकरं कथमन्येन न कार्यमि)त्याशङ्क्य भगवतोऽलौकिकत्वेन तदभावमाहु:। लौक्रिकप्रभुवदिति। लौकिकप्रभुवत् कृष्ण: सदानन्द: फलरूप: कथञ्चन केनापि प्रकारेण न द्रष्टव्य:। तथा च, यथा लौकिकप्रभूणां स्वोक्ताकरणे क्रोधो भवति भगवतस्तथा न भवति। यतस्तद्रसानुभवार्थं प्रभुरेव तथा प्रेरयति। अत एव भगवता पार्थं प्रत्युक्तं 'कर्तुं नेच्छसी' त्यारभ्य 'मायये' त्यन्तम्।**

**लौकिकानामतथाभावात् क्रोधो भवति । (अतो भगवदप्रसन्नताया अभावादस्माकं शोभाकरम् । अन्यस्य तु तादृग्योग्यताया अभावेन भगवदिच्छाज्ञानाभावादनुचितमेवेत्यर्थः) ।**

પરંતુ અહીં એક શંકા આ થાય છે કે એક સેવક હોવાને લીધે ભાવાવેશમાં આવીને જો આચાર્યચરણ ભગવદ્-આજ્ઞાનું ઉલ્લંઘન કરી દેતા હોય તો આનાથી ભગવાન અપ્રસન્ન થશે, તેથી આ વાત આચાર્યચરણ માટે શોભાસ્પદ કેવી રીતે થઈ શકે ? અને જો શોભાસ્પદ જ થતી હોય તો પછી બીજાઓ આવું કરે એમાં શું હાનિ ? જો આવી શંકા થતી હોયાતો હવે આચાર્યચરણ આગળના શ્લોકમાં **લૌકિકપ્રભુવત્** વગેરે શબ્દોથી ભગવાનના સ્વરૂપને અલૌકિક બતાવતા આ શંકાનું નિરાકરણ કરે છે. આપશ્રી આજ્ઞા કરે છે કે સદાનંદ-ફલરૂપ-કૃષ્ણને એક લૌકિક સ્વામીની દૃષ્ટિએ ક્યારેય ન જોવા જોઈએ. જેવી રીતે કોઈ લૌકિક સ્વામી પોતાના સેવકને કોઈ આજ્ઞા કરે અને સેવક એનું પાલન ન કરે તો તે ક્રોધિત થાય છે એવી રીતે ભગવાનની આજ્ઞાનું પાલન ન કરવાથી ભગવાન સેવક પર ક્રોધિત નથી થતા કારણકે ભગવદ્-રસનો અનુભવ કરાવવા માટે ભગવાન જ પોતાના સેવકને એવી પ્રેરણા આપે છે. એ જ કારણે ભગવાને અર્જુન પ્રતિ "હે અર્જુન ! મોહવશ થઈને તું મારી જે આજ્ઞાનું પાલન કરવા નથી માંગતો તેને જ તું તારા સ્વભાવને વશ થઈને કરશે (ભ.ગી.૧૮/૬૦)." આ વાક્યથી લઈને "હે અર્જુન ! ઈશ્વર સમસ્ત પ્રાણીઓના હૃદયમાં બેઠો છે, તે જ દેહરૂપી અંતરમાં બેસીને બધાને પોતાની માયાશક્તિથી ઘુમાવે છે.(ભ.ગી.૧૮/૬૧)." આ વાક્ય સુધી કહ્યું છે. લૌકિક સ્વામીમાં આવું સામર્થ્ય નથી હોતું અને પોતાના સેવક પ્રત્યે આવો ભાવ પણ નથી હોતો તેથી આજ્ઞાનું ઉલ્લંઘન થવાથી તેઓ ક્રોધિત થઈ જાય છે. આના લીધે જ અહીં ભગવાનની અપ્રસન્નતા ન હોવાને કારણે આચાર્યચરણો માટે તો આ શોભાસ્પદ છે પરંતુ બીજાઓમાં આચાર્યચરણો જેવી યોગ્યતા ન હોવાથી તેમને મૂલ ભગવદ્-ઈચ્છાનું જ્ઞાન થતું નથી તેથી તેમના માટે તો ભગવદ્-આજ્ઞાનું ઉલ્લંઘન કરવું અનુચિત જ છે, આ અર્થ છે.

परंतु यहाँ एक शंका यह होती है कि, एक सेवक होने के नाते भावावेश में आकर यदि आचार्यचरण भगवद्-आज्ञा का उल्लंघन कर देते हैं तो इससे भगवान अप्रसन्न होंगे अत: यह बात आचार्यचरणों के लिए शोभास्पद कैसे हो सकती है ? और यदि शोभास्पद ही होती हो, तो फिर अन्यों को ऐसा करने में क्या हानि है ? यदि ऐसी शंका होती हो, तो अब आचार्यचरण आगे के श्लोक में **लौकिकप्रभुवत्** इत्यादि शब्दों से भगवान के स्वरूप को अलौकिक बताते हुए इस शंका का निराकरण कर रहे हैं। आपश्री आज्ञा करते हैं कि सदानंद-फलरूप-कृष्ण को कभी भी एक लौकिक-स्वामी की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। जैसे कोई लौकिक-स्वामी अपने सेवक से कोई आज्ञा करे और सेवक उसका पालन न करे तो वह क्रोधित होता है, ऐसे भगवान की आज्ञा का पालन न करने से भगवान सेवक पर क्रोधित नहीं होते क्योंकि भगवद्-रस का अनुभव कराने के लिए भगवान ही अपने सेवक को ऐसी प्रेरणा देते हैं। इसी कारण भगवान ने अर्जुन के प्रति, "हे अर्जुन ! मोहवश होकर तू मेरी जिस आज्ञा का पालन नहीं करना चाहता, उसी को तू अपने स्वभाव के वश होकर करेगा (भ०गी०१८/६०)" इस वाक्य से लेकर, "हे अर्जुन ! ईश्वर समस्त प्राणियों के हृदय में बैठा है। वही देहरूपी यंत्र में बैठकर सभी को अपनी मायाशक्ति से घुमा रहा है (भ०गी०१८/६१)" इस वाक्य तक कहा है। लौकिक-स्वामी में ऐसी सामर्थ्य नहीं होती है एवं अपने सेवक के प्रति ऐसा भाव भी नहीं होता अत: आज्ञा का उल्लंघन होने से वह क्रोधित हो जाते हैं। इसलिए यहाँ भगवान की अप्रसन्नता न होने के कारण आचार्यचरणों के लिए वह शोभास्पद है परंतु अन्यों में आचार्यचरणों जैसी योग्यता न होने से उन्हें मूल भगवद्-इच्छा का ज्ञान नहीं होता अत: उनके लिए तो भगवद्-आज्ञा का उल्लंघन करना अनुचित ही है, यह अर्थ है।

**(एवमाज्ञाकरणतदकरणव्यवस्थामुक्त्वा तेन यत् सिद्धं तद् वदिष्यन्तो,) भगवति सर्वसमर्पणं जीवधर्मः, पश्चात्तु प्रभुः स्वेच्छया यत्करिष्यति तत्करोतु, त्वयापि तथैव स्वधर्मः कृतोस्तीति नैश्चिन्त्येन स्थीयतामित्याहुः । सर्वमिति ।**

**सर्वं समर्पितं भक्त्या कृतार्थोसि सुखी भव ।**
**प्रौढापि दुहिता यद्वत्स्नेहान्न प्रेष्यते वरे ॥ ८ ॥**
**तथा देहे न कर्तव्यं वरस्तुष्यति नान्यथा ।**

**भक्त्या स्नेहेन सर्वं समर्पितमतः कृतार्थोसि सुखी भव सुखेनैव स्थीयताम् । परिणामे सुखमेवेति सुखी भवेत्युक्तम् । सर्वपदेन लौकिकं रसाधिकरणदेहसम्बन्धिभावरूपमलौकिकञ्चेति ज्ञापितम् । समर्पणे कृते देहेपि सम्बन्धस्य जातत्वाद्देहेनैव सेवा कर्त्तव्यति लौकिकरसात्मकनिदर्शनपूर्वक (तत्कर्तव्यत्वावश्यकत्वमाहुः) । प्रौढापीति ।**

આ પ્રકારે આચાર્યચરણોએ ભગવદ્-આજ્ઞાનું પાલન કયા અર્થમા કર્યું અને કયા અર્થમાં ન કર્યું વગેરે સમસ્ત વ્યવસ્થાને કહીને આ બધા વિશ્લેષણોથી જે કાંઈ સિદ્ધ થયું તેને આપશ્રી આગળના શ્લોકોમાં કહી રહ્યા છે. આપશ્રી કહે છે કે ભગવાનને

પોતાનું સર્વ કાંઈ સમર્પણ કરી દેવું જીવનો ધર્મ છે. હવે જીવના સર્વસમર્પણ કર્યા બાદ પ્રભુ પોતાની ઈચ્છાથી જે કરવા ઈચ્છે તે કરે. તમે તો તમારા સ્વધર્મનું પાલન કર્યું જ છે તેથી નિશ્ચિંતતાથી રહો- આ વાતને આપશ્રી **સર્વમ્** વગેરે શબ્દોથી કહી રહ્યા છે. આચાર્યચરણ જીવને આજ્ઞા કરી રહ્યા છે કે તમોએ **ભક્ત્યા** અર્થાત્ સ્નેહપૂર્વક ભગવાનને સર્વ કાંઈ સમર્પિત કરી દીધું છે તેથી તમે કૃતાર્થ છો અને સુખથી રહો. ભગવાનને સર્વ કાંઈ સમર્પણ કરી દેવાનું પરિણામ સુખકારી જ થશે તેથી આપશ્રી સુખી રહો એમ કહી રહ્યા છે. **સર્વ** પદથી આ જણાય છે કે સમસ્ત લૌકિકકાર્ય અને ભગવદ્-રસથી પૂર્ણ આ દેહથી સંબંધિત અલૌકિક ભાવ વગેરે બધું જ જીવે ભગવાનને સમર્પણ કરી દીધું છે આ સૂચિત કર્યું છે. ભગવાનને લૌકિક-અલૌકિક બધું જ સમર્પણ કરી દેવા થકી દેહનો પણ ભગવાનથી સંબંધ થઈ જાય છે તેથી આ દેહથી ભગવદ્-સેવા કરવી જ જોઈએ. સમસ્ત લૌકિક અને રસાત્મક અલૌકિક કાર્યોને બતાવતા આ દેહ દ્વારા ભગવદ્-સેવા કર્તવ્યરૂપે આવશ્યક છે, આ બતાવવા માટે આચાર્યચરણ **પ્રૌઢાપિ** વગેરે શબ્દોથી એક ઉદાહરણ આપી રહ્યા છે.

इस प्रकार से आचार्यचरणों ने भगवद्-आज्ञा का पालन किस अर्थ में किया और किस अर्थ में नहीं किया इत्यादि समस्त व्यवस्था को कहकर इन सभी विश्लेषणों से जो कुछ सिद्ध हुआ, वह आपश्री आगे के श्लोकों में कह रहे हैं। आपश्री कह रहे हैं कि भगवान को अपना सभी कुछ समर्पण कर देना जीव का धर्म है, अब जीव के सर्वसमर्पण करने के पश्चात् प्रभु अपनी इच्छा से जो करना चाहे करें, तुमने भी अपने स्वधर्म का पालन किया ही है अत: निश्चिंतता से रहो। इसे वे **सर्वम्** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं।

आचार्यचरण जीव को आज्ञा कर रहे हैं कि तुमने **भक्त्या** अर्थात् स्नेहपूर्वक भगवान को सभी कुछ समर्पित किया है अत: तुम कृतार्थ हो और सुख से रहो। भगवान को सभी कुछ समर्पित कर देने का परिणाम सुखकारी ही होगा अत: आपश्री 'सुखी रहो' यह कह रह हैं। **सर्व** पद के द्वारा आपश्री ने समस्त लौकिककार्य एवं भगवद्-रस से पूर्ण इस देह से संबंधित अलौकिक-भाव इत्यादि सभी कुछ जीव ने भगवान को समर्पित कर दिया है, यह ज्ञापित किया है। भगवान को लौकिक-अलौकिक सभी कुछ समर्पण कर देने से देह का भी भगवान से संबंध हो जाता है अत: इस देह से भगवद्-सेवा करनी ही चाहिए। अत: इस लौकिक देह द्वारा भगवद्-सेवा कर्तव्यरूप से आवश्यक है, यह बताने के लिए आचार्यचरण **प्रौढ़ापि** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं।

**प्रौढापि रसयोग्यापि दुहिता स्वस्य स्नेहात्तस्य वरे यद्वन्न प्रेष्यत तथा देहे न कर्तव्यम् । स्वस्य देहस्नेहेन भगवत्सेवायां देहस्याविनियोगा न कर्त्तव्य: । किन्तु देहेन लौकिकेन भावात्मकेन च भगवद्रसयोग्यसेवैव कर्त्तव्या । तदकरण वर: प्रभुरन्यथा न तुष्यति । यथा स वर: स्वस्त्रीं विना न तुष्यति तथा प्रभुरपि न तुष्यति । अत्रापि समर्पणाऽनन्तरं मुख्यो भाव: स एवोच्यते । एतज् ज्ञापनार्थमेव पूर्वं निदर्शने राजपत्नीत्वमुक्तम् । द्वितीयेनापि तथैवोक्तम् ।**

આપશ્રી આજ્ઞા કરે છે કે જેવી રીતે રસયોગ્ય હોવા છતાં પણ પુત્રી સ્નેહના કારણે તેના પતિ પાસે મોકલવામાં ન આવે તેવી રીતે આ દેહ સાથે ન કરવું જોઈએ. અર્થાત્ આપણા દેહથી સ્નેહ રાખતા તેનો ભગવદ્-સેવામાં વિનિયોગ ન કરાવીએ એવું ન કરવું જોઈએ કિંતુ આ લૌકિક અને ભાવાત્મક દેહથી ભગવત્સુખનો વિચાર કરવાવાળી ભગવત્સેવા જ કરવી જોઈએ. જો આવું નહીં કરીએ તો વર: અર્થાત્ પ્રભુ પ્રસન્ન નહીં થાય. જેવી રીતે ઉપરના ઉદાહરણમાં કહેલ વર પોતાની સ્ત્રી વગર પ્રસન્ન નથી થતો તેવી રીતે આપણે પણ આ દેહને પ્રભુસેવામાં સંલગ્ન ન કરીએ તો પ્રભુ પ્રસન્ન થતા નથી. અહીં પણ આચાર્યચરણ સમર્પણ કર્યા બાદ મુખ્ય ભાવ ભગવત્સેવા જ કહી રહ્યા છે. આ જ બતાવવા માટે તેમણે પૂર્વમાં રાજપત્નીનું ઉદાહરણ આપ્યું અને બીજા પ્રૌઢ -પુત્રીના ઉદાહરણ દ્વારા પણ તેમણે આ જ વાત કહી છે.

अब सेवक इन समस्त वस्तुओं का विचार करे और आपश्री के उपदेशों पर दृढ़ विश्वास रखे, इसके लिए आचार्यचरण आगे के दो श्लोकों द्वारा अपनी आत्मागाथा सुना रहे हैं।

**आज्ञा** इत्यादि शब्दों का अर्थ कर रहे हैं। आपश्री ने 'तु' शब्द का प्रयोग इस अर्थ को भलीभाँति से समझने के अर्थ में किया है। आचार्यचरण इस श्लोक में यह आज्ञा कर रहे हैं कि, गंगासागरसंगम वाले स्थान पर या उसके समीप मुझे जो भगवद्-आज्ञा हुई एवं इसके पश्चात् बाद में मधुवन-मथुरा में भी जो आज्ञा हुई, वह दोनों आज्ञाएँ मैंने नहीं मानी क्योंकि भगवान ने उनका स्वरूप प्रकट करने के लिए एवं श्रीभागवत का गूढ़ार्थ प्रकट करने के लिए मुझे आज्ञा दे रखी थी। वे दोनों आज्ञाएँ किस विषय में थीं, इसे आपश्री **देहदेशपरित्यागः** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं। यहाँ-"देहदेशपरित्याग" शब्द में परित्याग शब्द 'देह' एवं 'देश' दोनों के साथ जुड़ा हुआ है अतः अर्थ यह हुआ कि पहली आज्ञा तो देहपरित्याग करने की हुई और दूसरी आज्ञा देशपरित्याग करने के लिए। आचार्यचरणों ने भगवान द्वारा दी गई देह-परित्याग वाली आज्ञा नहीं मानी, इसमें मूल कारण उनका खुद का अभिमान नहीं है और न ही इसमें कोई शास्त्र का विरोध है परंतु स्वयं भगवान ने आचार्यचरणों को श्रीभागवत का गूढ़ार्थ प्रकट करने की आज्ञा दी थी, उस कार्य को पूर्ण करने की इच्छा ही मूल कारण है। क्योंकि यदि देह का ही त्याग कर दें तो वह आज्ञा पूर्ण होनी संभव नहीं थी; श्रीभागवत का गूढ़ार्थ प्रकट करने में हेतु-साधन तो वाणी ही है, यदि देह ही न रहे तो वाणी भी नहीं रहेगी। और यदि भागवतार्थ देह-वाणी के माध्यम से न करके आचार्यचरण किसी दूसरे माध्यम से करते तो कलिग्रस्त जीवों को उन पर विश्वास ही न होता। और, आपश्री ने यह भी विचार किया कि, यदि भगवद्-देश का त्याग कर दें तो अन्य देश जो भगवद् -देश नहीं हैं, ऐसे देशों में भागवतार्थ प्रकट करने के विचार भी स्फुरित नहीं होंगे। इन्हीं सब बातों का विचार करके आचार्यचरणों ने भगवान की दो आज्ञाओं का पालन नहीं किया।

**भगवतस्त्वयमाशयः। देह उपचयः; देशो दानम्; 'दिह उपचये', 'दिश अतिसर्जने' इति धातुनिष्पन्नत्वाद्यौगिकावेतौ शब्दावाज्ञायामुक्तौ। तथा च, उपचयो बाहुल्यं दानञ्च परित्यक्तव्यम्। न च पूर्वाज्ञप्तासम्पूर्त्तिदोषः। यावदुक्तमेतावत्कृत्यैव साज्ञा कृतास्तु; अधिकं न कार्यम्। रहस्यप्रकाशस्यानभिप्रेतत्वात्।अधिककरणेनानधिकारिणामपि तज्ज्ञानसम्भवेन कृतार्थताप्रसक्तावधिकार्यनधिकारिविभागभङ्गाद्यापत्तेः। इदञ्च सूक्ष्मटीकातिरोधानस्कन्धक्रमव्याख्या त्याजनद-शमस्कन्धव्याख्यानानन्तरसामयिकमाधवभट्टकाश्मीरिशरीरशराहतिप्रभृतिभिः कार्यैरनुमीयते। सोयमाचार्यैर्नावधारितः।**

ભગવાને જે આચાર્યચરણોને દેહ-દેશનો પરિત્યાગ કરવાની આજ્ઞા આપી હતી; એમાં ભગવાનનો આશય પણ સમજી લઈએ. દેહનો અર્થ થાય છે 'ઉપચય' અર્થાત્ બહુલતા, દેશનો અર્થ થાય છે 'દાન'. આ બંને અર્થ ક્રમશઃ 'દિહ ઉપચયે' અને 'દિશ અતિસર્જને' એમ ધાતુ- અર્થથી સિદ્ધ થાય છે,તેમજ યૌગિક શબ્દ છે.આચાર્યચરણોને ભગવાને આ બંને અર્થોમાં દેહ-દેશ નો પરિત્યાગ કરવાની આજ્ઞા આપી આ સમજી લેવું જોઈએ. અર્થાત્ ભગવાને એમને આ આજ્ઞા કરી કે ભાગવતનો ગૂઢાર્થ બહુલતા અથવા તો વિસ્તારથી પ્રકટ કરવાનો પરિત્યાગ કરો અને જીવોને આવશ્યકતાથી વધારે દાન નહીં આપો. (આગળની પંક્તિમાં ટીકાકાર આ બતાવી રહ્યા છે કે ભગવાને આચાર્યચરણોને કઈ વસ્તુનું આવશ્યકતાથી અધિક દાન દેવાની ના પાડી.) અહીં આ શંકા કરવી ઉચિત નથી કે ભગવાને જે શ્રીભાગવતનો ગૂઢાર્થ પ્રકટ કરવાની પૂર્વમાં આજ્ઞા આપી હતી એના પૂર્ણ થયા પહેલાં એમણે બીજી આજ્ઞા આપી દીધી કેમકે ભગવાને જેટલું કરવાનું કહ્યું હતું એટલું જ કરી લેવાથી એમની આજ્ઞાનું પાલન તો થઈ જ ગયું હવે એનાથી વધારે કરવાની કોઈ આવશ્યકતા નથી કેમકે અધિક કરવાથી ભય એ છે કે પુષ્ટિમાર્ગના ગૂઢ રહસ્ય પ્રકાશિત થઈ જશે, જે પ્રભુની ઈચ્છા નથી. શ્રીમદ્-ભાગવતનો ગૂઢાર્થ અધિક પ્રકાશિત કરવાથી અનધિકારી જીવોની સામે આ માર્ગનું રહસ્ય જાહેર થવાનો ભય છે એથી કૃતાર્થ થવાના સંદર્ભમાં અધિકારી તથા અનધિકારી જીવોના વિભાગ જ ભંગ થઈ જશે. ભગવાનને ભાગવતનો ગૂઢાર્થ એનાથી અધિક પ્રકાશિત થાય એ ઈચ્છિત નથી એનું અનુમાન એનાથી કરવામાં આવે છે કે સર્વપ્રથમ તો આચાર્યચરણો દ્વારા શ્રીભાગવત પર લખાયેલી સૂક્ષ્મ ટીકા જ તિરોહિત થઈ ગઈ. પછી આપશ્રી જે ક્રમથી સ્કંધોની વ્યાખ્યા કરી રહ્યા હતા તે છૂટી ગયો. એના પછી દશમ સ્કંધની વ્યાખ્યા પૂર્ણ થવાના સમયે આપશ્રીના લેખક શ્રીમાધવભટ્ટ કાશ્મીરી તીરથી ઘાયલ થઈને હરિશરણ થઈ ગયા. આ સમસ્ત વાતોથી અનુમાન કરાય છે કે ભગવાનને શ્રીભાગવતનો ગૂઢાર્થ એનાથી અધિક પ્રકાશિત કરવાની ઈચ્છા ન હતી.આચાર્યચરણ આ બધી વાતોનું તાત્પર્ય ન સમજી શક્યા.

भगवान ने जो आचार्यचरणों को देह-देश का परित्याग करने को आज्ञा दी थी; उसमें भगवान का आशय क्या था, यह भी समझ लें। देह का अर्थ होता है 'उपचय' अर्थात् बहुलता; देश का अर्थ होता है 'दान'। यह दोनों अर्थ क्रमशः 'दिह उपचये' एवं 'दिश अतिसर्जने' यों धातु-

अर्थ से सिद्ध होते हैं एवं यौगिक-शब्द हैं, आचार्यचरणों को भगवान ने इन दोनों अर्थों में देह-देश का परित्याग करने की आज्ञा दी, यह समझ लेना चाहिए। अर्थात् भगवान ने उन्हें यह आज्ञा की कि - भागवत का गूढ़ार्थ बहुलता या विस्तार से प्रकट करने का परित्याग करो एवं जीवों को आवश्यकता से अधिक दान मत दो। (आगे की पंक्ति में टीकाकार यह बता रहे हैं कि, भगवान ने आचार्यचरणों को किस वस्तु को आवश्यकता से अधिक दान देने के लिए मना किया)। यहाँ यह शंका करनी उचित नहीं है कि भगवान ने जो श्रीभागवत का गूढ़ार्थ प्रकट करने की पूर्व में आज्ञा दी थी, उसे पूर्ण हुए बिना उन्होंने दूसरी आज्ञा दे दी क्योंकि भगवान ने जितना करने के लिए कहा था उतना ही कर देने से उनकी आज्ञा का तो पालन हो ही गया, अब इससे अधिक करने की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि अधिक करने से भय यह है कि पुष्टिमार्ग के गूढ़ रहस्य प्रकाशित हो जाएँगे, जो प्रभु को अभिप्रेत नहीं है। श्रीमद्-भागवत का गूढ़ार्थ अधिक प्रकाशित करने से अनधिकारी-जीवों के सामने भी इस मार्ग का रहस्य खुल जाने का भय है अतः कृतार्थ होने के संदर्भ में अधिकारी एवं अनधिकारी जीवों का विभाग ही भंग हो जायेगा। भगवान को भागवत का गूढ़ार्थ इससे अधिक प्रकाशित होना अभिप्रेत नहीं है, इसका अनुमान इससे लगाया जाता है कि सर्वप्रथम तो आचार्यचरणों द्वारा श्रीभागवत पर लिखी गई सूक्ष्म-टीका ही तिरोहित हो गई, फिर आपश्री जो कम से स्कंधों की व्याख्या कर रहे थे, वह छूट गया। इसके पश्चात् दशमस्कंध की व्याख्या पूर्ण होने के समय आपश्री के लेखक श्रीमाधवभट्ट काश्मीरी तीर से घायल होकर हरिशरण हो गये। इन्हीं समस्त बातों से अनुमान लगाया जाता है कि भगवान को श्रीभागवत का गूढ़ार्थ इससे अधिक प्रकाशित करने की इच्छा नहीं थी। आचार्यचरण इन बातों का तात्पर्य नहीं समझ पाए।

**न वाचार्याणां भगवदाज्ञार्थानवधारणकथनमयुक्तमिति शंक्यम् ; भक्तानां पञ्चाध्यायीस्थस्कन्धारोहणवाक्यार्थाज्ञानवत् सम्भवात्। तदा तृतीयाज्ञा जाता। तद्विषयस्तृतीयपरित्यागः स लोकगोचरः। 'लोकस्तु भुवने जन' इति कोशाज्जनविषयः। स च संन्यासेन भव'त्येकचार्यनिकेतः स्यादि'त्यादिवाक्यैः संन्यासे तथात्वात्। तत्र तादृश्यामाज्ञायां जातायां पश्चात्तापा मम जात इति शेषः। स कथं केन प्रकारेणेति विचार्यमाणे, सेवकोहं; अहं सेवक इति सेवकत्वप्रकारेणाज्ञाभङ्गकरणहेतुकः। च पुनरन्यथा न, स्वचिकीर्षितकार्यासम्पूर्त्त्यादिहेतुको न। अतो मत्कृत्यादिविचारेपि मत्सेवकत्वपुरस्कारेण विचारात् पश्चात्ताप एव युक्त इत्यर्थः।**

જેવી રીતે રાસપંચાધ્યાયીમાં જયારે શ્રીકૃષ્ણએ ગોપીઓને પોતાના ખભા ઉપર ચઢી જવાનું કહ્યું અને ગોપીઓ એમના કહેવાનું તાત્પર્ય સમજી નહીં શકી (જુઓ શ્રી.ભા.૧૦/૩૦/૩૮,૩૯,૪૦) એવી રીતે અહીંયાં પણ આચાર્યચરણ ભગવદ્-આજ્ઞાનું તાત્પર્ય નહીં સમજી શક્યા. અહીં આ કહેવું ઉચિત નહીં હોય કારણકે આચાર્યચરણોએ જાણી જોઈને ભગવાનની બે આજ્ઞાઓ નહોતી માની - ત્યારે ત્રીજી ભગવદ્-આજ્ઞા થઈ. આ ત્રીજી આજ્ઞામાં પરિત્યાગનો અર્થ હતો **લોકગોચરઃ**. લોક શબ્દનો અર્થ કોશને અનુસાર ભવન પણ થાય છે અને જનસમુદાય પણ. અને આ ત્રીજો પરિત્યાગ સંન્યાસગ્રહણ દ્વારા જ થઈ શકતો હતો કેમકે ''સંન્યાસીને જોઈએ કે તે એકલો જ રહે તેમ જ ઘરમાં ન રહે'' ઈત્યાદિ વાક્યોને અનુસાર સંન્યાસનું સ્વરૂપ એવું જ કહેવામાં આવ્યું છે. એવી આજ્ઞા થવા પર આચાર્યચરણ કહે છે કે એમના મનમાં પશ્ચાતાપ થયો. આપશ્રીને પશ્ચાતાપ કેમ અને કેવા પ્રકારનો થયો એ તેઓ **સેવકોહં** શબ્દથી કહી રહ્યા છે. આપશ્રીનું તાત્પર્ય એ છે કે-હું તો સેવક છું અને સેવક હોવાને નાતે પોતાના સ્વામી-ભગવાનની આજ્ઞા ભંગ કરવાના કારણે મને પશ્ચાતાપ થયો, **અન્યથા** અર્થાત્ પોતાના શ્રીમદ્-ભાગવતગૂઢાર્થપ્રકાશનનું કાર્ય અધૂરું રહી જવાના કારણે નહીં. આથી આપશ્રી એમ કહેવા માગે છે કે ભલે મારી ભાગવતગૂઢાર્થ અને ભગવદ્-સ્વરૂપનું પ્રકાશન કરવા જેવી કૃતિઓનો વિચાર કરી લઈએ તો પણ એક ભગવદ્-સેવક હોવાને નાતે મને પશ્ચાતાપ થવો ઉચિત જ છે, આ અર્થ છે.

जैसे रासपंचाध्यायी में जब श्रीकृष्ण ने गोपियों से अपने कंधों पर चढ़ जाने को कहा और गोपियाँ उनके कहे का तात्पर्य समझ नहीं पायीं (देखें श्री०भा० १०/३०/३८.३९,४०) वैसे यहाँ भी आचार्यचरण भगवद्-आज्ञा का तात्पर्य नहीं समझ पाये। तब तीसरी भगवद्-आज्ञा हुई। उस तृतीय-आज्ञा में परित्याग का अर्थ था **लोकगोचरः**। लोक शब्द का अर्थ कोश के अनुसार 'भवन' भी होता है और 'जन-समुदाय' भी और यह तीसरा परित्याग संन्यास-ग्रहण के द्वारा ही हो सकता था क्योंकि ''संन्यासी को चाहिए कि वह अकेला रहे एवं घर में न रहे (श्री०भा०११/९/१४)'' इत्यादि वाक्यों के अनुसार संन्यास का स्वरूप ऐसा ही कहा गया है। ऐसी आज्ञा होने पर आचार्यचरण कहते हैं कि, उन्हें मन में पश्चात्ताप हुआ। आपश्री को पश्चात्ताप क्यों और किस प्रकार का हुआ, यह वे **सेवकोहं** शब्द से कह रहे हैं। आपश्री का तात्पर्य यह है कि - मैं तो सेवक हूँ और सेवक होने के नाते अपने स्वामी-भगवान की आज्ञा भंग करने के कारण मुझे पश्चात्ताप हुआ; **अन्यथा** अर्थात् अपने श्रीमद्-भागवतगूढ़ार्थ के प्रकाशन का कार्य अधूरा रह जाने के कारण नहीं। अतः आपश्री यह कहना चाह रहे हैं कि - भले ही मेरी भागवतगूढ़ार्थ एवं भगवद्-स्वरूप का प्रकाशन करने जैसी कृतियों का विचार कर लें, तब भी एक भगवद्-सेवक होने के नाते मुझे पश्चात्ताप होना उचित ही है, यह अर्थ है।

**तदनन्तरमाज्ञाद्वयं देहदेशपरित्यागविषयं गङ्गासागरसङ्गमे मथुरायाश्च जातमिति । एवमाज्ञात्रयं सिद्धम् । तत्र श्रीमदाचार्येष्वतिकरुणत्वमस्ति न वेति लोकानां संशयनिवारणार्थं पुष्टिमार्गस्थत्वात् स्वस्य वा तदर्थं प्राकट्यानन्तरमाज्ञाद्वयमतिकरुणत्वविरोधिजातम्, तदाज्ञाद्वयं स्वस्य भगवतश्च स्वाङ्गीकृतेषु अतिकरुणत्वख्यापनार्थं न कृतम्, तत्कृतौ हि सर्वमाज्ञाप्तं न स्यात्तेन च स्वाङ्गीकृतानामनुद्धारः स्यात्, तेन चोभयस्य करुणत्वं न स्यात् , यदि तदेव न स्यात्तदा पूर्वं तदर्थं नाज्ञापयेत् । भगवान् स्वयं च नाविर्भूयात् ।**

<u>હવે અહીંથી શ્રીપુરૂષોત્તમજીનો સ્વતંત્ર લેખ આરંભ થાય છે.</u> હવે અમે **આજ્ઞા પૂર્વન્તુ યા જાતા** ઈત્યાદિ પદોના વિષયમાં કંઈ વિશેષ કહી રહ્યા છીએ. અહીં સર્વપ્રથમ એ જાણી લેવું જોઈએ કે, આચાર્યચરણોનાં ભૂતલ પર પ્રકટ થવાના પહેલાં જ "વિશ્વના ઉદ્ધાર માટે ભાગવતનો યથાર્થ પ્રકટ કરવા માટે મુજ વૈશ્વાનર (શ્રી મહાપ્રભુજી) સિવાય બીજું કોઈ સમર્થ નથી. આ વિચાર કરીને ભગવાને વેદવ્યાસની જેમ મને જ માનવદેહથી સંપન્ન કરીને ભાગવતનો ગૂઢાર્થ પ્રકટ કરવા માટે ભૂતલ પર પ્રકટ થવાની આજ્ઞા આપી છે.(સુ./પ્ર.અ./મંગલાચરણ/૫)" આ શ્લોક અનુસાર ભગવાન એમને પહેલી આજ્ઞા તો આપી ચૂક્યા હતા. એના પછી દેહ અને દેશના પરિત્યાગની બે બીજી આજ્ઞાઓ એમને ક્રમશઃ ગંગાસાગરસંગમ અને મથુરામાં થઈ. આ પ્રકારે બધી મળીને ત્રણ આજ્ઞાઓ થઈ,એમ સિદ્ધ થાય છે. હવે શ્રીમદ્-આચાર્યચરણોમાં અતિ કરૂણા છે કે નહીં-લોકમાં આ પ્રકારનાં સંશયનું નિવારણ કરવા માટે અને કારણ કે આચાર્યચરણો પુષ્ટિમાર્ગસ્થ છે અને આના લીધે જ આપશ્રીનો પ્રાકટય થયો છે તેથી ભગવાનની દેહદેશ પરિત્યાગની બન્ને આજ્ઞાઓ આપશ્રી માં જીવો પ્રત્યે રહેલ કરુણા થી વિપરીત જઈ રહી હતી અને આના લીધે જ પોતાની તેમજ ભગવાન દ્વારા અંગીકૃત જીવો પ્રતિ પોતાની કરૂણા જતાવવા માટે આચાર્યચરણોએ એ બંને આજ્ઞાઓનું પાલન ન કર્યું. જો એ આજ્ઞાઓનું પાલન કરી લેત તો ભગવાનની બધી આજ્ઞાઓનું પૂર્ણરૂપથી પાલન કરવું સિદ્ધ ન થાત.(અર્થાત્ શ્રીમદ્-ભાગવત ગૂઢાર્થ પ્રકાશનની આજ્ઞા અધૂરી રહી જાત.) અને એનાથી અંગીકૃતજીવોનો ઉદ્ધાર કરવાનું બાકી રહી જાત.એનાથી ન તો આચાર્યચરણમાં કરૂણા છે એ સિદ્ધ થઈ શકત અને ન તો ભગવાનમાં કરૂણા છે એ સિદ્ધ થઈ શકત. જો ભગવાનમાં જીવો પ્રતિ કરૂણા ન હોત તો તેઓ આચાર્યચરણોને જીવોનો ઉદ્ધાર કરવાની આજ્ઞા કેમ આપત ? અને ભગવાન પોતે પણ શ્રી ગોકુલમાં આવિર્ભૂત થઈને કેમ રસ્તો બતાવત જયારે આચાર્યચરણોને ચિંતા થઈ રહી હતી?

<u>अब यहाँ से आगे श्रीपुरुषोत्तमजी का स्वतंत्रलेख आरंभ होता है।</u> अब हम **आज्ञा पूर्वन्तु या जाता** इत्यादि पदों के विषय में कुछ विशेष कह रहे हैं। यहाँ सर्वप्रथम यह जान लेना चाहिए कि, आचार्यचरणों के भूतल पर प्रकट होने से पहले ही, "विश्व के उद्धार के लिए भागवत का यथार्थ प्रकट करने के लिए मुझ वैश्वानर (श्रीमहाप्रभुजी) के अतिरिक्त अन्य कोई दूसरा समर्थ नहीं है, यह विचार करके भगवान ने वेदव्यास की भाँति मुझे ही मानवदेह से संपन्न करके भागवत का गूढ़ार्थ प्रकट करने के लिए भूतल पर प्रकट होने की आज्ञा दी है (सुबो०/प्र० अध्याय / मंगलचरण/५)" इस श्लोकानुसार भगवान उन्हें पहली आज्ञा तो दे चुके थे। इसके पश्चात् देह और देश के परित्याग की दो और आज्ञाएँ उन्हें क्रमशः गंगासागरसंगम एवं मथुरा में हुई, इस प्रकार से कुल मिलाकर तीन आज्ञाएँ हुई, यह सिद्ध होता है। अब ऐसे में श्रीमदाचार्यचरणों में अति करुणा है या नहीं, लोक में इस प्रकार के संशय का निवारण करने के लिए और चूँकि आचार्यचरण पुष्टिमार्गस्थ हैं और इसी के लिए आपश्री का प्राकट्य हुआ है अतः भगवान की देहदेशपरित्याग की दोनों आज्ञाएँ आपश्री में जीवों के प्रति रही करुणता के विरूद्ध जा रही थी। और इसी कारण; अपने एवं भगवान द्वारा अंगीकृत जीवों के प्रति अपनी करुणा जताने के लिए आचार्यचरणों ने उन दोनों आज्ञाओं का पालन नहीं किया । यदि उन आज्ञाओं का पालन कर लेते तो भगवान की सभी आज्ञाओं का पूर्वरूप से पालन करना सिद्ध न होता (अर्थात् श्रीमद्-भागवत गूढ़ार्थ-प्रकाशन की आज्ञा अधूरी रह जाती) और इससे जीवों का उद्धार करना शेष रह जाता। इससे न तो आचार्यचरणों में करुणता है यह सिद्ध हो पाता और न ही भगवान में करुणता है, यह सिद्ध हो पाता। यदि भगवान में जीवों के प्रति करुणा न होती तो वे आचार्यचरणों को जीवों का उद्धार करने की क्यों आज्ञा देते ? और खुद भगवान भी श्रीगोकुल में क्यों आविर्भूत होकर रास्ता सुझाते, जब आचार्यचरणों को चिंता हो रही थी ?

**नत्वेवम् । अतः परिक्षार्थत्वान्नान्तःकरणगोचरा । अतो न विशेषगत्यादि कृतमित्यर्थः । न च पूर्वयैव तत्सम्भवे किं देशत्यागविषयिण्या तयेति वाच्यम्, क्रीडादेशे त्यक्ते विरहेण स्वमेव देहं त्यक्ष्यन्तीति तेनातिकरुणत्वमेव परीक्षितं न विष्यतीति भगवदभिप्रायः। श्रीमदाचार्यैस्तु तदपि तथैव ज्ञातमिति सापि न कृतेति भावः। नन्वयमेवाशयो भगवतः श्रीमदाचार्याणाञ्च तथैव ज्ञानं जातं, इत्यत्र किं मानमित्यपेक्षायां भगवदादिसर्वसम्मतं हेतुमाहुः। तृतीयो लोकगोचर इति । तद् द्वयापेक्षया पूर्वमाज्ञाप्तः सर्वोद्धारः लोकगोचर इति न किञ्चिद् अलौकिकं मानं वाच्यम् । किन्तु सर्वलोकप्रसिद्धमेव मानमित्यर्थः । एवं कृते पश्चात्तापः**

---

* श्रीपुरुषोत्तमचरणानामेवायं स्वतन्त्रलेखः। लिखितश्च स्वहस्ताक्षरैः। अत एवात्र निवेशितः।

**कथम् ? न कथमपि । यतः सेवकधर्मोन्तःकरणकमाज्ञप्तकरणम्, न चान्यथा तद्विरुद्धमित्यर्थः । अत एव श्रीमदाचार्यैराज्ञप्तं विवेकधैर्याश्रये 'विशेषतश्चेदाज्ञा स्यादि'त्यनेनेतिदिक् । (इति स्वतन्त्रलेखः) ॥५-६॥**

એથી ભગવાન કે આચાર્યચરણોને જીવો પ્રતિ કરૂણા નથી એવું નથી, એથી અહીં આ સમજવું જોઈએ કે ભગવાને આચાર્યચરણોની પરીક્ષા લેવા માટે એવી આજ્ઞાઓ આપી અને એ આજ્ઞાઓ ભગવાનની અંતઃકરણગોચર આજ્ઞાઓ નહોતી અને એ કારણે આચાર્યચરણોએ એ આજ્ઞાઓને અનુરૂપ કોઈ વિશેષ કાર્ય નહીં કર્યું, એ અર્થ છે. અહીં એવી શંકા ન કરવી જોઈએ કે જો ભગવાને પરીક્ષા જ કરવી હતી તો તેમણે પહેલાં દેશત્યાગ ની આજ્ઞા કેમ ન કરી ? પહેલાં દેહત્યાગ અને પછી દેશત્યાગ ની આજ્ઞા કેમ?? કારણકે જો તેઓ આચાર્યચરણોને પહેલાં દેશત્યાગની આજ્ઞા આપત તો આપશ્રી ભગવાનના ક્રીડાસ્થલ-વ્રજભૂમિનો ત્યાગ કરી દેત અને એના વિરહમાં પોતેજ દેહ નો પણ ત્યાગ કરી દેત અને આનાથી આપશ્રીમાં પોતાના જીવો પ્રત્યે અતિકરૂણતા છે કે નહીં-આની પરીક્ષા થઈ ન શકત, આ ભગવાનનો અભિપ્રાય હતો. તેથી આચાર્યચરણોને ભગવાનની આ બીજી આજ્ઞા પણ અંતઃકરણગોચર ન લાગી એથી એમણે આ આજ્ઞાનું પણ પાલન ન કર્યું આ ભાવ છે. પરંતુ અહીં એક પ્રશ્ન આ થાય છે કે ભગવાનનો આશય આચાર્યચરણોની પરીક્ષા લેવાનો હતો અને આચાર્યચરણોને પણ એમ જ લાગ્યું હતું કે આ ભગવાનની અંતઃકરણ ગોચર આજ્ઞાઓ નથી અને તેઓ પરીક્ષા લેવા માટે આવું કરી રહ્યા છે, એમાં શું પ્રમાણ છે? જો આવી શંકા થતી હોય તો આચાર્યચરણ આનો સર્વસમ્મત-હેતુ तृतीयो लोकगोचरः વગેરે શબ્દો થી કહી રહ્યા છે. આ શંકાના સમાધાનમાં અહીં આ સમજો કે દેહદેશપરિત્યાગ ની આ બન્ને આજ્ઞાઓ કરતા આચાર્યચરણોને પહેલા જ શ્રીમદ્-ભાગવતનો ગૂઢાર્થ પ્રકટ કરવાની પ્રભુ -આજ્ઞા થઈ ચુકી છે, જે લોકપ્રસિદ્ધ વાત છે જ. હવે આના સિવાય બીજું કોઈ અલૌકિક પ્રમાણ શું કહી શકાય ? ખરેખર આજ સર્વલોકપ્રસિદ્ધ પ્રમાણ છે. તેવી આ સમસ્ત પરિસ્થિતિનું વિચાર કરતાં અચાર્યચરણ કહી રહ્યા છે કે -મને પશ્ચાતાપ શા માટે કરવું જોઈએ ? કોઈ પણ પ્રકાર થી નહીં. કેમકે સેવકનો ધર્મ એ જ છે કે તે અંતઃકરણગોચર આજ્ઞાનું પાલન કરે **न च अन्यथा** અર્થાત્ એનાથી વિરુદ્ધ નહીં ,એ અર્થ છે. આ જ કારણે આચાર્યચરણોએ વિવેકધૈર્યાશ્રય ગ્રંથમાં આ કહ્યું છે કે "જો ભગવાનની કોઈ વિશેષ આજ્ઞા થઈ જાય અને તે અંતઃકરણગોચર હોય, તો જ એને અનુરૂપ કોઈ વિશેષ કાર્ય કરવું જોઈએ. (વિ.ધૈ.આ./૩)" તો આ દિશા હવે અહીં સ્પષ્ટ થઈ ગઈ છે. (આ શ્રીપુરૂષોત્તમજીનો સ્વતંત્ર લેખ પૂર્ણ થયો)

अतः भगवान या आचार्यचरणों को जीवों के प्रति करुणा नहीं है-ऐसा नहीं है अतः यहाँ यह समझना चाहिए कि भगवान ने आचार्यचरणों की परीक्षा लेने के लिए ऐसी आज्ञाएँ दी और वे आज्ञाएँ भगवान की अन्तकरणगोचर आज्ञाएँ नहीं थीं और इसी कारण आचार्यचरणों ने उन आज्ञाओं के अनुरूप कुछ विशेष कार्य नहीं किया, यह अर्थ है। यहाँ ऐसी शंका नहीं करनी चाहिए कि यदि भगवान को परीक्षा ही करनी थी तो उन्होंने पहले देशत्याग की आज्ञा क्यों न की ? पहले देहत्याग और फिर देशत्याग की क्यों ?? क्योंकि यदि वे आचार्यचरणों को पहले देशत्याग की आज्ञा कर देते तो आचार्यचरण भगवान के क्रीड़ास्थल-व्रजभूमि का त्याग कर देते और विरह में अपने आप ही देह का भी त्याग कर देते और इससे आपश्री में अपने जीवों के प्रति अतिकरुणता है, इसकी परीक्षा ही न हो पाती- यह भगवान का अभिप्राय था अतः आचार्यचरणों को भगवान की यह दूसरी आज्ञा भी अन्तःकरणगोचर न लगी अतः उन्होंने उस आज्ञा का भी पालन नहीं किया, यह भाव है। परंतु यहाँ एक प्रश्न यह होता है कि, भगवान का आशय आचार्यचरणों की परीक्षा लेने का था और आचार्यचरणों को भी यही लगा कि ये भगवान की अन्तःकरणगोचर आज्ञाएँ नहीं है और वे परीक्षा लेने के लिए ऐसा कर रहे हैं, इसमें क्या प्रमाण है ? यदि ऐसी शंका होती हो तो आचार्यचरण इसका सर्वसम्मत-हेतु **तृतीयो लोकगोचरः** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं। इस शंका के समाधान में यहाँ यह समझें कि देह-देश परित्याग की इन दोनों आज्ञाओं की अपेक्षा पहले ही आचार्यरणों को श्रीमद्-भागवत का गूढ़ार्थ प्रकट करने की प्रभु-आज्ञा हो चुकी है जो लोकप्रसिद्ध बात है ही। अब इसके अतिरिक्त और दूसरे अलौकिक प्रमाण क्या कहें अपितु यही सर्वलोकप्रसिद्ध प्रमाण है। अतः इन समस्त परिस्थितियों का विचार करते हुए आचार्यचरण कह रहे हैं कि-मुझे पश्चात्ताप क्यों करना चाहिए ? किसी भी प्रकार से नहीं। क्योंकि सेवक का धर्म यही है कि, वह अन्तःकरणगोचर आज्ञा का पालन करे **न च अन्यथा** अर्थात् इससे विरुद्ध नहीं, यह अर्थ है। इसी कारण आचार्यचरणों ने विवेकधैर्याश्रय-ग्रंथ में यह कहा है कि यदि भगवान की कोई विशेष-आज्ञा हो जाय और वह अन्तःकरणगोचर हो, तब ही उसके अनुरूप कोई विशेष कार्य करना चाहिए (वि०धै०आ०१३) सो यह दिशा अब यहाँ स्पष्ट हो गई है। (यह श्रीपुरुषोत्तमजी का स्वतंत्र-लेख पूर्ण हुआ) ॥५-६॥

**ननु युक्तोयं विचारस्तथापि पूर्वापराधजनितभगवदप्रसन्नताया अनिवृत्तौ भयरूपोयमुद्वेगः, स कथं निवर्त्ततामित्याशङ्कायां तदर्थं विचारान्तरमुपदिशन्ति । लौकिक प्रभुवदित्यादि ।**

**लौकिकप्रभुवत्कृष्णो न द्रष्टव्यः कदाचन ॥ ७ ॥**

**सर्वं समर्पितं भक्त्या कृतार्थोसि सुखी भव ।**

**लौकिका हि प्रभवोपराधेनाप्रसन्ना: कस्यचित्प्रसीदन्ति, कस्यचिन्न प्रसीदन्ति, तद्वत् कृष्णा भगवान् कदाचन अवतारकालेऽनवतारकाले च न द्रष्टव्य: । अवतारकाले 'अहो बकीयमि'तिवाक्येन अनवतारकाले च वरणश्रुत्या 'प्रह्लादाय यदा द्रुह्येद्धनिष्येपि वरोर्जितमि'ति देवान् प्रति भगवद्वाक्येन चापराधक्षन्तृत्वपूर्वकसत्फलदातृत्वस्य भक्ते कृपालवस्य च सिद्धत्वात् । त्वया च सर्वं भक्त्या भगवते समर्पितमतो भक्तत्वात् कृतार्थोसि ।''एवं धर्मैर्मनुष्याणामि''तिवाक्ये भगवता भक्तौ जातायां निरवशेषार्थाप्तिकथनात् सर्वं साधनरुपं फलरुपं चार्थं प्राप्तवानसि । अत: सुखी भव, दौर्मनस्यनिवारणेन निवृत्तो भवेत्यर्थ: । इयं चोक्तविचारात्मकाज्ञाकर्त्तु: प्रभुभिराशीरेव दीयते ।**

હવે અહીં આ શંકા થાય છે કે, ચાલો એવો વિચાર કરવો ઠીક છે પરંતુ તો પણ પૂર્વમાં ભગવદ્-આજ્ઞા ન માનવાના અપરાધના કારણે ભગવાન અપ્રસન્ન તો થયા જ છે. આથી જ્યાં સુધી ભગવાનની અપ્રસન્નતા દૂર ન થાય ત્યાં સુધી તો આપશ્રીને ભયરૂપી ઉદ્વેગ તો થઈ જ રહ્યો છે, તે કેવી રીતે દૂર થશે ? આ આશંકા થવાથી હવે **લૌકિક પ્રભુવત્** ઈત્યાદિ શબ્દોથી આપશ્રી બીજા વિચારોનો ઉપદેશ કરી રહ્યા છે.

આચાર્યચરણના કહેવાનું તાત્પર્ય એ છે કે, લૌકિક સ્વામી જ સેવકના અપરાધોથી અપ્રસન્ન થાય છે, કોઈના પર પ્રસન્ન થાય છે તો કોઈના પર પ્રસન્ન નથી થતા, એવા લૌકિક સ્વામીની જેમ ભગવાન-કૃષ્ણને નહીં સમજવા જોઈએ; **કદાચન** અર્થાત્ ભલે ભગવાનના અવતારનો સમય હોય કે અનવતારનો, કોઈ પણ કાલમાં ભગવાન-કૃષ્ણને એવી સંશયપૂર્ણ દૃષ્ટિથી નહીં જોવા જોઈએ, કેમકે અવતાર કાલમાં ''શું આશ્ચર્ય છે કે, જે પૂતનાએ ભગવાનને મારી નાખવાની ઈચ્છા રાખી પરંતુ ભગવાને એને પણ ધાયની ગતિ પ્રદાન કરી (શ્રી.ભા.૩/૨/૨૩)'' આ વાક્ય દ્વારા તેમજ અનવતાર-કાલમાં ''પરમાત્મા જેના પર કૃપા કરીને વરણ કરે છે એ જીવને જ પ્રાપ્ત થાય છે, જીવ દ્વારા કરેલા સાધનોથી પ્રાપ્ત નથી થતા.(કઠો.૧/૨/૨૩)'' આ વરણશ્રુતિ અને શ્રીમદ્-ભાગવતમાં કહેલા ''જ્યારે હિરણ્યકશિપુ પોતાના મહાત્મા પુત્ર પ્રહલાદથી દ્રોહ કરશે તો વરદાનને કારણ શક્તિસંપન્ન હોવા છતાં પણ હું તેનો વધ કરીશ (શ્રી.ભા.૭/૪/૨૮)'' આ ભગવદ્-વાક્યને અનુસાર પણ એ જ સિદ્ધ થાય છે કે ભગવાન જીવના અપરાધોને ક્ષમા કરીને ઉત્તમ-ફલ આપે છે તેમ જ ભક્ત માટે કૃપાળુ છે. એથી આચાર્યચરણ પોતાના અંત:કરણને/ જીવને આ કહી રહ્યા છે કે તમે તો ભક્તિ દ્વારા પોતાનું બધું ભગવાનને સમર્પણ કર્યું છે એથી ભક્ત હોવાને નાતે તમે કૃતાર્થ છો. અને ''હે ઉદ્ધવ ! જે આ ભગવદ્-ધર્મોનું પાલન કરે છે તેમજ મારા પ્રતિ આત્મનિવેદન કરી દે છે એમના માટે હવે કયો પુરૂષાર્થ કરવો બાકી રહી જાય છે? (શ્રી.ભા.૧૧/૧૯/૨૪)'' આ વાક્ય દ્વારા ભગવાને એમ કહ્યું છે કે ભક્તિ ઉત્પન્ન થવાથી સમસ્ત અર્થ પ્રાપ્ત થઈ જાય છે તેથી આચાર્યચરણ કહી રહ્યા છે કે ભગવાનને બધું કાંઈ સમર્પિત કરી દેવાના કારણે સાધન અને ફલરૂપ અર્થ (અર્થાત્ ભગવાન ) ને તમે પ્રાપ્ત કરી લીધા છે. એથી સુખી રહો અને મનની કલુષતાનું નિવારણ કરીને નિવૃત્ત થઈ જાઓ, આ અર્થ છે. અને ઉપર્યુક્ત વાતોનો વિચાર કરીને પ્રભુ-આજ્ઞાનું પાલન કરવાવાળાને પ્રભુ આશીર્વાદ જ આપે છે, એના પર અપ્રસન્ન થતા નથી.

अब यहाँ यह शंका होती है कि चलो ऐसा विचार करना ठीक है परंतु फिर भी पहले भगवद्-आज्ञा न मानने के अपराध के कारण भगवान अप्रसन्न तो हुए ही हैं अत: जब तक भगवान की अप्रसन्नता दूर न हो तब तक तो आपश्री को भयरूपी उद्वेग हो ही रहा है, वह कैसे दूर होगा ? यह आशंका होने पर अब **लौकिकप्रभुवत्** इत्यादि शब्दों से आपश्री दूसरे विचारों का उपदेश कर रहे हैं।

आचार्यचरण का तात्पर्य यह है कि, लौकिक-स्वामी ही सेवक के अपराधों से अप्रसन्न होते हैं। किसी पर प्रसन्न होते हैं तो किसी पर प्रसन्न नहीं होते। ऐसे लौकिक-स्वामी की तरह भगवान-कृष्ण को नहीं समझ लेना चाहिए; **कदाचन** अर्थात् चाहे भगवान के अवतार का समय हो या अनवतार का, किसी भी काल में भगवान-कृष्ण को ऐसी संशयपूर्ण दृष्टि से नहीं देखना चाहिए क्योंकि अवतार-काल में ''क्या आश्चर्य है कि जिस पूतना ने भगवान को मार डालने की इच्छा रखी परंतु भगवान ने उसे भी धाय की गति प्रदान की (श्री०भा०३/२/२३)'' इस वाक्य द्वारा एवं अनवतार-काल में ''परमात्मा जिस पर कृपा करके वरण करते हैं उस जीव को ही प्राप्त होते हैं, जीव के द्वारा किए गये साधनों से नहीं (कठो०१/२/२३)'' , इस वरणश्रुति एवं श्रीमद्-भागवत में कहे, ''जब हिरण्यकशिपु अपने महात्मा-पुत्र प्रह्लाद से द्रोह करेगा तो वरदान के कारण शक्तिसंपन्न होने पर भी मैं उसका वध कर दूँगा (श्री०भी०७/४/२८)'' इस भगवद्-वाक्य के अनुसार भी यही सिद्ध होता है कि भगवान जीव के अपराधों को क्षमा करके उत्तमफल देते हैं एवं भक्त के लिए कृपालु हैं। अत: आचार्यचरण अपने अन्त:करण से / जीव से यह कह रहे हैं कि, तुमने तो भक्ति द्वारा अपना सबकुछ भगवान को समर्पित किया है अत: भक्त होने के नाते तुम कृतार्थ हो और, ''हे उद्धव ! जो इन भगवद्-

धर्मों का पालन करते हैं एवं मेरे प्रति आत्मनिवेदन कर देते हैं, उनके लिए अब कौन सा पुरुषार्थ करना शेष रह जाता है ? (श्री०भा०११/१९/२४)'' इस वाक्य द्वारा भगवान ने यह कहा है कि, भक्ति उत्पन्न होने पर समस्त अर्थ प्राप्त हो जाते हैं अत: आचार्यचरण कह रहे हैं कि भगवान को सभी कुछ समर्पित कर दिया होने के कारण साधन और फलरूप अर्थ (अर्थात् भगवान) को तुमने प्राप्त कर लिया है। अत: सुखी रहो और मन की कलुषता का निवारण करके निवृत्त हो जाओ, यह अर्थ है। और, उपर्युक्त बातों का विचार करके प्रभु-आज्ञा का पालन करनेवाले को प्रभु आशीर्वाद ही देते हैं, उस पर अप्रसन्न नहीं होते। ॥७॥

**अत: परं विद्यमानेपि दैहिके सेवासामर्थ्ये पूर्वोक्तखेदेन वा देहाध्यासेन वा कार्यान्तराभिनिवेशादिना वा दैहिकसेवायां प्रमाद्यन्तं प्रति पुनर्विचारान्तरमुपदिशन्ति । प्रौढ़ापीत्यादि ।**

**प्रौढ़ापि दुहिता यद्वत्स्नेहान्न प्रेष्यते वरे ॥ ८ ॥**
**तथा देहे न कर्तव्यं वरस्तुष्यति नान्यथा ।**

**प्रौढ़ा भर्तृसकलकार्ययोग्या तत्समर्थापि दुहिता यद्वत् यथा, स्नेहाद् इयं बाला पतिगृहे महत्कार्यं कर्तव्यं तत् कुर्वन्ती श्रान्ता क्लिष्टा च भविष्यतीति ज्ञात्वा वर भतृसमीपे न प्रेष्यते, तथा तद्वदेहे स्नेहात् सेवां विना स्थापनं न कर्तव्यम् । तत्र हेतु:। वरस्तुष्यति नान्यथेति । अन्यथा प्रेषणविरुद्धे प्रकारान्तरे वरो न तुष्यति; तथा शरीरेण सेवाया अकरणे भगवानपि न तुष्यति । एतस्य देहस्य भगवता स्वसेवार्थमेव दत्तत्वात्; 'भवाय नाशाये'ति पञ्चमस्कन्धीये वाक्ये तथैव प्रतिपादितत्वात् । अत एवं विचारेण पूर्वोक्तदोषान् न्यत्कृत्याज्ञप्तसेवैव कार्येत्यर्थ: ।**

હવે જો દેહમાં ભગવદ્-સેવા કરવાનું સામર્થ્ય હોય અને ઉપર કહેલા ખેદના કારણે અથવા તો દેહાધ્યાસ કે પછી ભગવદ્-સેવાને છોડીને બીજા લૌકિકકાર્યોમાં સંલગ્ન થઈ જવાથી જીવ ભગવદ્સેવામાં પ્રમાદ કરે તો એને આચાર્યચરણ ફરીથી બીજા વિચારોનો ઉપદેશ **પ્રૌઢાપિ** ઈત્યાદિ શબ્દોથી કરી રહ્યા છે.

**પ્રૌઢા** નો અર્થ છે-જે પતિના સમસ્ત કાર્યોને યોગ્ય હોય. અને જે પુત્રી સમર્થ હોવા છતાં પણ જેવી રીતે સ્નેહવશ થઈને એના પતિ પાસે ન મોકલવામાં આવે અર્થાત્ ''મારી પુત્રી પતિના ઘરે જઈને અધિક કામ કરી-કરી ને થાકી જશે અને દુ:ખી થઈ જશે'' એવું માનીને એના પતિ પાસે ન મોકલવામાં આવે, તેવી જ રીતે આ દેહથી અધિક સ્નેહ રાખીને ભગવત્સેવા કર્યા વગર રહી જઈએ, એવું નહીં કરવું જોઈએ.એનું કારણ આપશ્રી **વરસ્તુષ્યતિ નાન્યથા** ઈત્યાદિ શબ્દોથી કહી રહ્યા છે.**અન્યથા** અર્થાત્ જો એને એના પતિના ઘરે ન મોકલવામાં આવે તો અન્ય કોઈ પણ પ્રકારે એનો પતિ સંતુષ્ટ નહીં થશે; એ જ પ્રમાણે આ શરીરથી ભગવત્સેવા ન કરવાથી ભગવાન પણ પ્રસન્ન નહીં થાય કેમકે આ શરીરને ભગવાને પોતાની સેવા માટે આપણને આપ્યું છે. આ જ વાત શ્રીમદ્-ભાગવતના પંચમસ્કંધમાં ''સમસ્ત જીવ ઈશ્વર દ્વારા અપાયેલા આ શરીરને ધારણ કરે છે (શ્રી.ભા.૫/૧/૧૩)''આ વાક્ય દ્વારા કહેવામાં આવી છે. આથી આ બધી વાતોનો વિચાર કરીને પૂર્વમાં કહેલા આપણા દોષોને દૂર ઝાટકીને ભગવાને જે એમની સેવા કરવાની આજ્ઞા આપી છે, તે જ કરવું જોઈએ એ અર્થ છે.

अब यदि देह में भगवद्-सेवा करने की सामर्थ्य हो और तब भी उपर कहे खेद के कारण अथवा तो देहाध्यास या फिर भगवद्-सेवा को छोड़ अन्य दूसरे लौकिक कार्यों में संलग्न हो जाने के द्वारा जीव भगवत्सेवा में प्रमाद करे तो उसे आचार्यचरण पुन: दूसरे विचारों का उपदेश **प्रौढ़ापि** इत्यादि शब्दों से कर रहे हैं।

प्रौढ़ा का अर्थ है - जो पति के समस्त कार्यों के योग्य हो। और समर्थ होने पर भी जो पुत्री जैसे स्नेहवश उसके पति के पास न भेजी जाय अर्थात् ''मेरी बालिका पति के घर जा कर अधिक काम कर-कर के थक जायेगी और दु:खी हो जायेगी'', ऐसा विचार करके उसके पति के पास न भेजी जाय, वैसे ही इस देह से अधिक स्नेह रखते हुए भगवत्सेवा किए बिना रह जाएँ, ऐसा नहीं करना चाहिए । इसका कारण आपश्री **वरस्तुष्यति नान्यथा** इत्यादि शब्दों से कह रहे हैं। **अन्यथा** अर्थात् यदि उसे उसके पति के घर न भेजा जाय तो अन्य किसी प्रकार से उसका पति संतुष्ट नहीं होगा, उसी प्रकार इस शरीर से भगवत्सेवा न करने पर भगवान भी प्रसन्न नहीं होंगे। क्योंकि इस शरीर को भगवान ने अपनी सेवा के लिए ही हमें दिया है, यही बात श्रीमद्-भागवत के पंचमस्कंध में, ''समस्त जीव ईश्वर के द्वारा दिए गये इस शरीर को धारण करते हैं (श्री०भा० ५/१/१३)'' इस वाक्य द्वारा कही है। अत: इन सभी बातों का विचार करके पूर्व में कहे अपने दोषों को दूर झटक कर भगवान ने जो उनकी सेवा करने की आज्ञा दी है, वही करनी चाहिए- यह अर्थ है ॥८॥

**अथापराधेन प्रतिबन्धादिना वा देहस्य तदर्थतायां सन्देहे विचारान्तरमुपदिशन्ति । लोकवच्चदित्यादि ।**

**लोकवच्चेत्स्थितिर्मे स्यात्किं स्यादिति विचारय ॥ ९ ॥**
**अशक्ये हरिरेवास्ति मोहं मा गा: कथञ्चन ।**

**लोका यथा संसारासक्ता नानास्वभावास्तत्र तत्र तेन तेन शास्त्रादिना प्रवर्तन्ते तद्वच्चेन्मे स्थितिः स्यात्; उक्तरीत्या पश्चात्तापो न स्यात् तदा किं स्यात् ? लोकतुल्यतैव स्यात् । सा तु मे न जाता, अतो मदुपरि भगवान् दयां करोतीति विचारय । तथा चैवं विचार्य देहस्य सेवार्थत्वं निश्चिनुहि; निश्चित्य चाज्ञप्तं कुर्वित्यर्थः ।**

હવે જો કોઈ ભગવદ્-અપરાધને કારણે અથવા તો કોઈ લૌકિક-અલૌકિક પ્રતિબંધને કારણે જીવને એવો સંદેહ થાય કે તે ભગવત્સેવા નહીં કરી શકે તો આચાર્યચરણ બીજા વિચાર દ્વારા **લોકવચ્ચેત્** ઈત્યાદિ શબ્દોથી ઉપદેશ કરી રહ્યા છે.

આપશ્રી આ આજ્ઞા કરી રહ્યા છે કે એવો સંદેહ નહીં રાખો કેમકે જો પ્રભુ મને નહીં અપનાવત તો લોકો જે સંસારાસક્ત છે તેમજ વિવિધ પ્રકારના સ્વભાવવાળા છે અને ભ્રાંત -શાસ્ત્ર દ્વારા સંસારમાં જ પ્રવૃત્ત રહે છે, તેઓમાં મારી સ્થિતિ થઈ જાત; જો મને મનમાં એવો પશ્ચાતાપ ન થયો હોત તો શું થાત? હું પણ સંસારાસક્ત લોકોની જેવો જ થઈ જાત. પરંતુ એવું ન થયું કેમકે ભગવાન મારા પર દયા કરી રહ્યા છે, એમ વિચાર કરો. એથી એવો વિચાર કરીને આ દેહને ભગવત્સેવા માટે નિશ્ચિત કરી લો તેમજ નિશ્ચિત કરીને જે ભગવદ્-આજ્ઞા થઈ છે એના અનુસાર કરો, આ અર્થ છે.

अब यदि किसी भगवद्-अपराध के कारण अथवा तो किसी लौकिक-अलौकिक प्रतिबंध के कारण जीव को ऐसा संदेह हो कि वह भगवत्सेवा नहीं कर सकेगा, तो आचार्यचरण अन्य दूसरे विचार द्वारा **लोकवच्चेत्** इत्यादि शब्दों से उपदेश कर रहे हैं।

आपश्री यह आज्ञा कर रहे हैं कि, ऐसा संदेह मत रखो क्योंकि यदि प्रभु मुझे नहीं अपनाते तो, लोग जो संसारासक्त हैं एवं नाना प्रकार के स्वभाव वाले हैं और भ्रांत-शास्त्रों द्वारा संसार में ही प्रवृत्त होते हैं, उनमें मेरी स्थिति हो जाती; यदि मुझे मन में ऐसा पश्चात्ताप न होता तो क्या होता ? मैं भी संसारासक्त लोगों के जैसा ही हो जाता। परंतु ऐसा नहीं हुआ सो भगवान मुझ पर दया कर रहे हैं, यह विचार करो। अतः ऐसा विचार करके इस देह को भगवत्सेवा के लिए निश्चित् कर लो एवं निश्चित् करके जो भगवद्-आज्ञा हुई है उसके अनुसार करो, यह अर्थ है।

**एवमुद्युक्ततया सेवाकरणेपि पुनः प्रतिबन्धसम्भवश्चेत्तत्राप्युपायमाहुः । अशक्य इत्यादि । पूर्वोक्तं कर्तुमशक्यं चेद् भातं तदा हरिः स्मर्तृसर्वाघहर्त्ता भगवानवास्ति । 'सर्वधर्मान् परित्यज्ये'तिवाक्ये स्वस्य प्रपन्नसर्वपापनिवारकत्वं वदन् रक्षकोस्तीति विचारय । कथञ्चन, केनापि पूर्वमुक्तेन कृतेनानुक्तेन भाविना सम्भावितेन वा प्रकारेण मोहं वैचित्यं ममातः परं किं भविष्यतीति मौढ्यात्मकमुद्वेगं मा गाः । एवं भगवतः शरणत्वविचारेणैव सर्वोद्वेगनिवृत्त्या भगवत्कृपाया अभिव्यक्तेरित्यर्थः ।**

**एवं सर्वं विचारवाक्यमुक्त्वोपसंहरन्ति । इतीत्यादि ।**

હવે માનો આ પ્રમાણે તત્પર થઈને ભગવદ્-સેવામાં જોડાઈ જઈએ અને તો પણ જો પ્રતિબંધ આવી જાય તો એનો ઉપાય આચાર્યચરણ **અશક્ય** ઈત્યાદિ શબ્દથી બતાવી રહ્યા છે. આપશ્રી આજ્ઞા કરી રહ્યા છે કે જો ઉપર કહેલી પદ્ધતિ-અનુસાર ભગવત્સેવા કરવી અશક્ય લાગતી હોય તો જાણી લો કે સ્મરણ કરવાવાળાના બધા પાપોને દૂર કરી દેવાવાળા ભગવાન-હરિ જ છે. અને ભગવદ્-ગીતામાં "સમસ્ત ધર્મોને છોડીને માત્ર મારી શરણમાં આવ (ભ.ગી.૧૮/૬૬)" આ વાક્યાનુસાર એમને શરણાગત થયેલા જીવના તેઓ સમસ્ત પાપ નષ્ટ કરી દે છે, આ એમણે કહ્યું જ છે એથી તેઓ આપણા રક્ષક છે, આ વાતનો વિચાર કરો. **કથંચન** શબ્દથી આચાર્યચરણોનું તાત્પર્ય એ છે કે કોઈ પણ વ્યક્તિના કહ્યા અનુસાર અથવા ન કહેવા પર અર્થાત્ એની દેખાદેખી અથવા ભવિષ્યમાં થવાવાળા કોઈ પણ પ્રકારના મોહમાં નહીં ફસો અર્થાત્ "હવે મારું શું થશે ?" એવો મૂર્ખતાપૂર્ણ ઉદ્વેગ નહીં કરો. આ પ્રમાણે ભગવાનની શરણાગતિની ભાવના કરવાથી જ સમસ્ત ઉદ્વેગનું નિવારણ થઈને ભગવત્કૃપા અભિવ્યક્ત થાય છે, આ અર્થ છે.

अब मानो इस प्रकार से तत्पर होकर भगवत्सेवा में जुट जाएँ और तब भी यदि प्रतिबंध आ जाएँ, तो इसका उपाय आचार्यचरण **अशक्य** इत्यादि शब्दों से बता रहे हैं। आपश्री आज्ञा कर रहे हैं कि, यदि उपर कही पद्धति-अनुसार भगवत्सेवा करनी अशक्य लग रही हो ता जान लो कि, स्मरण करने वालों के समस्त पापों को दूर कर देनेवाले भगवान-हरि ही हैं एवं भगवद्-गीता के, "समस्त धर्मों को छोड़कर मात्र मेरी शरण में आ (भ०गी०१८/६६)" इस वाक्यानुसार शरणागत हुए जीव के वे समस्त पाप नष्ट कर देते हैं, यह उन्होंने कहा ही है अतः वे हमारे रक्षक हैं इस बात का विचार करो। **कथञ्चन** शब्द से आचार्यचरणों का तात्पर्य यह है कि, किसी भी व्यक्ति के कहे अनुसार या फिर उसकी देखादेखी या फिर भविष्य में होने वाले किसी भी प्रकार के मोह में मत फँसो अर्थात् अब मेरा क्या होगा ? ऐसा मूर्खतापूर्ण उद्वेग मत करो। इस प्रकार भगवान की शरणागति की भावना करने से ही समस्त उद्वेग का निवारण होकर भगवत्कृपा प्रकट होती है, यह अर्थ है ॥९॥

**एवं सर्वं विचारवाक्यमुक्त्वोपसंहरन्ति । इतीत्यादि ।**

**इति श्रीकृष्णदासस्य वल्लभस्य हितं वचः ॥ १० ॥**

**चित्तं प्रति यदाकर्ण्य भक्तो निश्चिन्ततां व्रजेत् ।।**

**चित्तं प्रति अन्तःकरणं लक्षीकृत्य उद्दिश्य श्रीकृष्णदास्य हित सुखसम्पादकं वल्लभस्य भगवतो भक्तानां च प्रियस्य वचः विचारोपदेशवाक्यम् ; इति एतावत् शरणोपदेशान्तमेव नाधिकं; यदाकण्य श्रुत्वा भक्तः पूर्वोक्तः कृतापराधोपि निश्चिन्ततामद्वेगनिवारणेन चिन्ताराहित्यं व्रजेत् प्राप्नुयादित्यर्थः ।**

આ રીતે આચાર્યચરણ સમસ્ત વિચાર-વાક્યોને કહીને હવે **ઈતિ** ઈત્યાદિ શબ્દોથી આ ગ્રંથનો ઉપસંહાર (સમાપ્તિ) કરી રહ્યા છે.

**ચિત્તં પ્રતિ** નો અર્થ છે-અંતઃકરણને લક્ષમાં રાખીને અથવા એના ઉદ્દેશ્યથી; **શ્રીકૃષ્ણદાસસ્ય હિત** અર્થાત્ શ્રીકૃષ્ણદાસ (શ્રીમહાપ્રભુજી) ના સુખ આપવાવાળા વચન; **વલ્લભસ્ય** અર્થાત્ ભગવાન કે ભક્તના પ્રિય આચાર્યચરણોના **વચઃ** અર્થાત્ વિચારોના ઉપદેશરૂપ વાક્યોને **ઈતિ** અર્થાત્ શરણમાર્ગની અંતર્ગત એટલા જ ઉપદેશરૂપ વાક્યો છે, વધારે નથી. એવા વાક્યોને **યદાકર્ણ્ય** અર્થાત્ જેને સાંભળીને **ભક્તઃ** અર્થાત્ પૂર્વમાં કહેલા એવા ભક્ત જેનાથી ભગવદ્-આજ્ઞાનું પાલન ન કરવાનો અપરાધ થઈ ચૂક્યો હોય તે **નિશ્ચિંતતાં** અર્થાત્ ઉદ્વેગનું નિવારણ થઈ જવાના કારણે ચિંતામુક્ત જીવનને **વ્રજેત્** અર્થાત્ પ્રાપ્ત કરી લે છે, આ અર્થ છે.

इस प्रकार आचार्यचरण समस्त विचार-वाक्यों को कह कर अब **इति** इत्यादि शब्दों से इस ग्रंथ का उपसंहार (समाप्ति) कर रहे हैं।

**चित्तं प्रति** का अर्थ है अन्तःकरण को लक्षित करके या उसके उद्देश्य से ; **श्रीकृष्णदासस्य हित** अर्थात् श्रीकृष्णदास (श्रीमहाप्रभुजी) के सुख देने वाले वचन **वल्लभस्य** अर्थात् भगवान या भक्त के प्रिय आचार्यचरणों के **वचः** अर्थात् विचारों के उपदेशरूप वाक्यों को **इति** अर्थात् शरणमार्ग के अंतर्गत इतने ही उपदेशरूप वाक्य हैं, अधिक नहीं, ऐसे वाक्यों को **यदाकर्ण्य** अर्थात् जिन्हें सुन कर **भक्तः** अर्थात् पूर्व में कहा गया ऐसा भक्त जिससे भगवद्-आज्ञा न पालन करने का अपराध हो चुका है , वह **निश्चिंतता** अर्थात् उद्वेग का निवारण हो जाने के कारण चिंतामुक्त जीवन को **व्रजेत्** अर्थात् प्राप्त कर लेता है, यह अर्थ है ।।१०।।

**अत्रैतत् सिद्धम् ।**

**(१) भगवान् समाभ्यधिकराहित्यात् स्वतन्त्रः ।**

**(२) मार्गप्रवर्तका भक्ताः स्वरूपतो दोषरहिता भगवतोक्तभक्तवश्यतायामपि भगवदधीना एव भगवदभिन्नाश्चातः स्वस्य तन्मार्गीयत्वेपि मार्गप्रवर्तकभक्तवत् स्वस्य भगवदाज्ञाभङ्गोऽनभिप्रेतकरणं च न युक्तम् ।**

**(३) स्वस्य स्वभावतो दोषसत्त्वेपि समर्पणादुत्कृष्यतीति कृपाबाहुल्येपि स्वोत्कर्षो न भावनीयः ।**

**(४) भगवतः सत्यसङ्कल्पत्वात् किं चिकीर्षतीति तदिच्छायाश्च ज्ञातुमशक्यत्वात् सर्वदा तदाज्ञैव कर्त्तव्या । तदकरणे 'आज्ञाभङ्गो नरेन्द्राणामि'तिवत् स्वामिद्रोहात्मको महान् अपराधः स्यात् ।**

**(५) किञ्च, अहं सेवक इति मदनरूपं यत् तत् स्वामी एव करिष्यतीति विचारः सेवकस्योचित इत्यतोप्याज्ञैव कार्या । नाप्याचार्यकृतिदृष्टान्तेन स्वयं प्रौढिः कर्त्तव्या । तैरपि स्वप्रौढ्या तथाकृतौ पश्चात्तापत्वस्यैवोक्तत्वात् पश्चात्तापस्यापि सेवकत्वप्रयुक्तताया एवोक्तत्वाच्च ।**

હવે આટલા વિશ્લેષણો પછી નિમ્નલિખિત વાતો સિદ્ધ થઈ કે .....

૧) ભગવાનની ન કોઈ સમાનતા કરી શકે છે અને ન તો કોઈ એમનાથી અધિક છે. એથી તેઓ કંઈ પણ કરવામાં સ્વતંત્ર છે. (ઠીક આવા પ્રકારનું વાક્ય ભગવદ્-ગીતામાં પણ આવ્યું છે, જુઓ ભ.ગી.૧૧/૪૩)

૨) આ પુષ્ટિમાર્ગના પ્રવર્તક વ્રજભક્ત સ્વરૂપતઃ દોષરહિત છે.ભગવાને ભલે એમ કહ્યું હોય કે ''હું મારા ભક્તોના વશમાં છું'' તો પણ ભક્ત તો ભગવાનને આધીન જ છે અને એમનાથી અલગ પણ નથી એથી આપણે ભલે વ્રજભક્તોના માર્ગના કે પુષ્ટિમાર્ગના અનુયાયી હોઈએ તો પણ એ વ્રજભક્તોની દેખાદેખી કરીને આપણે પણ ભગવદ્-આજ્ઞા ભંગ કરી દઈએ અથવા એવું કાંઈ કરીએ જે ભગવાનને પ્રિય ન હોય તો એ વાત યુક્ત નથી.

૩) ધારો કે આપણે દોષયુક્ત પણ કેમ ન હોઈએ પરંતુ ભગવાનને સર્વસમર્પણ કરી દેવાથી ઉત્કૃષ્ટ બની જઈએ છીએ. ભગવનની એવી અસીમ કૃપા હોવા છતાં પણ આપણે પોતાનો ઉત્કર્ષ નહીં માનવો જોઈએ પરંતુ ભગવાનનો જ ઉત્કર્ષ માનવો જોઈએ.

૪) ભગવાન તો સત્યસંકલ્પી છે એથી એમણે આપણા વિષયમાં શું વિચાર્યું છે અને એમની ઈચ્છા શું છે એ જાણવું અશક્ય છે.એથી ઉચિત એ જ છે કે સર્વદા એમની આજ્ઞાનુસાર જ કાર્ય કરવા જોઈએ. જો એવું નહીં કરીએ તો ''રાજાની આજ્ઞા-ભંગ કરવી તે મોટો અપરાધ છે'' આ લૌકિક ઉક્તિ અનુસાર આપણા સ્વામીનો દ્રોહ કરવા જેવો મહાન અપરાધ કર્યો એવું થઈ જશે.

**૫) આ પણ વિચાર કરવો જોઈએ કે હું તો સેવક છું અને જેમાં પણ મારું હિત છે એ મારા સ્વામી કરશે જ. એક સેવક માટે તો આ જ ઉચિત છે. એથી એમની આજ્ઞાનુસાર જ કરવું જોઈએ. આચાર્યચરણોએ જે ભગવદ્-આજ્ઞા નહીં માની, તો એવી રીતે ભાવાવેશમાં આવીને એમની દેખાદેખી આપણે નહીં કરવી જોઈએ. આચાર્યચરણોએ પણ ભાવાવેશમાં આવીને જે કર્યું, એનો એમણે પણ પશ્ચાતાપ જ કર્યો કેમકે પશ્ચાતાપ પણ એમને સેવક હોવાના નાતે જ થયો.**

अब इतने विश्लेषणों के पश्चात् निम्नानुसार सिद्ध हुआ कि .....

(१) भगवान की न कोई समानता कर सकता है और न ही कोई उनसे अधिक है अत: वह कुछ भी करने में स्वतंत्र हैं। (ठीक इसी प्रकार का वाक्य भगवद्-गीता में भी आया है, देखें भ०गी० ११/४३)।

(२) इस पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक ब्रजभक्त स्वरूपत: दोषरहित हैं। भगवान ने भले ही यह कहा हो कि "मैं अपने भक्तों के वश में हूँ" तथापि वे तो भगवान के अधीन ही हैं और उनसे अलग भी नहीं हैं। अत: हम भले ही ब्रजभक्तों के मार्ग अर्थात् पुष्टिमार्ग के अनुयायी हों, तथापि उन ब्रजभक्तों की देखादेखी हम भी भगवद्-आज्ञा भंग कर दें या फिर कुछ ऐसा करें जो भगवान को अभिप्रेत न हो, तो यह बात युक्त नहीं है ।

(३) चाहे हम दोषयुक्त भी क्यों न हों परंतु भगवान को सर्वसमर्पण कर देने से उत्कृष्ट बन जाते हैं। भगवान की ऐसी महती कृपा होने पर भी हमें खुद का उत्कर्ष नहीं मानना चाहिए अपितु भगवान का ही उत्कर्ष मानना चाहिए।

(४) भगवान तो सत्यसंकल्पी हैं अत: उन्होंने हमारे विषय में क्या चुना है और उनकी इच्छा क्या है, यह जानना अशक्य है अत: उचित यही है कि सर्वदा उनकी आज्ञानुसार ही कार्य करना चाहिए। यदि ऐसा नहीं करेंगे तो "राजा की आज्ञा भंग करनी अपराध है।"
इस उक्ति-अनुसार अपने स्वामी से द्रोह करने जैसा महान अपराध करना हो जायेगा।

(५) यह भी विचार करना चाहिए कि-मैं तो सेवक हूँ और जिसमें भी मेरा भला है, वह मेरे स्वामी करेंगे ही। एक सेवक के लिए तो यही उचित है अत: उनकी आज्ञानुसार ही करना चाहिए। आचार्यचरणों ने जो भगवद्-आज्ञा नहीं मानी, वैसे उनकी देखादेखी हमें भावावेश में आकर ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए। आचार्यचरणों ने भी भावावेश में आकर जो किया, उसका उन्होंने भी पश्चात्ताप ही किया क्योंकि पश्चात्ताप भी उन्हें सेवक होने के नाते ही हुआ।

**(६) किञ्च; भगवान् न लौकिकप्रभुवद् अपराधेन कुपित: परित्यजति । भगवद्धर्मरूपस्याङ्गीकारस्यापि नित्यत्वात् । स्वस्य चाङ्गीकृतौ समर्पणादिनानुमितायां भगवदुक्ततद्धर्माचरणे उपक्रमदशायामपि फलत: साधनतश्च वैगुण्याभावस्योद्धवं प्रति स्वयमेवोक्तत्वात् कृतार्थतैव भवत्रीति भावनीयम् । न तु सन्देग्धव्यम्, 'अज्ञश्चाश्रद्दधानश्चे'ति वाक्येन भगवता दोषस्यैवोक्तत्वात्।**

**(७) किञ्च; देहोपि प्रौढदुहित्रप्रेषणन्यायेन देहार्थं स्वार्थं न संरक्ष्य: । किन्तु, येन केनचिदुपायेन भगवति एव विनियोक्तव्य: ।भगवतास्य देहस्य स्वसेवार्थमेव दत्तत्वात् । तदकरणे लोकतौल्यमेव स्यात् । यदि पुनस्तस्य तत्र विनियोजने प्रतिबन्धसम्भवस्तदा भगवानेव शरणत्वेन भावनीय: । एतदतिरिक्तस्योपायान्तरस्याभावात् । प्रतिबन्धो हि भगवन्मायया, तस्यास्तत्राधिकृतत्वात् । तत्तरणोपायश्च प्रपत्तिरेव नान्य इति भगवतैव गीतायामाज्ञापनादिति ।**

**इति श्रीमद्वल्लभाचार्यचरणैकतानपीताम्बरात्मजपुरुषोत्तमकृतौ**
**अन्त:करणप्रबोधविवरणं सम्पूर्णम् ।**

૬) એમ પણ જાણો કે ભગવાન કોઈ લૌકિક-સ્વામીની જેમ નથી કે જો સેવક અપરાધ કરે અને ક્રોધિત થઈને તેઓ એનો ત્યાગ કરી દે કેમકે અંગીકાર કરવો ભગવદ્-ધર્મ છે, અને તે નિત્ય છે. અને આપણો અંગીકાર થવાથી આપણું બધું કાંઈ ભગવાનને સમર્પણ કરવાથી તેમજ ભગવાન દ્વારા કહેવાયેલા ધર્મોનું આચરણ કરવાથી ભક્તિની આરંભદશામાં પણ ફલરૂપથી અથવા સાધનરૂપથી જીવનું અહિત નહીં થશે. આ વાત સ્વયં ભગવાને ઉદ્ધવજીને કહી છે એટલે આપણી કૃતાર્થતા તો થવાની જ છે, આ પ્રકારની ભાવના કરવી જોઈએ. એમા સંદેહ નહીં કરવો જોઈએ, કેમકે "મૂર્ખ, અશ્રદ્ધાવાન તેમજ સંશય કરવાવાળાઓનો વિનાશ થઈ જાય છે (ભ.ગી.૪/૪૦)" આ વાક્યમાં ભગવાને સંદેહ કરવાનું દોષરૂપ જ બતાવ્યું છે.

૭) આચાર્યચરણો દ્વારા અપાયેલા પ્રૌઢા-પુત્રીનાં ઉદાહરણને ધ્યાનમાં રાખીને આ દેહની પણ આપણા પોતાના સ્વાર્થ માટે રક્ષા નહીં કરવી જોઈએ પરંતુ કોઈ પણ ઉપાય દ્વારા ભગવદ્-સેવામાં જ એનો ઉપયોગ કરવો જોઈએ-કેમકે ભગવાને આપણને આ શરીર એમની સેવા માટે જ આપ્યું છે. જો એવું નહીં કરીએ તો આપણું જીવન સર્વથા લૌકિક જ બની જશે. જો આપણે આપણા શરીરનો વિનિયોગ ભગવાનની સેવામાં કરીએ અને ત્યારે પણ જો કોઈ પ્રતિબંધ આવી જાય તો પણ ભગવાનની જ શરણાગતિની ભાવના કરવી જોઈએ કેમકે એના સિવાય બીજો કોઈ ઉપાય છે જ નહીં. પ્રતિબંધ તો ભગવાનની માયા ને કારણે ઉત્પન્ન થાય છે અને માયા ભગવાનને આધીન છે. ભગવાનની માયાને તરવાનો ઉપાય કેવળ એમની શરણાગતિ કરવી એજ છે, અન્ય કોઈ ઉપાય નથી. આ સ્વયં ભગવાને જ ગીતામાં આજ્ઞા કરી છે. (જુઓ ભ.ગી.૭/૧૪).

આ શ્રીમદ્વલ્લભાચાર્યચરણોમાં એકનિષ્ઠ પીતામ્બરાત્મજ શ્રીપુરૂષોત્તમ દ્વારા કરવામાં આવેલું અંતઃકરણપ્રબોધગ્રંથનું વિવરણ સમાપ્ત થયું.

(६) यह भी जानिए कि, भगवान कोई लौकिक-स्वामी की तरह नहीं हैं जो सेवक अपराध करे और क्रोधित होकर वे उसका त्याग कर दें क्योंकि अंगीकार करना भगवद्-धर्म है और वह नित्य है। और हमारा अंगीकार होने पर और अपना सब कुछ भगवान को समर्पण करने एवं भगवान द्वारा कहे धर्मों का आचारण करने पर भक्ति की आरंभदशा में भी फलरूपसे एवं साधनरूपसे भगवान फलदान करेंगे उनमें विगुणता नहीं है और जीव का अहित नहीं होगा - यह बात स्वयं भगवान ने उद्धवजी के प्रति कही है अत: हमारी कृतार्थता तो होनी ही है - इस प्रकार की भावना करनी चाहिए। इसमें संदेह नहीं करना चाहिए क्योंकि, "मूर्ख, अश्रद्धावान एवं संशय करने वाले का विनाश हो जाता है (भ०गी०४/४०)" इस वाक्य में भगवान ने संदेह करना दोषरूप ही बताया है।

(७) आचार्यचरणों द्वारा दिए गये प्रौढ़ा-पुत्री के उदाहरण को ध्यान में रखते हुए इस देह की भी अपने स्वार्थ के लिए रक्षा नहीं करनी चाहिए अपितु जिस-किसी भी उपाय के द्वारा भगवद्-सेवा में ही इसका उपयोग करना चाहिए क्योंकि भगवान ने हमें यह शरीर अपनी सेवा के लिए ही दिया है। यदि ऐसा नहीं करेंगे तो हमारा जीवन सर्वथा लौकिक ही हो जायेगा। यदि हम अपने शरीर का विनियोग भगवान में करें और तब भी यदि कोई प्रतिबंध आ जाय तो तब भी भगवान की ही शरणागति की भावना करनी चाहिए क्योंकि इसके अतिरिक्त कोई दूसरा उपाय है ही नहीं। प्रतिबंध तो भगवान की माया के कारण उत्पन्न होता है और माया भगवान के अधीन है। भगवान की माया से तरने का उपाय केवल उनकी शरणागति करनी ही है अन्य कोई उपाय नहीं है, यह स्वयं भगवान ने ही गीता में आज्ञा की है। (देखें भ० गी० ७/१४)

यह श्रीमद्वल्लभाचार्यचरणों में एकनिष्ठ पीताम्बरात्मज - श्रीपुरुषोत्तम द्वारा किया गया अन्त:करणप्रबोध-ग्रंथ का विवरण समाप्त हुआ।